रांची
बुधवार
12.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 03
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-247 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
मनुष्य को हमेशा मौका नहीं ढूंढना चाहिए, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।




PR No. 279575 (IPRD) 2022-23
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज गैलरी

### मंदिर में मानव- सेवा कार्य के अंतर्गत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



रांची। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग द्वारा रांची गौशाला न्यास प्रांगण सुकुरहुटू स्थित पिपलेश्वर मंदिर में मानव- सेवा कार्य के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राउंड टेबल 284 रांची के मानव सेवा के लिए उत्कृष्ट सेवा कार्यों में सर्वश्रेष्ठ पुनीत कार्य के अन्तर्गत 90 प्रतिशत दिव्यांग दो पुरुष एवं एक महिला को उनके दैनिक जीवन में सुचारुता के लिए व्हीलचेयर्स प्रदान किये गये। इस अवसर पर श्री रामचरितमानस के सुंदर कांड का पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ तथा भजन- कीर्तन किया गया। व्हीलचेयर्स वितरण समारोह के लिये राउंड टेबल 284 रांची के श्री अमन प्रीत जी (पी पी कम्पाउंड,रांची) ने अथक प्रयास से संभव हुआ जिसके लिए विश्व हिंदू परिषद झारखंड, सेवा विभाग ने उनका हृदय से आभार प्रकट करते हुए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

### बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने की छापेमारी, 85 हजार रुपये का लगा जुर्माना

**रातू।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने मंगलवार को इलाके के काठीटांड़ में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। कनीय विद्युत अभियंता विवेक कुमार के नेतृत्व में की गयी छापेमारी में पांच लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर 85 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरोपियों में जैनुल अंसारी, शाहबाज अंसारी, प्रकाश साहू, अशोक साहू एवं अली मोहम्मद शामिल हैं। सभी लोग काठीटांड के रहनेवाले हैं। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता विवेक कुमार ने रातू थाने में सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। छापेमारी दल में सहायक अभियंता प्रशांत सिंह, कनीय अभियंता विवेक साहू, राजेंद्र चौधरी, प्रवीण द्विवेदी व पुलिस के जवान शामिल थे।

### काली पूजा के आयोजन को लेकर हुई बैठक

मुरी। रविवार की शाम रिटायरमेंट कॉलोनी स्थित काली मंदिर प्रांगण में काली पूजा की आयोजन को लेकर रतन लाल गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में इस बार काली पूजा के बाद 2 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान युवा काफी उत्साहित नजर आए एवं एक नाटक मंथन करने का निर्णय लिया गया। वही इस पूजन उत्सव को सफल बनाने हेतु सर्व समिति से एक कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश दास, उपाध्यक्ष आकाश कुमार, सचिव सुब्रत सेन, सह सचिव प्रशांत राय एवं रतन लाल गुप्ता ,कोषाध्यक्ष आदित्य राज, सह कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश, कार्यकारी सचिव अमृतलाल साहू, प्रेम नाथ प्रजापति, निखिल सिंह इसके अलावे विकास कुमार, अनीश दास ,चंदन कुमार, देव कुमार, श्वेता प्रिया, मास्टर पू पू ,अंकित प्रिया, रंजन दास, विप्लव दास, प्रमोद स्वर्णकार एवं जितेंद्र शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षा कर रहे रतन लाल गुप्ता ने मौके पर सबकी हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इस बार कोविड-19 के बाद के काली पूजा एवं दीपावली को यादगार बनाना है इसलिए अभी से उसकी तैयारी में सभी जुट जाएं।

### बेड़ो के मुरतो से 9 खंभों से बिजली की तार चोरी

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के मुरतो गांव स्थित खिजुर रस्ता चंवरा के समीप कृषि कार्य के लिए लगाए गए 9 खंभों से तार की चोरी शनिवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के द्वारा सिंचाई के लिए तार लगाया गया था। जिससे कई एकड़ भूमि की सिंचाई की जाती थी। इधर तार की चोरी से किसान चिंतित हैं। किसानों के सिंचाई के लिए विद्युत विभाग द्वारा गांव में सिंचाई के लिए ट्रांसफार्मर पोल व तार लगाया गया था। तार के चोरी होने से दर्जनों किसान सिंचाई से वंचित हो जायंगे। ज्ञात हो कि बेड़ो इटकी प्रखंड में तार चोर सक्रिय हो गए है। इससे पूर्व भी कई गांवो में तार की चोरी कर ली गई थी। वहीं समाज सेवी राजेश कुमार ने कहा है कि किसानों के सिंचाई के लिए गांव में बिजली का नया पोल व तार लगाया गया था।

### आज से होगा 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ

# रांची जिला के 16 प्रखंडों के प्रखंड व पंचायत मुख्यालय में लगेगा शिविर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ कल यानी 12 अक्टूबर से होगा। कार्यक्रम के शुरूआत के पहले दिन रांची जिला के 16 प्रखंडों के प्रखंड एवं पंचायत मुख्यालय में किया जायेगा। रांची नगर निगम क्षेत्र के दो वार्ड में भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। राज्य भर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया जायेगा। पहला चरण 12-22 अक्टूबर 2022 और दूसरा चरण 01-14 नवम्बर 2022 तक संचालित किया जायेगा।

**पंचायत स्तर पर शिविर का होगा आयोजन :** इस कार्यक्रम अन्तर्गत पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कर राज्य सरकार के लोक-कल्याणकारी योजनाओं का आम जनों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कर शिविर में ही योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजनों को दिया जाएगा ताकि कोई भी अहर्त्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

**निम्नांकित गतिविधियों का होगा संपादन :** इस आयोजन के जरिए आम नागरिकों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 लाख नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के लिए आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांचोपरान्त दिया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक भू-राजस्व के अद्यतन रसीद निर्गत तथा अन्य भू-राजस्व से संबंधित मामलों का निबटारा, असंगठित मजदूरों का ई -श्रम तथा प्रवासी मजदूरों/परिवारों का श्रमाधान पोर्टल पर निबंधन, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक, धान अधिप्राप्ति हेतु किसानों का निबंधन, हड़िया/शराब के व्यापार में संलग्न महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध, सेवा के अधिकार के तहत प्रमाण पत्रों के आवेदनों का निष्पादन, बिजली तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। **प्रथम चरण में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दिनांक 12 अक्टूबर को निम्न स्थानों पर लगेगा कैंप**

1. अनगडा पंचायत भवन, अनगडा, 2. करकरी पंचायत भवन, बेड़ो, 3. छापर पंचायत भवन, बुढ़मू, 4. बेयासी पंचायत भवन, चान्हो, 5. गढ़गाव पंचायत भवन, ईटकी, 6. उरगुटू पंचायत भवन, कांके, 7. लपरा पंचायत भवन, खलारी, 8. डाडी पंचायत भवन, लापुंग, 9. चेटे पंचायत भवन, नगड़ी, 10. सिलवे पंचायत भवन, नामकुम, 11. गागरई पंचायत भवन, ओरमांझी, 12. अंबाझरिया पंचायत भवन, राहे, 13. तारूप पंचायत भवन, रातू, 14. मुरी पूर्वी, पंचायत भवन, सिल्ली, 15. बाराहातू पंचायत भवन, सोनाहातू, 16. आमलेसा पंचायत भवन, तमाड़, रांची नगर निगम के वार्ड नंबर 01 और 02 में भी आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## झारखंड सरकार ओबीसी विरोधी बनने से अपने आप को रोके : राजेश गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्थानीय निकायों मे ओबीसी प्रतिनिधित्व के लिये माननीय कोर्ट ने, ओबीसी की स्थानिय जनसंख्या व ऊसके बुनियाद पर, प्रतिनिधित्व की अनुसंशा की रिपोर्ट पेश करने को राज्य सरकारोंको कहा है। कुछ राज्योंने ओबीसी आरक्षण के अधिकार के सम्मान में शीघ्रता से रिपोर्ट पेश की और अपने राज्योंके स्थानिय निकायों मे ओबीसी आरक्षण को बचाने की कोशीश की। नगर निकाय का चुनाव बगैर ओबीसी आरक्षण के कैबिनेट में पास किए जाने पर उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण यह संवैधानिक अनुच्छेद 243 टी व डी के अधिकार के तहत है। याने ओबीसी के संवैधानिक अधिकार को बचाने के लिये झारखंड सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है, अन्य राज्यों ने ओबीसी जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखुबी निभाया है। परंतु न्यायालय के रोक के बाद, प्रदेश सरकारने कोई ओबीसी आरक्षण को बचाने के लिये अभी तक कोई हलचल नही की है। इससे झारखंड प्रदेश की सरकार ओबीसी विरोधी भूमिका में दिखाई दे रही है। श्री गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा को तथा झारखंड की ओबीसी जनता को यह बरदास्त नही है। आनेवाले दिनों मे राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश की ओबीसी जनता को संगठित कर सरकार के इस रवैय्ये के खिलाफ मुहिम छेडने जा रही है।

## 80 सदस्यों के टीम के द्वारा क्षेत्रों में हाथी भगाओ अभियान शुरू किया गया



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड में हाथियों का दिन प्रतिदिन उत्पात मचाते को देखते हुए वन विभाग ने सिल्ली में हाथियों को भगाने का कम शुरू कर दिया है इस काम मे मंगलवार को चार स्थानीय टीम एवं एक बांकुड़ा की टीम शामिल है टोटल 80 सदस्यों का टीम बनाया गया है। वही वन विभाग के रेंजर राजेश कुमार के नेतृत्व में हाथी भगाने का काम शुरू किया गया साथी साथ कार्यशाला सह प्रशिक्षण सेमिनार का भी आयोजन किया गया। जहां टीम लीडर रामरतन , बनमाली, कंचन, रमेश एवं बांकुड़ा से आये भरत की टीम ने हाथी भागने के अभियान में योगदान किया। सिल्ली प्रखण्ड के कुल बीस गाव हाथियों के आतंक से प्रभावीत है। इसमे 13 गावं ज्यादा संवेदनशील है। जिसमें किता, पटका, दोमंदिह, सितकादिह, चतंबाड़ी, सिल्ली डीह, इतिहासा, सर्जमडीह करमा, हरवाडीह, हेसडीहह, नावाडीह, महुआडीह, कुलसूद, गोढा मुरहू, तुनकू, आडाल, नावाडीह, कादियाडीह, घाघरा, दोबाडू, बसंत पुर, बदालु, बनसिया आदि गांव शामिल है।

## कृषक मित्रों ने प्रोत्साहन राशि की मंग को लेकर विकास पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के कृषक मित्रों ने अपनी मांग प्रोत्साहन राशि को मानदेय राशि करने को लेकर बुढ़मू प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक मांग पत्र ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र सौंपने के बाद कृषक मित्र के लोगों ने बातचीत करते हुए बताया कि झारखंड सरकार द्वारा कृषक मित्रों को उचित मानदेय देने की बात करके मुकर जा रहे रही है, बीते कैबिनेट में कृषक मित्रों को मानदेय को लाने की बात हुई थी, लेकिन नहीं लाया गया।,और कृषक मित्रों को बार-बार ठगने का काम झारखंड सरकार कर रही है ,कृषक मित्रों का कहना है कि अपने वादे से झारखंड सरकार मुकर जा रहे हैं, और सौतेला व्यवहार उनके द्वारा किया जा रहा है , इसलिए प्रदेश कृषक मित्र महासंघ के आदेशानुसार प्रखंड के सभी कृषक मित्रों ने अपनी मांगों को लेकर बुढ़मू बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रखंड अध्यक्ष हीरालाल महतो, अजीजुल अंसारी, तारकेश्वर भारती, सुरेश कुमार मुंडा, प्रकाश महतो, अजय लोहरा, राम प्रसाद महतो बुधन गंझू, मटन महतो मनोज यादव, बलराम यादव सहित दर्जनों कृषक मित्र उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों से मिलकर पेरिस ओलंपिक के लिए की हौसला अफजाई

## झारखंड में तीरंदाजी की असीम संभावनाएं : डॉ. लंबोदर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार एवं सीसीएल के सयुंक्त तत्वावधान में संचालित तीरंदाजी एकेडमी एवं झारखंड खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित एकलव्य तीरंदाजी केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सेलेंस) खेलगांव, रांची के राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी खिलाड़ियों से गोमिया विधायक सह बोकारो जिला तीरंदाजी संघ के मुख्य संरक्षक डॉ लंबोदर महतो मिले। डॉ महतो ने आगामी 2024 में होनेवाले पेरिस ओलंपिक में भागीदारी व बेहतर प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि तीरंदाजी में झारखंड के खिलाड़ियों का लगातार बेहतर प्रदर्शन यह साबित करता है कि झारखंड में तीरंदाजी की असीम संभावनाएं छिपी हुई है। शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अब लगातार तीरंदाजी में राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब वो दिन दूर नहीं, जब जल्द ही ओलंपिक खेलों में भी पुनः तीरंदाजी का जलवा बरकरार रहेगा। इस मौके पर जेएसएसपीएस के स्पोर्ट्स इंचार्ज मुकुल टोप्पो, एकलव्य तीरंदाजी केंद्र झारखंड खेल प्राधिकरण रांची के प्रशिक्षक करण कुमार कर्मकार, कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सीईओ गोपाल ठाकुर समेत अन्य तीरंदाज मौजूद थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ आज से

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ 12 अक्टूबर बुधवार से होगा। प्रखंड के सभी पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया जायेगा। पहला चरण 12-22 अक्टूबर और दूसरा चरण 01-14 नवंबर 2022 तक किया जाएगा। बीडीओ पावन अशीष लकड़ा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन के तहत आम लोगों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांच के बाद दिया जायेगा। इसके अलावे मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मनरेगा,15 वें वित्त आयोग के योजनाओं को स्वीकृत करते हुए उन्हें प्रारंभ करना। धोती, साड़ी, लुंगी और कंबल का वितरण करना। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक भू-राजस्व की अद्यतन रसीद निर्गत तथा अन्य भू-राजस्व से संबंधित मामलों का निबटारा, असंगठित मजदूरों का ई -श्रम तथा प्रवासी मजदूरों/परिवारों का श्रमाधान पोर्टल पर निबंधन, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक, धान अधिप्राप्ति हेतु किसानों का निबंधन, हड़िया/शराब के व्यापार में संलग्न महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध, सेवा के अधिकार के तहत प्रमाण पत्रों के आवेदनों का निष्पादन, बिजली तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। प्रथम चरण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 12 अक्टूबर से लगेंगे कैंप । जिसमें मुरी पुर्वी पंचायत सचिवालय में 12 अक्टूबर बुधवार को, 13 अक्टूबर को सिल्ली पंचायत सचिवालय, 14 अक्टूबर बांसारुली पंचायत सचिवालय,15 अक्टूबर लुपुंग पंचायत सचिवालय,17 अक्टूबर बिसरिया पंचायत सचिवालय, 18 अक्टूबर मुरी पश्चिमी,19 अक्टूबर बंता उत्तरी, 20 अक्टूबर पतराहातु, 21अक्टूबर लोवादाग एवं 22 अक्टूबर को हाकेदाग पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा ।

## भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान का नाम बदला




**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** भारतीय प्राकृतिक राल एंव गोंद संस्थान नामकुम का नाम बदल कर राष्ट्रीय द्वितीय कृषि संस्थान रखा गया। इस संस्थान में लाख के अलावा सभी प्राकृतिक राल एवं गोंद शामिल करने के लिए विस्तार किया गया था। इससे पूर्व में 20 सितंबर 2007 को भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान (भा.प्रा.रा.गो.स.) में बदल दिया गया था। इस उप-क्षेत्र ने भारत को लाख, ग्वार गम और कराया गम में नेतृत्व बनाए रखने के अलावा कुछ और राल एवं गोंद में अग्रणी के रूप में उभरने में सक्षम बनाया। इस संस्थान के निदेशक डॉ केवल कृष्ण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय लाख अनुसंधान संस्थान उत्पादन, प्रसंस्करण, उत्पाद विकास, प्रौद्योगिकी प्रसार सूचना भंडार और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जैसे लाख के सभी पहलुओं को अनुसंधान और विकास सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नोडल संस्थान रहा है। इसने उत्पादन स्थापित प्रसंस्करण क्षमता और निर्यात में भारत के नेतृत्व को बनाए रखने के अलावा लाख के सर्वांगीण विकास में अत्यधिक योगदान दिया है। संस्थान भारतीय लाख अनुसंधान संघ (20.09.1924 से 31.7.1931) भारतीय लाख उपकर समिति (1.8.1931 से 31.3.1966) और 1.4.1966 से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रशासनिक नियंत्रण में था। निदेशक ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए उपज का मूल्यवर्धन और फसल अवशेषों का उपयोग उच्च प्राथमिकता प्राप्त कर रहा है। द्वितीयक कृषि प्राथमिक कृषि के लिए उच्च मूल्यवर्धन है। यह कृषि उत्पाद के सभी भागों का उपयोग करने में मदद करता है, शेल्फ-लाइफ को बढ़ाने के लिए प्रसंस्करण, कुल कारक उत्पादकता में वृद्धि और किसानों के लिए अतिरिक्त रोजगार और आय पैदा करता है। कुछ वैकल्पिक कृषि गतिविधियों जैसे लाख की खेती मधुमक्खी पालन, मशरूम की खेती, कृषि पर्यटन, आदि भी द्वितीयक कृषि के दायरे में आती हैं। कृषि फसलों के उपोत्पाद, यदि औद्योगिक उत्पादों को प्राप्त करने के लिए उचित रूप से संसाधित किए जाते हैं, तो कृषि से बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। प्रौद्योगिकियों, उपकरणों और प्रक्रियाओं में प्रगति बेहतर गुणवत्ता, उपज, पोषण और सुविधा की सामग्री की रेंज प्रदान करने वाली माध्यमिक कृषि प्रथाओं को बढ़ाने में सक्षम होगी। इसलिए, द्वितीयक कृषि और जैव प्रसंस्करण की क्षमता अर्थव्यवस्था, सामाजिक स्थिति और पर्यावरण संरक्षण को एक मजबूत बढ़ावा दे सकती है।

### दीपावली व छठ पूजा को लेकर रातू थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**रातू।** दीपावली व छठ पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने व क्राईम कंट्रोल को लेकर मंगलवार को रातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड प्रमुख संगीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शांति समिति के सदस्यों के अलावा पंचायतो के जनप्रतिनिधि व समाज के प्रबुद्ध लोग शामिल हुये। बैठक में आस्था का महापर्व छठ एवं दीपावली का त्योहार को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया । पर्व के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे इसके लिए रातू थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष गश्ती दल का गठन किया गया है। डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा की पूजा में अशांति फैलाने वाले असमाजिक तत्वों व जुआरियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। किसी भी तरह के अशांति फैलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। त्योहार में अशांति फैलाने वालों असामाजिक तत्वों की जानकारी मिलते ही थाने को तत्काल सूचित करें ताकि उस पर ससमय कार्रवाई की जा सके।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय में हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** आप की योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रमुख अनुपमा देवी की अध्यक्षता मे बैठक हुई। बैठक में आप की योजना, आपकी सरकार , आपके द्वार कार्यक्रम का रूपरेखा बतलाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी ने बताया कि सरकार के द्वारा गांव में जाकर योजना तैयार करना और लाभूक को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने से संबंधित निर्णय है जिसे धरातल पर उतारने के लिए आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर करना है। आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रखंड और अंचल के सभी विभागो का स्टॉल लगा रहेगा। जिसमें लाभुक अपना आवेदन देगा जिसका तुरंत ऑनलाइन एंट्री किया जाएगा। जिससे लाभुक का समस्या का समाधान तत्काल हो सकेगा। कार्यक्रम मे मनरेगा योजना से संबंधित आवेदन लिया जाएगा। जिसमे योजना की स्वीकृति और जॉब कार्ड बनाना मुख्य है। जिसको ऑन द स्पॉट बनाया और स्वीकृत किया जाएगा। कृषि विभाग का स्टाल में किसान क्रेडिट कार्ड सहित जो भी आवेदन आएगा उसका निष्पादन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग का स्टॅाल लगा रहेगा जिसमें कोविड-19 का वैक्सीन किया जाएगा। इसके अलावे जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र का तुरंत निर्गत किया। इसी प्रकार 15वें वित्त आयोग के द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों का मूल्यांकन एवं नई योजना की स्वीकृति दिया जाएगा। इसके साथ ही साथ खाद्य आपूर्ति विभाग का जो भी समस्या होगा उसका निष्पादन ऑन द स्पॉट किया जाएगा। जिसके तहत राशन कार्ड में नाम जोड़ना, हटाना और नए राशन कार्ड बनाने आवेदन लिया जाएगा। सोना सोबरण धोती साड़ी योजना के तहत लाभुकों को धोती साड़ी भी दिया जाएगा। सरकार के द्वारा प्रत्येक पंचायत में दो- दो सौ गरीब असहाय वृद्ध और दिव्यांग जनों को कंबल दिया जाएगा। बैठक में अंचल अधिकारी विजय केरकेट्टा ने बतलाया कि अंचल का स्टल में भूमि सुधार संबंधी आवेदन लिया जाएगा और उसका तुरंत निष्पादन किया जाएगा । जिसमें लाभुक का जमीन का खाता, प्लॉट, रकबा का सुधार तुरंत किया जाएगा । बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख अनुपमा देवी, बीडीओ विजय कुमार सोनी, सीओ विजय केरकेट्टा, पंचायत समिति सदस्य शशि मिश्रा, अनिल महतो, मुखिया दीपक बडाईक, पार्वती देवी, रीना देवी, धनराज बेदिया, सहित सभी विभागों के पदाधिकारी , अधिकारी, कर्मचारी, और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आम रास्ता बंद करने से नाराज ग्रामीणों ने सीओ को ज्ञापन सौंपकर रास्ता खुलवाने की मांग की

**ओरमांझी ।** प्रखंड के पालू ग्राम के ग्रामीणों ने मंगलवार को गांव के ही रोहित साहू के द्वारा आम ग्रामीण रास्ता को जबरन बंद करने से नाराज पालू के ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी विजय केरकेट्टा को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि गांव के ही रोहित साहू के द्वारा पालू गांव से राष्ट्रीय राजमार्ग 33 को जोडने वाला आम ग्रामीण रास्ता को बंद कर दिया है। यह रास्ता ग्रामीणों का गांव से राष्ट्रीय राजमार्ग 33 को जोड़ने वाले ग्रामीण रास्ता है जिसे रोहित साहु जबरन बंद कर दिया गया है । जिससे ग्रामीणों का आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।


पत्रांक......444.../जि0प0 दि0 10.10.22

**कार्यालय, जिला परिषद, कोडरमा**

**Very Very Short – Request For Proposal (RFP)**

1 विज्ञापनदाता का पदनाम– उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कायपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा
2 RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय – 18–10–2022 अपराहन 5 बजे तक
3 RFP जमा करने का स्थान एवं समय – जिला परिषद, कार्यालय, कोडरमा
4 RFP खोलेने का स्थान, तिथि एवं समय – जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सभागार
19-10-2022 at 11.00 AM

जिला परिषद कार्यालय कोडरमा के द्वारा जिला परिषद के द्वारा निर्मित पार्क के संचालन / रखरखाव हेतु निविदा की मांग की जाती है:–

| क्रम | पार्क का नाम | सुरक्षित जमा राशि (वार्षिक) |
| --- | --- | --- |
| 1 | जिला परिषद के द्वारा कोडरमा के लख्खीबागी में बनाये गये पार्क की बन्दोबस्ती | 200000 |

इच्छूक फर्मं / संस्थान उपरोक्त पार्क के बन्दोबस्ती हेतु अपना निविदा समर्पित कर सकती है। विस्तृत विवरणी koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, कोडरमा

PR279590 (Rural Development)22-23*D

रांची

बुधवार

12.10.2022

कार्तिक कृष्ण पक्ष 03

विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**

मनुष्य को हमेशा मौका नहीं ढूंढना चाहिए, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।

www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-23 अंक-247 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## न्यूज गैलरी

### सीएम हेमंत ने सैफई पहुंच कर स्व. मुलायम सिंह यादव के किये अंतिम दर्शन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सैफई पहुंचकर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव के अंतिम दर्शन किये। इस दौरान उन्होंने दिवंगत मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का सोमवार की सुबह निधन हो गया था। उन्होंने मेदांता अस्पताल अंतिम सांस ली। वह 82 साल के थे।

### बिना ओबीसी को आरक्षण दिये निकाय चुनाव का भाजपा ने किया विरोध

**रांची।** भाजपा ने राज्य सरकार द्वारा बिना ओबीसी को आरक्षण दिये निकाय चुनाव कराने के फैसले की मुखालफत की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने मंगलवार को कहा कि झामुमो के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार यदि प्रदेश मे नगर निकाय के चुनाव बिना ओबीसी को आरक्षण दिए कराना चाहेगी, तो भाजपा इसके खिलाफ जन आंदोलन खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार बिना ओबीसी को आरक्षण के ही पंचायत चुनाव कराने की गलती कर चुकी है, जिसको लेकर भाजपा लगातार आवाज उठा रही है। श्री प्रकाश ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर कहा कि क्या राज्य सरकार जनता के पास जाकर अपनी नाकामियां गिनायेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड के बीते बीस वर्षों मे मौजूदा सरकार ही एक ऐसी सरकार है, जिसने भ्रष्टाचार का तांडव मचाने का काम किया है और जनता को कोरे आश्वासन ही मिले हैं।

### भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**रांची।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जयंती के अवसर पर मंगलवार को राजधानी रांची में विधायक सरयू राय की पहल पर भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विधायक सरयू राय ने कहा कि हर साल इसका आयोजन करते आये हैं इस बार मन में विचार आया था कि हम लोग ऐसे सभी साथियों को जो अपनी इच्छा से आना चाहते हैं उन को बुलायें और भ्रष्टाचार के बारे में बात करें। कार्यक्रम से पहले व्हाट्स एप्प नंबर जारी किया था जिसके बाद लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन खुद कराया। जयप्रकाश जी का जो आंदोलन था भ्रष्टाचार मुख्य मुद्दा था। उनके आंदोलन का इसपर लोगों की राय ली जा रही है कि कैसे इसे खत्म किया जाये।

# प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया महाकाल लोक कॉरिडोर

**उज्जैन (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में बनाये गये आध्यात्म और तकनीकी के अद्भुत संगम श्री महाकाल लोक परियोजना के पहले चरण का लोकार्पण करते हुए इसे राष्ट्र को समर्पित किया। श्री मोदी ने लगभग 900 मीटर लंबे भव्य श्री महाकाल लोक के प्रवेश द्वार 'नंदी द्वार' पर रक्षा सूत्र से बनाये गये शिवलिंग का रिमोट दबा कर लोकार्पण किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री मोदी परिसर में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ कुछ देर टहले। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान उन्हें लगातार श्री महाकाल लोक के बारे में जानकारी देते हुए दिखायी दिये। पैदल चलते हुए श्री मोदी श्री महाकाल लोक परिसर में बनाये गये त्रिपुरासर संहार के दृश्य, सप्तर्षि मंडल परिसर, नवग्रह परिसर और रूद्रसागर के समीप भी गये। हर स्थान पर प्रधानमंत्री विशेष रुचि लेकर यहां के विहंगम और नयनाभिराम दृश्यों का अवलोकन करते दिखायी दिये।



इसके बाद श्री मोदी परिसर की सैर के लिए इलेक्ट्रिक वाहन में सवार हुए। इसी वाहन के माध्यम से उन्होंने पूरे महाकाल लोक की सैर की। श्री महाकाल लोक में शिवपुराण से जुड़ी बहुत सी कथाएं प्रदर्शित की गयीं हैं, जिनके बारे में वहां लगे बार कोड के माध्यम से जानकारी ली जा सकती है। यहां 108 स्तंभ बनाये गये हैं, जिनमें शिव तांडव से जुड़ी जानकारी नक्काशी और भित्ति चित्रों के माध्यम से दी गयी है। श्री महाकाल लोक आज से श्रद्धालुओं के लिए खुल जायेगा।

### पीएम बोले- महाकाल लोक में लौकिक कुछ भी नहीं, सब अलौकिक



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जब उज्जैन में ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के नये परिसर 'महाकाल लोक' का लोकार्पण किया, तो जय महाकाल की जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रक्षा सूत्र (कलावे) से बनाये गये 15 फीट ऊंचे शिवलिंग की प्रतिकृति से मोदी ने रिमोट के जरिये जैसे ही आवरण हटाया, अध्यात्म का यह नया आंगन सभी के लिए खुल गया। लोकार्पण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाकाल महादेव, महाकाल महाप्रभु, महाकाल महारुद्र, महाकाल नमोस्तुते। महाकाल लोक में लौकिक कुछ भी नहीं है, शंकर के सान्निध्य में साधारण कुछ भी नहीं, सब कुछ अलौकिक है। महाकाल का आशीर्वाद जब मिलता है तो काल की रेखाएं मिट जाती हैं। भला ऐसे कैसे हो सकता है कि महाकाल बुलाएं और ये बेटा न आये। प्रधानमंत्री ने लगभग आधा घंटा तक सभा को संबोधित किया। इससे पहले मोदी ने महाकाल के दर्शन किये और साष्टांग मत्था टेका। महाकाल को चंदन, मोगरे और गुलाब की माला अर्पित कर जनेऊ चढ़ाया। सूखे मेवे और फल का भोग लगाया। दक्षिणा अर्पित की। वे संध्या आरती में भी शामिल हुए। महाकाल के दक्षिण दिशा में बैठकर रुद्राक्ष की माला से तीन मिनट तक जप करते हुए ध्यान लगाया। 30 मिनट तक ई-व्हीकल से 'महाकाल लोक' का अवलोकन किया।

# लातेहार में टाना भगतों के आंदोलन पर झारखंड हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

## मुख्य सचिव और डीजीपी को लगायी फटकार, कहा- झारखंड पुलिस का इंटेलीजेंस फेल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लातेहार सिविल कोर्ट परिसर में 10 अक्टूबर को टाना भगतों द्वारा घेराव किया गया था। इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. रवि रंजन और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबर के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार के मुख्य सचिव और डीजीपी से जवाब तलब किया है। घटना पर अदालत ने नाराजगी जाहिर करते हुए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को तलब किया। मंगलवार को मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक अदालत के समक्ष हाजिर हुए। कोर्ट ने दोनों ही




अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि किसी कोर्ट परिसर में इतनी बड़ी घटना हो जा रही है इसका मतलब है कि राज्य का इंटेलीजेंस फेल है, कैसे ये घटना घटी इसकी जानकारी अगर प्रशासन को नहीं थी तो ये काफी गंभीरता की बात है इससे सुरक्षा पर खतरा हो सकता है। गौरतलब है कि टाना भगतों के द्वारा सोमवार को लातेहार जिला मुख्यालय में व्यवहार न्यायालय का पांच घंटे तक घेराव किया गया। जब पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने इन्हें समझाने का प्रयास किया तो वे उग्र हो गये तथा पुलिस बल पर पथराव प्रारंभ कर दिया। पथराव में »» शेष पृष्ठ 11 पर

### इधर, प्रशासन की सख्त कार्रवाई, 30 को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार में सिविल कोर्ट घेराव मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। इस मामले में 30 लोगों को जेल भेज दिया गया है। 228 लोगों पर नामदज प्राथमिकी दर्ज की गयी है जबकि 250 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। टाना भगतों के द्वारा पुलिस के ऊपर पथराव करने के मामले में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजनी के निर्देश पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सरकारी काम में बाधा उत्पन्न, दंगा भड़काने, मारपीट करने समेत कई आरोपों में शामिल 30 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जबकि दो सौ से अधिक के ऊपर नामदज प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जबकि 200 से 250 अज्ञात लोगों पर भी केस दर्ज किया गया है। लातेहार में पांचवी अनुसूची क्षेत्र का हवाला देकर सोमवार को टाना भगतों के द्वारा व्यवहार न्यायालय लातेहार को चार घंटे तक कब्जे में लेने के बाद मंगलवार को सुबह से ही न्यायालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी।

# फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में भाग ले रही टीम इंडिया को सीएम ने दी बधाई



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष चुने जाने के लिए कल्याण चौबे को पत्र लिख कर बधाई और शुभकामनाएं दीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में श्री चौबे का अनुभव देश में फुटबॉल को मजबूत करने में बहुत मददगार होगा। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में भाग ले रही टीम इंडिया को इस ऐतिहासिक मौके पर शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट है और अपनी स्थापना के बाद से पहली बार इतनी बड़ी चैम्पियनशिप की मेजबानी करना एआईएफएफ के प्रयासों और फुटबॉल के विकास का प्रतिफल है। मुझे ऐसे राज्य का नेतृत्व करने पर गर्व है, जिसने देश के लिए कुछ बेहतरीन फुटबॉल खिलाड़ी तैयार किए हैं और अब भी कर रहे हैं। मैं झारखंड के छह खिलाड़ियों को विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करते देख बहुत उत्साहित हूं। मुझे खुशी है कि झारखंड के गुमला जिले की अस्टम उरांव टीम इंडिया का नेतृत्व करेंगी।

»» **झारखंड के छह खिलाड़ियों को विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मिला है मौका**

### महिला फुटबॉल को देना है बढ़ावा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जमशेदपुर में टीम इंडिया को शिविर में प्रशिक्षण देकर झारखण्ड गौरवान्वित है। राज्य सरकार झारखंड को फुटबॉल की नर्सरी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष को झारखंड आमंत्रित किया है। उन्होंने राज्य और देश में महिला फुटबॉल को बढ़ावा देने एवं विकसित करने के लिए साझेदारी की इच्छा जतायी है।

# जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ होंगे भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** जस्टिस धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ (डीवाई चंद्रचूड़) भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित ने कानून मंत्री किरेन रिजिजू को उनके नाम की सिफारिश की है। मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित आठ नवम्बर 2022 को सेवानिवृत होंगे। जस्टिस चंद्रचूड़ 9 नवम्बर 2022 को भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।

»» **इनके पिता यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ भारत के 16वें मुख्य न्यायाधीश थे**

»» **उनका कार्यकाल 22 फरवरी, 1978 से 11 जुलाई, 1985 तक रहा**



भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित ने मंगलवार 11अक्टूबर की सुबह सर्वोच्च न्यायालयों के जजों की उपस्थिति में जस्टिस चंद्रचूड़ को अपने पत्र की एक कॉपी सौंपी। जस्टिस चंद्रचूड़ 1998 से 28 मार्च 2000 तक एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया रह चुके हैं। 29 मार्च 2000 को बॉम्बे हाईकोर्ट के अतिरिक्त जज नियुक्त हुए। 13 मई 2016 को सर्वोच्च न्यायालय में जज बने। इनकी पढ़ाई-लिखाई सेंट कोलंबस स्कूल दिल्ली, सेंट स्टीफन कॉलेज दिल्ली, लॉ कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली तथा हार्वर्ड विश्वविद्यालय में हुई है। इनके पिता भी भारत के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ के पिता यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ भारत के 16वें मुख्य न्यायाधीश थे। उनका कार्यकाल 22 फरवरी, 1978 से 11 जुलाई, 1985 तक यानी लगभग सात साल रहा। पिता के सेवानिवृति के 37 साल बाद उसी पद पर बैठेंगे। जस्टिस चंद्रचूड़ बेबाक फैसलों के लिए प्रसिद्ध हैं। इनका कार्यकाल नौ नवंबर, 2022 से 10 नवम्बर, 2024 तक लगभग दो साल का होगा।

# साइबर अपराधियों के तर्ज पर काम कर रहे वाहन चोर गिरोह

## फर्जी आरसी बुक के जरिये आम लोगों को चोरी के वाहन बेच कर रहे फर्जीवाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी में वाहन चोर गिरोह के सदस्य साइबर अपराधियों के तर्ज पर काम कर रहे हैं। इस गिरोह के सदस्य चोरी के वाहनों को फर्जी आरसी बुक के जरिये आम लोगों को चोरी के वाहन बेच कर फर्जीवाड़ा कर ही रहे हैं। साथ ही बड़े ही आसानी के साथ पुलिस को भी चकमा दे रहे हैं। वाहन चोर गिरोह के सदस्य पुलिस को बारकोड के माध्यम से स्मार्ट कार्ड बनाकर चकमा दे रहे हैं। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस सिर्फ नंबर प्लेट और आरसी कार्ड या बुक चेक करती है, लेकिन वाहन चोर गिरोह के सदस्य बड़े ही होशियारी के साथ चोरी के वाहनों में नया नंबर लगाकर बारकोड के माध्यम से हूबहू उस गाड़ी का फर्जी आरसी तैयार कर लेते हैं। वाहन चेकिंग के दौरान जब कागजात चेक होता है तो वह हूबहू उसी वाहन का होता है जिसका नंबर प्लेट लगा हुआ है। रांची डीटीओ प्रवीण प्रकाश के अनुसार बारकोड में वही चीजें नजर आयेंगी जो आप डालेंगे। इसी बात का फायदा वाहन चोर गिरोह के सदस्य कर रहे हैं। दरअसल, हम जब भी ई-वाहन एप्प खोलेंगे और बारकोड जनरेट करेंगे तो एप्प के जरिये जो भी जानकारी मांगी जायेगी वह आप पर निर्भर करता है। बारकोड में एक सामान्य व्यक्ति भी जो जनकारी डालेगा वही आरसी कार्ड को स्कैन करने पर दिखेगा। इसी बात का फायदा चोरी के वाहनों को खपाने के लिए वाहन चोर गिरोह कर रहे हैं।

»» **वाहन चोर गिरोह के सदस्य पुलिस को बारकोड के माध्यम से स्मार्ट कार्ड बनाकर दे रहे चकमा**



**लगातार आ रहे मामले :** बारकोड के जरिये वाहन चोर गिरोह के वाहनों के खपाने के खेल का खुलासा हाल ही में राजधानी से पकड़े गये कुछ वाहन चोरों ने किया है। रांची के नामकुम, रातू और खलारी से कई ऐसे वाहन हाल के दिनों में बरामद हुए हैं जिनके नंबर प्लेट से मिलता-जुलता ही आरसी बुक है, लेकिन चेचिस नंबर अलग। जब चेचिस नंबर से वाहन की जांच हुई तब जानकारी मिली की डीटीओ के यहां किसी और नंबर से उस वाहन का रजिस्ट्रेशन किया हुआ है। लेकिन जो नंबर प्राप्त हुआ उसका आरसी बुक एकदम ऑरिजिनल »» शेष पृष्ठ 11 पर

# आपके व्हाट्स एप्प की हो रही जासूसी, पढ़े जा रहे हैं मैसेज : ईएसईटी

## व्हाट्स एप्प के उपभोक्ता विश्व में सबसे ज्यादा लगभग 55 करोड़ भारत में हैं

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** विश्व में भारत व्हाट्स एप्प के लिए सबसे बड़ा बाजार है। जनसंख्या के मामले में विश्व में चीन नंबर वन है। भारत नंबर दो है। लेकिन भारत जल्दी ही नंबर वन हो जायेगा। चीन में व्हाट्स एप्प पर पाबंदी है। इसलिए भी जनसंख्या व उसी अनुपात में उपभोक्ता होने के चलते व्हाट्स एप्प के उपभोक्ता विश्व में सबसे ज्यादा भारत में हैं। भारत में इसके उपभोक्ता की संख्या लगभग 55 करोड़ है। व्हाट्स एप्प कुछ-कुछ दिन पर नये-नये फीचर्स जारी करता है। लेकिन उसके उपभोक्ता इससे भी ज्यादा फीचर्स चाहते हैं। भारत में व्हाट्स एप्प का क्लोन एप्प जीबी व्हाट्सएप्प काफी लोकप्रिय है। क्योंकि इसमें कलरफुल चैटिंग का विकल्प मिलता है। साइबर सिक्योरिटी रिसर्च फर्म ईएसईटी की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के लाखों व्हाट्स एप्प यूजर्स की जासूसी लंबे समय से हो रही है। जीबी व्हाट्स एप्प गूगल प्ले-स्टोर पर नहीं है, लेकिन तमाम लोग इसे एपीके फाइल के जरिये इंस्टॉल व इस्तेमाल कर रहे हैं। मेटा ने कहा है कि जीबी व्हाट्स एप्प के लगातार इस्तेमाल के बाद आपका व्हाट्स एप्प नंबर हमेशा के लिए बैन हो सकता है। चीन के बाद भारत मोजी के लिए दूसरा सबसे बड़ा अड्डा है। मोजी एक एलओटी बोटनेट है। बोटनेट ऐसे वायरस वाले कंप्यूटर का सबसे बड़ा नेटवर्क है जिसे रिमोटली कंट्रोल किया जा सकता है। इस कंप्यूटर के जरिये यूजर की जानकारी के बिना उसकी जासूसी आराम से की जा सकती है। जीबी व्हाट्स एप्प भी इस कंप्यूटर से कंट्रोल होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में भारत में एंड्रॉयड थ्रेट डिटेक्शन 9.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है। जबकि स्पाईवेयर में पिछले साल के मुकाबले 109 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।

### लोकप्रिय एप्प का क्लोन एप्प हो जाता है हिट



**स्पाईवेयर** में बढ़ोत्तरी का सबसे बड़ा कारण यह है कि लोकप्रिय एप्प का क्लोन एप्प हिट हो जाता है। मालूम हो कि जीबी व्हाट्स एप्प में ऐसे भी फीचर्स मिलते हैं जो असली व्हाट्स एप्प ऐप में भी नहीं हैं। इस एप्प में कलरफुल चैटिंग का विकल्प मिलता है। इसके अलावा आप भेजे हुए मैसेज को किसी भी वक्त वापस ले सकते हैं और डिलीट हुए मैसेज को भी किसी भी समय पढ़ा जा सकता है। लेकिन इस एप्प की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह सिक्योर नहीं है और इसके चैट भी सिक्योर नहीं हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आप भी जीबी व्हाट्स एप्प इस्तेमाल करते हैं तो तुरंत इसे डिलीट करें और व्हाट्स एप्प का असली एप्प इस्तेमाल करें। वरना आप का खाता से लगाया तमाम सेक्रेड फाइल गायब, हैक होने की संभावना बढ़ सकती है।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/मांडर।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को मांडर में दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला का उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री मुंडा ने कहा कि झारखंड के इस शक्ति स्थल से मैं आज आशीर्वाद लेने आया हूं। आनेवाले दिनों में हमें राज्य को और तेजी से विकास की ओर ले जाना है। मेला बहुत ही मीठा व प्रिय शब्द है। मेले में मिठास होती है, यह मिलने-जुलने, मनोरंजन व सामान की खरीद-फरोख्त का माध्यम होता है। मेला में नृत्य-संगीत, क्षेत्र की परंपरा व संस्कृति की पहचान होती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड में मांदर व नगाड़े की थाप कभी रुकनी नहीं चाहिए ताकि आनेवाली पीढ़ी को हमारी संस्कृति व परंपरा की जानकारी मिलती रहे। इस मौके पर धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि बुधवार को समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।



**मुड़मा जतरा का इतिहास :** बताया जाता है कि यह मेला लगभग 1400 वर्ष पुराना है। ऐसी मान्यता है कि रोहतासगढ़ से जब उरांव जनजाति आयी थी, तब उनके साथ मुंडा जनजाति समुदाय का सांस्कृतिक समझौता इसी स्थल पर हुआ था। इनके बीच क्षेत्र का विभाजन भी यहीं हुआ था। तभी से इस सांस्कृतिक समझौते की याद में मुड़मा मेला का आयोजन किया जा रहा है।

# झारखंड



## न्यूज गैलरी

### आदिम जनजाति परिवार के बीच अक्टूबर माह का फोटीफर्फाइड चावल का वितरण



**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के अलौदी पंचायत के उरूं चटकपुर में निदेशक खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामला के दिलिप तिर्की , अवर सचिव दीपक कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा ने आठ आदिम जनजाति परिवार के बीच अक्टूबर माह का फोटीफर्फाइड चावल का वितरण किया गया। इस मौके पर श्री तिर्की ने कहा कि यह प्रोटीन युक्त चावल है इसको खाएं इससे कोई हानि नहीं होगी। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमोल तिर्की, जिला आपूर्ति कार्यालय के धनंजय भगत, अजय साहू आदि उपस्थित थे।

### लोहरा समाज द्वारा डाक बंगला बानो में बैठक कर समिति का किया पुनर्गठन

**बानो।** बानो डाक बंगला में मंगलवार को लोहरा समाज का बैठक कर समिति की पुनर्गठन किया गया।प्रखंड अध्यक्ष सेलसियन बागे की अध्यक्षता में प्रखंड कमिटी का गठन किया गया।जिसके तहत अध्यक्ष सेलसियन बागे ,उपाध्यक्ष संजय कैथवार ,सचिव सुमन्त बधेल ,सह सचिव राजेंद्र लोहरा ,कोषाध्यक्ष सुनीता तिर्की का चयन किया गया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सेलसियन बागे ने कहा आज हमारे समाज में कई तरह के परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।हमे एक जुट होकर समाज समस्या को रखना है।इसके लिए प्रखंड के सभी सदस्यों को सहयोग के लिए आगे आना होगा।कई लोगो का जाति प्रमाण पत्र बनने में दिक्कत हो रही है।अपनी बात मिल कर रखा जाएगा।नव चयनित समिति के सदस्य अपने पद की जिम्मेदारी बखूबी तरीके से निभाएं।बैठक में चमेली देवी ,सुनीता तिर्की ,दयाल लोहरा, शंकर लोहरा, जनक लोहरा, रजनी देवी ,अंजू लोहरा, सरस्वती देवी ,सरोज देवी ,बिमला हेरेंज ,मनोज लोहरा, बुधवा केरकेट्टा, रंजीत लोहरा आदि लोग उपस्थित थे।

### ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने कई गांवों का दौरा कर सुनी समस्या

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने मंगलवार को ताराबोगा पंचायत के भावनाडिपा, सलगापोश इत्यादि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्यायों से रूबरू हुए तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को रखते हुए कहा कि रोयांटोली से भावनाडिपा बीच नदी पड़ती है जिसमें पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को काफी परेसानी का सामना करना पड़ता है, गांव बिजली की समस्या भी हमेशा होते रहती है। जिप सदस्य अजय एक्का ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में जो समस्याएं हैं हम सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे तथा मांग करेंगे कि ग्रामीणों की समस्या जितना जल्दी हो सके हल किया जाए। ग्रामीणों को ताराबोगा पंचायत के मुखिया बालदेव सिंह ने भी संबोधित करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में अवगत कराया। मौके पर ग्राम प्रधान सोमारु कालो, बिरसु सिंह , बेनेदिक्त केरकेट्टा, अलवीस टेटे, विक्रम महतो, अजय महतो, दशरथ मांझी, सिलास केरकेट्टा तथा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मुलायम सिंह का निधन देश के लिए अपूर्णी क्षतिः राजेन्द्र

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने सपा के संस्थापक अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।
श्री प्रसाद ने कहा कि मुलायम सिंह यादव डॉ राममनोहर लोहिया के सच्चे अनुयायी थे। वे सरल स्वभाव, मिलन सार और जमीन से जुड़े राजनेता थे। श्री प्रसाद ने कहा कि पहलवानी से शिक्षक बने मुलायम सिंह यादव डॉ राममनोहर लोहिया से प्रभावित होकर राजनीति में आए। प्रसाद ने कहा मुलायम सिंह यादव, समाजवाद की राजनीति को आगे बढ़ाया। श्री प्रसाद ने कहा कि देश की राजनीति में वंचितों को आगे लाने में मुलायम सिंह यादव का योगदान अतुलनीय रहा है। प्रसाद ने कहा कि मुलायम सिंह यादव, मजदूरों ,आम आदमी, किसानों , कर्मचारियों व अंतिम व्यक्तियों की आवाज थे। मुलायम सिंह यादव के निधन को प्रसाद ने देश के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है।

### मंझगांवां में आपकी सरकार, आपकी द्वार कार्यक्रम आज

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के मंझगांवां पंचायत में आपकी पंचायत, आपकी सरकार, आपकी द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने प्रमुख अनिता यादव, उपप्रमुख प्रितम यादव, पंचायत समिति सदस्यों, मुखिया व तेजस्विनी परियोजना के साथ बैठक किया। बीडीओ ने 12 अक्टूबर को मंझगांवां पंचायत में आपकी सरकार, आपकी द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों से 20 स्टॉल लगाये जायेंगे। बीडीओ ने स्टॉल में प्राप्त आवेदन को ऑन द स्पोर्ट निष्पादन करने की बात कही। साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिविर में लाने की अपील की। बैठक में पंस सदस्य लालो साहू, रहमती परवीन, सरिता देवी, तेजस्विनी कोडिनेटर सन्ध्या कुमारी, मुखिया बेबी देवी, सरिता देवी, निर्मला देवी, डेगन गंझू, जगदीश यादव, सुमीरा कुमारी, बसंत सिंह, मुकेश कुमार साव सहित अन्य उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** मंगलवार को पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बीडीओ मोनी कुमारी ने प्रतिनिधियों व विभागीय कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में सरकार के 3 वर्ष पूरे होने पर पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पहले चरण में 13 अक्टूबर को नावाडीह–डमौल पंचायत में, 15 को बरवाडीह एवं 17 को सिंघानी तथा दूसरे चरण में 1 नवंबर को नोनगांव व 3 को मेराल में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन करते हुए सभी विभागों के स्ऑल लगाए जाएंगे। बीडीओ ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही न हो इस बात का सभी कर्मचारी ध्यान रखेंगे। कार्यक्रम को लेकर पंचायत सचिवों को जिम्मेवारी दी गई। मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, बीपीओ राम कुमार सिंह, जिप सदस्य, प्रमुख, मुखिया महेश दांगी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

# नियुक्ति रद्द करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विद्यालय के कार्यालय कक्ष में जड़ा ताला

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** जिले में इन दिनों विभिन्न अल्पसंख्यक विद्यालयों में शिक्षिकों की नियुक्ति की जा रही है। इस दौरान नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप अब सामने आने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला जलडेगा प्रखंड से जुड़ा है जहां आरसी प्राथमिक विद्यालय पतिअम्बा में ग्रामीणों द्वारा नियुक्ति में अनियमितता बरते का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में सरकार द्वारा तीन स्वीकृत पद के विरूद्ध मात्र दो पदों पर ही नियुक्ति हेतु विज्ञापन निकाला गया है। यही नहीं ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने स्कूल के फादर सह सचिव मरियानुस गुलाब लुगुन पर भी कई गंभीर आरोप लगाया



है। बताया गया की स्कूल में फादर द्वारा अपने ही रिश्तेदार को नियुक्त करने के लिए एक पद को बचा कर रखा गया है। लोगों को ज्यादा जानकारी न हो इसलिए दुर्गा पूजा छुट्टी से पहले ही विज्ञापन जारी कर दिया गया। पंचायत समिति सदस्य कृपा लता बागे, उप मुखिया शांति इंदवार, रेखा बागे, प्रभा बागे, सुनीता आइंद, सरिता लुगुन, पीएलवी राजकिशोर काशी, समीर बागे, विजय बागे, असीम सुरीन, रंजीत बागे, रेजिश बागे, मरियानुश बागे, कुसुम लता लुगुन, अगुस्तीना लुगुन, शालिनी बागे, आश्रिता बागे सहित कई स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि बिना किसी पूर्व जानकारी दिए ही एसएमसी को भंग कर नया एसएमसी गठन किया गया है। इन्ही सब के कारण मंगलवार को ग्रामीणों का हुजूम आरसी प्राथमिक विद्यालय पतिअम्बा पहुंचकर शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कराने को लेकर स्कूल के बाहर नारेबाजी करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जलडेगा थाना प्रभारी फिलिप मिंज भी स्कूल पहुंचे। पतिअम्बा पंचायत की समिति सदस्य कृपालता बागे ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा बीईओ को दो बार, डीएसई को एक बार, डीसी को एक बार और बिशप को एक बार लिखित आवेदन दिया है लेकिन अभी तक कोई करवाई नही हुई जिसके कारण आज लोगों को स्कूल आकार नारेबाजी करना पड़ा। यही नहीं सचिव फादर मरियानुस गुलाब लुगुन से मिलने के लिए ग्रामीणों ने दोपहर 3 बजे तक इंतजार किया लेकिन फादर अपने आवास से बाहर नहीं निकले, जिसके कारण ग्रामीणों का गुस्सा और बढ़ गया और ग्रामीणों ने कार्यालय को ताला लगा दिया है। इधर फादर मरियानुस गुलाब लुगुन का पक्ष जानने के लिए उनको फोन किया गया परंतु उन्होंने फोन का कोई उत्तर नही दिया।

## आदिम जनजाति के युवकों के साथ हुई मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**चिनियां।** चिनिया थाना क्षेत्र के पालहे गांव में पिछले दिनों गुरुवार को बेता पंचायत के मुखिया रामेश्वर सिंह वह गांव के ही कुछ लोगों के साथ आदिम जनजाति कोरवा समुदाय के पांच युवकों को बांधकर लाठी डंडा से बेरहमी से पिटाई व बाल मुंडन करने कि मामले में सोमवार को गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुदर्शन कुमार आस्तिक के नेतृत्व में सोमवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए पालहे गांव से तीन लोगों को चिनिया पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार शर्मा यादव पिता गोवर्धन यादव, मंजय यादव पिता बंधु यादव, मनोज यादव पिता सरवन यादव, सभी बेता पंचायत के पालहे गांव के हैं इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी वीरेंद्र हांसदा ने बताया कि अभी इस मामले में तीन अभियुक्तों को पालहे गांव से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजा गया है। बाकी 5 लोगों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। इसके लिए पुलिस द्वारा लगातार छापामारी किया जा रहा है । आदिम जनजाति के कोरवा जाति के साथ हाथ बांधकर मारपीट व बाल मुंडन छुआछूत जातिसूचक करने का मामले में सभी 8 लोगों पर एफ आई आर दर्ज की गई है । भादवी की धारा और एससी एसटी के तहत नामजद अभियुक्तों को जेल भेजा गया है ।

## इंद मेला का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम पर उमड़ी हजारों की भीड़

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के अंतर्गत लचरागढ़ में एतिहासिक इन्द मेला का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूम धाम के साथ मनाया गया। इंद मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का के द्वारा फीता काट कर किया। संदेश एक्का ने कहा की इन्द मेला पहले से चलते आ रही परम्परा है इसीलिए इस मेला को और आगे तक ले जाने के बारे में सोचने की जरूरत है और क्षेत्र में अच?छी बारिश के लिए इंद्र देवता को नमन किया। वहीं झारखंड के सुपर हिट कलाकारों के द्वारा एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम प्रस्तुति को गई और लोगों को झुमाया, कार्यक्रम का शुरूआत रूपेश बडाईक ने मां भगवती की वंदना गीत गा कर कार्यक्रम का शुरूआत किया फिर बारी बारी से सभी कलाकारों के मौका दिया गया इंद मेले में



कई तरह के मिठाई के दूकान खिलौने, तामासे वाले,एवं जादुगर मौजूद थे।मौके पर मुख्य अतिथि संदेश एक्का, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व महिला जिला अध्यक्ष सह पंचायत समिति फुलकेरिया डांग,पद्मश्री मुकुंद नायक, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा, महिमा प्रखंड अध्यक्ष महीमा केरकेटा, सेवा दल प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुन्दर आचार्य, सुरेश द्विवेदी,और भी गणमान्य लोग उपस्थित थे! विशिष्ट अतिथि पिंटू सिन्हा, पूर्व जिला परिषद जॉनसन कंडुलना, सुजान मुंडा आदि उपस्थित थे।

### अवैध अफीम खेती रोक थाम को लेकर चला जागरूकता अभियान, कहा

# अवैध रूप से अफीम की खेती करने वालों की खैर नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** अवैध अफीम खेती के रोक थाम को लेकर प्रतापपुर थाना क्षेत्र में पुलिस व वन विभाग द्वारा संयुक्त रुप से जागरुक्ता अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को प्रतापपुर थाना क्षेत्र के देवकुंड़ी व बामी गांव में पुलिस निरीक्षक लव कुमार के नेतृत्व में अवैध अफीम खेती के विरुद्ध जागरूकता लाने के उद्देश्य से ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। जिसमें पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी विनोद कुमार, वन कर्मी सुरेश दास ने ग्रामीणों को बताया कि पोस्ता (अफीम) की खेती करना कानूनन अपराध है, इसके लिए सजा का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि अफीम की खेती से युवा पीढ़ी नशे के चंगुल में पड़कर जीवन बर्बाद कर रहे हैं। साथ ही



खेत बंजर हो जाने के साथ महिलाओं के बांझपन होने की संभावना रहती है। इसलिए आप सभी अफीम की खेती ना तो करें और ना किसी को करने दें। यदि कहीं खेती लगी हुई दिखे तो सूचना पुलिस को दें। वहीं थाना प्रभारी ने कहा की सेटेलाइट से स्थलों को भी चिन्हित किया जा रहा है जहां पूर्व में अफीम की खेती की गई थी, अगर अफीम खेती हुई तो संबंधितों पर कार्रवाई होगी। अफीम की खेती पर पूर्ण रूप से निगरानी रखने व रोकने के लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। नोट फोटोः-जागरुक्ता अभियान में पुलिस पदाधिकारी व ग्रामीण

# सदर अस्पताल में 1 बजे तक नदारद रहे डॉक्टर, सिविल सर्जन को आकर करना पड़ा इलाज

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कई बार सदर अस्पताल सिमडेगा की लापरवाही को लेकर अखबारों में सुर्खियों में खबर रहती है इसके बावजूद सदर अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसके बावजूद अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हो रही है। मंगलवार को भी सदर अस्पताल में सुबह 11:00 से 1:00 तक डॉक्टर के नहीं रहने से दर्जनों की संख्या में मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा हमारे इधर उधर भटक कर डॉक्टर का इंतजार कर रहे थे लेकिन डॉक्टर का कहीं अता पता नहीं था बताया गया कि सदर अस्पताल में डॉक्टर की कमी है और इस दिन डॉक्टर शीलवंत एक्का सुबह 9:00 बजे से लेकर 11:00 बजे



तक की ओपीडी किसी तरह तो संभाल लिया। हालांकि न्यायालय में प्रस्तुत होने के कारण 1 दिन पूर्व दिए गए सूचना के अनुसार वह न्यायालय कार्य के लिए निकल गए इधर उनके जाने के बाद सदर अस्पताल में डॉक्टर नहीं रहने से लंबे समय तक डॉक्टर का केबिन खाली रहा और मरीज इधर-उधर भटकने पर मजबूर रहे। वहीं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार को बार-बार संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका दूरभाष से संपर्क नहीं हो पाया अंततः इस मामले को लेकर सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार को जानकारी दी गई। मामले कि गंभीरता एवं मरीजों की समस्या को देखते हुए सिविल सर्जन स्वयं ओपीडी में बैठकर इलाज करने का निर्णय लिया एवं स्वयं लगातार लंबे समय तक सदर अस्पताल के ओपीडी कक्ष में मरीजों का इलाज करते हुए देखे गए मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि लोगों की परेशानियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है और सरकार को पत्रचार करते हुए यहां पर पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों की बहाली के लिए मांग की गई है लेकिन अभी तक सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाएगी है जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## सप्ताहिक जनता दरबार में पदाधिकारी के नही होने से ग्रामीणों ने आपत्ति जताई

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय परिसर में लगने वाली सप्ताह में 2 दिन जनता दरबार पर ग्रामीण जनता ने आपत्ति जताई है । धाधु पंचायत से आए ग्रामीण जनता राकेश यादव ने कहा कि सप्ताहिक जनता दरबार में आए हैं पर अपनी समस्या हम किसे सुनाए यहां जनता दरबार मे पदाधिकारी कुर्सी खाली है। कोई पदाधिकारी बैठे नहीं है। वहीं प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बड़का बालूमाथ की पूजा कुमारी अपने विकलांग पेंशन कराने के लिए कागजात के साथ घंटों अधिकारियों के इंतजार में बैठे हुए थे। वही पूजा कुमारी अपने मम्मी संगीता देवी के साथ उप प्रमुख कार्यालय पहुंच अपने फरियाद सुनाई तो उप प्रमुख ने आश्वासन देते हुए स्वयं उन्हें लेकर जनता दरबार पहुंचे। और मौके पर उपस्थित एक कंप्यूटर ऑपरेटर एवं एक महिला प्रखंड कर्मी से पूछताछ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उप प्रमुख कामेश्वर राम ने जनता दरबार में पदाधिकारियों के उपस्थित नही होने पर आपत्ति जाहिर की। बता दें कि जनता दरबार के समय प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला जनता दरबार के बगल में स्थित प्रखंड सभागार में प्रखंड कर्मी पंचायत सेवक रोजगार सेवक अभियंता आदि के साथ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बैठक करते नजर आए। मौके पर उप प्रमुख कामेश्वर राम पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक सहेंद्र राम जेएमएम नेता महेंद्र सोनी एवं कई ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

### बलबल व दुवारी के 7 बकायेदारों का काटा गया बिजली कनेक्शन

**गिद्धौर (चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बलबल व दुवारी गांव में विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। सहायक अभियंता व कनीय अभियंता तरुण कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान बलबल व दुवारी गांव में 7 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। बताया गया की उपरोक्त लोगों पर 2 लाख 54 हजार 9 सौ 39 रुपये बिजली बिल बकाया है। बकायेदारों को बगैर बिजली बिल जमा किए विद्युत जलाने पर प्राथमिकी दर्ज करने की भी चेतावनी दी गई। अभियान में महावीर दांगी, विकास कुमार, संतोष कुमार निराला सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

### ठेठईटांगर सामुदायिक भवन में कांग्रेस पार्टी की कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का स्थान सर्वोपरिः खुशीराम

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के सामुदायिक भवन में कांग्रेस पार्टी की ओर से कार्यकर्त्ता सम्मेलन नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष मो असफाक आलम की अध्यक्षता में किया गया। मंच संचालन जिला महासचिव खुशीराम कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में सभी पंद्रह पंचायत के कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए मौके पर कहा गया कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है, जो सबके मान-सम्मान का ध्यान रखती है। सभी कार्यकर्ता अपना पूरा योगदान तन मन से पार्टी को दें। अपनी आस्था पूरी तरह कांग्रेस और सोनिया गांधी और राहुल गांधी के प्रति हो। कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का स्थान सर्वोपरि है। बूथ कमेटी में निष्ठावान साथियों को स्थान दें। सभी कार्यकर्ता गांवों में जाएं, वहीं प्रवास करें ग्रामीणों की समस्या को सुनकर दूर करें और अधिक से अधिक ग्रामीणों को संगठन



से जोड़ते हुए बूथ को मजबूत करने का काम करें। कांग्रेस के हर एक कार्यकताओं के विचार, वाणी और व्यवहार में हमारी पार्टी और हमारे नेता के संस्कार की झलक दिखनी चाहिए। राहुल गांधी ही नए भारत के निमार्ता हैं। जिले के कार्यकर्ता सक्रिय है, इसे आगे बनाए रखने की जरूरत है।आज देश का हाल बहुत ही बुरा स्थिति हो गया बीजेपी जब से सत्ता में आया है तब से देश को बेचने का काम किया जा रहा है और बड़े बड़े पूंजीपतियों का सरकार बन गया है आज देश का जानता का फिक्र नहीं है देश का जानता गरीबी रेखा की ओर पहुंच गया है जीडीपी स्तर गिरते जा रहे आए दिन महंगाई बढ़ते जा रहा है इसलिए 2024 में चाहे लोकसभा हो या विधानसभा सभी में कांग्रेस पार्टी को लाएंगे।मौके पर विधायक प्रतिनिधि समी आलम, प्रदीप केशरी शांतिबाला केरकेट्टा, नोमिता बा, कौशल किशोर रोहिल्ला, दीनदयाल सिंह, रावेल लकड़ा, अनूप लकड़ा, फुलजेन्सिया बिलुंग प्रमुख विपिन पंकज मिंज सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जेसीबी के उपयोग की खबर छपने के बाद जांच करने पहुंचे पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** बुका गांव के देवंश यादव के खेत मे कूप निर्माण में मजदूरों के बजाए जेसीबी के उपयोग किये जाने की विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के ढाई माह के बाद सोमवार को उक्त योजना स्थल पर मनरेगा लोकपाल सुशील कुमार तिवारी पहुंचे और प्रखंडकर्मियों की मिलीभगत से मामले में लीपापोती कर चल दिये। बताते चले की बीते 17 जुलाई के अंक में बुका के देवंश यादव के खेत में मनरेगा योजना से संचालित कूप निर्माण में जेसीबी का उपयोग किया गया था। उस वक्त पंचायत के रोजगार सेवक धर्मराज सिंह ने खुद स्वीकार किया था,कि उक्त योजना में जेसीबी को चलाया गया है।इतना ही नहीं रोजगार सेवक ने इसकी सूचना खुद से पंचायत सेवक को दी थी। वहीं पंचायत सेवक ने लाभुक द्वारा जेसीबी



चलाये गये मामले में मुखिया द्वारा कारवाई करवाने की बात कही थी। साथ ही बीपीओ ने योजनस्थल पर जाकर भुगतान पर रोक लगा दिया था। लेकिन हैरानी इस बात की है कि सोमवार को लोकपाल योजना स्थल पर पहुंचकर कर्मियों एवं लाभुक की उपास्थिती में जांचकर लीपापोती कर दिया गया। लोक पाल सुशील कुमार से पूछे जाने पर कहा कि जांच रिपोट विभाग को दे दिया गया है।

## न्यूज गैलरी

### बिना ओबीसी को आरक्षण दिए निकाय चुनाव का भाजपा ने किया विरोध

रांची। भाजपा ने राज्य सरकार द्वारा बिना ओबीसी को आरक्षण दिए निकाय चुनाव कराने के फैसले की मुखालफत की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने मंगलवार को कहा कि झामुमो के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार यदि प्रदेश मे नगर निकाय के चुनाव बिना ओबीसी को आरक्षण दिए कराना चाहेगी, तो भाजपा इसके खिलाफ जन आंदोलन खड़ा करेगी । उन्होंने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार बिना ओबीसी को आरक्षण के ही पंचायत चुनाव कराने की गलती कर चुकी है, जिसको लेकर भाजपा लगातार आवाज उठा रही है । श्री प्रकाश ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर कहा कि क्या राज्य सरकार जनता के पास जाकर अपनी नाकामियाँ गिनायेगी । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखण्ड के बीते बीस वर्षो मे मौजूदा सरकार ही एक ऐसी सरकार है, जिसने भ्रष्टाचार का तांडव मचाने का काम किया है और जनता को कोरे आश्वासन ही मिले हैं।

### भाजपा नेताओं ने जयप्रकाश नारायण को जयंती पर किया नमन

रांची। रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को संपूर्ण क्रांति के अग्रदूत लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गयी । इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह और गंगोत्री कुजूर समेत बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकताओं ने जयप्रकाश नारायण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश समेत अन्य नेताओं ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के योगदान और उनके संघर्षों को याद किया । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि वे आजादी की लड़ाई से लेकर देश मे सत्ता की तानाशाही के खिलाफ संघर्ष करने वाले महापुरुष थे जो आज भी प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।

### जयंती पर याद किए गए लोकनायक जयप्रकाश नारायण

रांची। राजधानी रांची में संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण को उनकी 120वीं जयंती पर मंगलवार को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। जिले के विभिन्न संस्थानों, संगठनों एवं राजनीतिक दलों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर लोकनायक के विचारों को व्यावहारिक जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया गया। जेपी विचार मंच की ओर से लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर बरियातू रोड के वरदार गिरि अपार्टमेंट में कार्यक्रम आयोजित कर संगठन के पदधारी और सदस्यों ने लोकनायक के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता सत्येंद्र कुमार मल्लिक ने की। कांके के विधायक समरी लाल ने कहा कि जेपी सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं, व्यवस्था परिवर्तन चाहते थे। हमें उनके विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ना होगा। सत्येंद्र मल्लिक ने कहा कि जेपी संपूर्ण क्रांति के माध्यम से सत्ता के चरित्र और व्यवस्था के परिवर्तन में सतत संघर्षशील। उनके संघर्षों का परिणाम ही है कि लोकतंत्र में लोक की शक्ति जागृत हुई। वहीं, ब्रजकिशोर नारायण ने कहा कि जेपी की विचारधारा आज भी प्रासंगिक है। सेवानिवृत्त इंजीनियर इन चीफ लक्ष्मी शंकर ने जेपी के साथ बिताए हुए पल का अनुभव साझा करते हुए कहा कि जेपी हमेशा से ही लोक कल्याण को लेकर समाज में अग्रणी भूमिका निभाते रहे। उषा पांडे व रूपमती मुंडा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में नौशाद आलम, शैलेश कुमार सिन्हा, सरोज सिंह, डॉ एके लाल, शशांक शेखर सहाय, जूली चौधरी, पूनम मल्लिक, सुभाष झा, मनीष सिंह, पुरुषोत्तम कुमार, डॉ सतीश सिन्हा, डॉ अजय सिन्हा, मुन्ना बडाइक, अजीत दत्ता, शशि श्रीवास्तव, सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, राकेश महतो समेत मौजूद थे।

### डीएसपीएमयू में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

रांची। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के पर्यावरण अध्ययन विभाग की ओर से मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 15 प्रतिभागियों का चयन प्रतियोगिता के अंतिम दौर के लिए किया गया। भाग लेने वाले तीन समूह थे। हर समूह में 5-5 प्रतिभागी थे। क्विज मास्टर के रूप में संदीप प्रसाद उपस्थित थे। कार्यक्रम में पहुंचे कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि निकट भविष्य में विश्वविद्यालय में विभिन्न खेल-कूद गतिविधियां शुरू की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सकेगा। प्रतियोगिता के विजेता ग्रुप ए (अनुराग, श्यामल कुमार, आशमा परवीन, अभिनाश व संजना) और उपविजेता ग्रुप बी (निशांत किशोर, जसवंत उरांव, मंजु, सूर्य, दीपदेव टोप्पो) रहे।

---

उपायुक्त की अध्यक्षता में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

# पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को करें लाभान्वित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज से शुरू होनेवाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर मंगलवार 11 अक्टूबर 2022 को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपविकास आयुक्त विशाल सागर, कार्यक्रम के लिए बनाये गये सभी प्रखंडों के नोडल पदाधिकारी, सभी अंचलधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एमओआईसी, सीडीपीओ और पीएमयू मेंबर उपस्थित थे। जिले में कार्यक्रम के बेहतर ढंग से क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने पीपीटी के माध्यम विभिन्न योजनाओं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभन्वित करने हेतु विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करते हुए जिलास्तरीय एवं प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने पूरे जिले में पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांचोपरान्त उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ ऑन द स्पॉट लाभार्थी को उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारी को ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त करने का निदेश दिया। उपायुक्त द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्री बाई फुले किशोर समृद्धि योजना, खाद्य आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा से संबंधित विभिन्न योजनाओं, केसीसी आदि में ज्यादा से ज्यादा आवेदन जेनरेट कर निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने दो चरणों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि 12-22 अक्टूबर 2022 एवं 01-नवम्बर 2022 तक संचालित होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए व्यापक प्रचार करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलायें।

- कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश
- 12 अक्टूबर 2022 से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ
- दो चरणों में पूरे राज्य सहित जिले के पंचायत स्तर पर आयोजित होगा कार्यक्रम।

डीसी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग योजना संबंधी के बारे में बहुत ही कम जानकारी हो पाती है उसे हमलोगों को ही घर-घर जाकर योजना के लाभ के लिए बताना है और उन्हें लाभ पहुंचाना है।

---

श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 180 लोगों ने किया भोजन

## आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी : सुरेश चंद्र अग्रवाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्वर्णभूमि के बगल में अन्नपूर्णा सेवा के अंतर्गत आज स्वर्गीय पुनीत मोदी कि पुण्य स्मृति में उनके माता-पिता प्रकाश मोदी- उमा मोदी तथा धर्मपत्नी नेहा मोदी (टाटा निवासी) के द्वारा के द्वारा अन्नपूर्णा सेवा प्रायोजित थी। इस अन्नपूर्णा सेवा में 162 लोगो ने भोजन प्राप्त किया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी रोड में श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा के दूसरे यूनिट में 180 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर- प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया, सुरेश चन्द्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, मनोज रूईया, द्वारका अग्रवाल, सहित कई लोग उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया है कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व० सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व० शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है।

---

## खेल मंत्री ने स्वर्ण पदक विजेता गोल्डी मिश्रा को उपलब्ध कराए अत्याधुनिक तीरंदाजी उपकरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अल्पसंख्यक कल्याण तथा पर्यटन,कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के माननीय मंत्री हफीजुल हसन के द्वारा मंगलवार को उनके आवास पर डे बोर्डिंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र, चंदनक्यारी, बोकारो के होनहार प्रशिक्षु गोल्डी मिश्रा जिन्होंने 36वीं राष्ट्रीय खेल, गुजरात में इंडियन राउंड में झारखंड के लिए स्वर्ण पदक जीता था, किंतु आगामी उच्च स्तर के प्रतियोगिताओं के लिए उनके पास रिकर्व राउंड का तीर धनुष नही था जिससे भविष्य में उनका प्रशिक्षण प्रभावित हो सकता था, जिसके मद्देनजर खेल मंत्री के विशेष रूचि एवम खेल निदेशक महोदया के विशेष पहल पर ओल्मपिक 2024,2028 की तैयारियों के लिए अत्याधुनिक रिजर्व बो सेट गोल्डी मिश्रा को प्रदान किया गया एवम राष्ट्रीय स्वर्ण पदक के लिए बधाई एवम शुभ कामना दी गई। इस अवसर पर विभागीय तीरंदाजी खेल प्रशिक्षक हरेंद्र सिंह, डी साई स्वरी,करण कर्मकार, प्रकाश राम, महेंद्र करमाली उपस्थित थे।

### वैश्य समाज को राजनीति में उचित भागीदारी मिले

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का दो दिनी राष्ट्रीय अधिवेशन प्रयागराज (यूपी) में पृथ्वी गार्डेन में हुआ। इसमें वक्ताओं ने कहा कि वैश्य समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कोरोनाकाल में वैश्य समाज ने ही मानवता की सेवा के साथ देश की अर्थव्यवस्था को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। देश के 70% आबादी इस समाज की है। ऐसे में समाज को सरकार व राजनीति में उचित भागीदारी मिलनी चाहिए। अधिवेशन में यूपी सरकार में कैबिनेट उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, कौशल विकास मंत्री कपिल देव प्रसाद अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री जल शक्ति स्वतंत्र देव सिंह, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद, मेयर अभिलाषा गुप्ता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी सांसद प्रतिनिधि रविकांत जायसवाल समेत कई विधायक और सांसदों ने विचार रखे।

## आंदोलनकारियों के लिए नि:शुल्क बस सेवा सरकार की सराहनीय कदम : पुष्कर महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के लिए बस सेवा मुफ्त करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी सराहनीय पहल कदमी है। श्री महतो ने कहा कि छत्तीसगढ़ में यह सुविधा राज्य गठन की तिथि से ही लागू है झारखंड राज्य में यहां के आंदोलनकारियों के लिए बस सेवा मुफ्त दिए जाने से आंदोलनकारियों का मनोबल बढ़ेगा और सरकार के प्रति आंदोलनकारियों की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। पूर्व में मुख्यमंत्री के द्वारा शहीद निर्मल महतो के नाम पर मेडिकल कॉलेज बाबू विनोद बिहारी महतो के नाम से कोयलांचल विश्वविद्यालय मारंगगम के जयपाल सिंह मुंडा के नाम पर मेधावी छात्र छात्रा योजना के अलावे क्षैतिज आरक्षण 5 प्रतिशत तथा झारखंड आंदोलनकारियों के लिए पेंशन राशि में बढ़ोतरी की है इसलिए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा राज्य गठन की तिथि से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र से सम्मानित करने का निर्णय ली है। इसके अतिरिक्त दिसुम गुरु शिबू सोरेन के झारखंड आंदोलन के लिए किए गए संघर्ष पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी बनाएगी राज्य सरकार से इसकी सहमति मिलने के पश्चात पटकथा लेखन, शूटिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा।

> छत्तीसगढ़ में यह सुविधा राज्य गठन की तिथि से ही लागू है झारखंड राज्य में यहां के आंदोलनकारियों के लिए बस सेवा मुफ्त दिए जाने से आंदोलनकारियों का मनोबल बढ़ेगा और सरकार के प्रति आंदोलनकारियों की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

---

### आशा किरण बारला 4थी यूथ एशियन एथलेटिक्स में भाग लेने के लिए कुवैत रवाना

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली द्वारा 17 से 19 सितंबर तक टी टी नगर भोपाल में आयोजित 17 वी राष्ट्रीय यूथ नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में झारखंड भाटिया अकादमी बोकारो में आशू भाटिया के अधीनस्थ प्रशिक्षणरत गुमला की आशा किरण बारला ने फाइनल में 2:08.45 सेकेंड के यूथ नेशनल एथलेटिक्स का नया मीट रिकार्ड बनाते हुए 800 मीटर बालिका वर्ग का स्वर्ण पदक जीता जिसके आधार पर 13 से 16 अक्टूबर तक 4थी एशियन यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप,कुवैत के किया गया था। बंगलोर में संपन्न भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर उपरान्त आज आशा किरण बारला नई दिल्ली से कुवैत के लिए हुई। खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग की निदेशक सरोजनी लकड़ा, झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकान्त पाठक, सचिव सी डी सिंह,आशीष झा, डॉ. प्रभात शंकर, एस के पांडेय, आलोक मिश्रा,सुखेर भगत, साई प्रभारी विनोद कुमार सिंह, वरुण कुमार, प्रभाकर वर्मा, भरत यादव, किरण रानी, संजय त्रिपाठी, सिकंदर महतो, रविन्द्र मुर्मू, अजीत साहू,अजय नायक, रणवीर सिंह, कोच योगेश यादव, अरविंद कुमार, शैलेश शर्मा, शशांक भूषण सिंह, प्रभात रंजन तिवारी, राज्य तकनीकी समन्वयक अनवर हुसैन समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने शुभ कामना दी।

### वार्डों में आज से लगेगा शिविर निगम से जुड़ी समस्याओं का होगा मौके पर निपटारा

**रांची।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शहर के सभी 53 वार्डों में शिविर लगेगा। इसकी शुरूआत बुधवार से होगी। पहले दिन वार्ड नंबर एक-दो में रांची नगर निगम शिविर लगाएगा। कैंप वार्ड कार्यालय में लगेगा। यहां लोग नया वाटर कनेक्शन, श्रमिक कार्ड व प्रधानमंत्री शहरी आवास के लिए आवदेन कर सकेंगे। वहीं, जन्म-मृत्यु के 30 दिन या उससे कम समय वाले प्रमाण-पत्र बनाने के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे। इसके अलावा होल्डिंग टैक्स का भुगतान व इससे जुड़ी गड़बड़ी व अन्य किसी प्रकार की समस्या का मौके पर निपटारा किया जाएगा। बता दें कि दो चरण में शिविर लगेगा। पहले चरण में 12 से 22 अक्टूबर तक प्रतिदिन दो अलग-अलग वार्डों में आजोयन होगा। वहीं, दूसरे चरण में एक नवंबर से 14 नवंबर तक वार्ड कार्यालयों में शिविर लगाएंगे जाएंगे।

---

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती पर 21 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

## संध्याकाल में श्लोकों के पाठ से श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर राम दूत अतुलित बल धामा अंजनि पुत्र पवनसुत नामा, जामवंत के बचन सुहाए सुनि हनुमंत हृदय अति भाए हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर संध्याकाल उपरोक्त श्लोक के पाठ से गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आज 21 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक पाठ का आयोजन हुआ। हनुमान नगर रिंग रोड निवासी चंदन कुमार जयसवाल रूबी देवी जयसवाल ने परिवार संघ श्री हनुमान जी महाराज के अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित कर गुड़, चना, पेड़ा, केला, फल का प्रसाद अर्पित कर झारखंड राज्य की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने यजमान जयसवाल परिवार से पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को निरंतर श्री हनुमान जी महाराज की आराधना का कार्यक्रम हो रहा है। प्रसिद्ध पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्त जनों से श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ करवाया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। मंदिर परिसर बजरंग बली की जय जयकारों से गूंज रहा था। महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मंडल के प्रथम महामंत्री श्री विश्वनाथ नर्सरिया उपाध्यक्ष श्रवण जी, प्रदीप राजगढ़िया, मंत्री गौरव अग्रवाल, उपमंत्री अनिल नारनोली, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, रतन शर्मा, कमल लोहिया, पवन गोयनका, प्रदीप मोदी, विकास मोदी, संजय सराफ, आदि उपस्थित थे। शनिवार को श्री श्याम भंडारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को संध्या 5:00 बजे से 32 वां श्री श्याम भंडारा होगा स्मृति शेष देवी प्रसाद गायत्री देवी चौधरी के सुपुत्र राजेश, अजय, रुपेश चौधरी परिवार संघ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्त जनों से श्री श्याम भंडारे में भाग लेने का आग्रह किया है। उक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

---

भारतीय लोक कल्याण संस्थान द्वारा 100 लाभुकों को 15 दिवसीय दिया जा रहा है प्रशिक्षण

## मधुमक्खी पालन व मधु प्रसंस्करण परियोजना के जरिये ग्रामीणें को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य : डॉ. विद्यासागर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसायटी के सहयोग से जामताड़ा जिले के जामताड़ा एवं फतेहपुर में मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना क्रियावनित की जा रही है। योजना के अंतर्गत चयनित कुल 100 लाभुकों को 15 दिवसीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराना एवं मधुमक्खी पालन संबंधित किट उपलब्ध कराकर स्वरोजगार से जोड़ना है। आज जामताड़ा के चंद्रदिपा पंचायत में इस योजना का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि लुखी मुनि सोरेन प्रमुख जामताड़ा प्रखंड एवं जामताड़ा पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर विद्यासागर ने दीप प्रज्ज्वलित कर योजना का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा ट्राइबल के विकास के लिए सरकार एवं संस्था के द्वारा जो कार्य किया जा रहा है गांव के लिए सरकार हर संभव मदद कर रही है जिसे ग्रामीण का विकास हो। सभी को रोजगार के मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। वही जिला कृषि पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर विद्यासागर ने कहा सरकार के इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ ग्रामीण को दिया जा रहा है इसका लाभ हर व्यक्ति ले और इसका सदुपयोग कर योजना को सफल बनाएं और आत्मनिर्भर बने। चंद्रिदीपा पंचायत के मुखिया डीवीसन हंसदा ने कहा मधुमक्खी पालन योजना से लाभुक काफी इच्छुक है और इस पंचायत को चयनित किया गया है इस योजना से पंचायत के लोगों को अवश्य रूप से लाभ मिलेगा। मौके पर मौजूद भारतीय लोक कल्याण संस्थान के सचिव चंद्रदेव सिंह यादव ने कहा भारतीय लोक कल्याण संस्थान निरंतर ट्राइबल डेवलपमेंट एवं विभिन्न कार्यों को लेकर जामताड़ा में कार्य कर रही है इस संस्था के तहत जिला का विकास एवं ग्रामीणों का विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी मौके पर मौजूद झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला अध्यक्ष मैरी मरांडी जेटीडीएस डीपीएम सच्चिदानंद कुमार आनंद टू डू पूर्व जिला परिषद सदस्य कार्तिक कुमार पंचायत समिति सदस्य हरिपुर पंचायत समिति सदस्य मेरी सोरेन सरोज यादव प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर हरेंद्र मरांडी संजय कुमार।

### सांसद ने मासू में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की रखी आधारशिला

**रांची।** रांची सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को मासू में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बननेवाली चार किमी लंबी सड़क की आधारशिला रखी। विशिष्ट अतिथि कांके विधायक समरीलाल, खिजरी विधायक की पत्नी रिया तिर्की, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन और समाजसेवी शेखर सिंह मौजूद थे। मासू-सुगनू कादीटोला पथ का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से ठेकेदार अजय राज एंड कंपनी की ओर से किया जा रहा है। ग्रामीण पिछले पांच दशक से इस सड़क को बनाने की मांग कर रहे हैं। इसके बनने से अनगड़ा और कांके प्रखंड का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची में जल्द 268 विभिन्न सड़क निर्माण योजनाओं की शुरूआत की जाएगी। सभी की प्रशासनिक स्वीकृति हो गई है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नये भवन में कक्षाएं जल्द से जल्द संचालित की जाए : बबलू महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक झा के नेतृत्व में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति से मिलकर विश्वविद्यालय के नए भवन को जल्द से जल्द खोलने एवं वहां भी कक्षाएं संचालित करने की मांग की गयी। मौके पर अभिषेक झा ने कहा कि विश्वविद्यालय में नये सेशन के एडमिशन होने के बाद यहां छात्र-छात्राओं की संख्या अत्याधिक बढ़ गई है, जिसके कारण यहां के छात्र-छात्राओं को कक्षा में पढ़ाई करने में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पुराने बिल्डिंग के कुछ क्लास में बैठने की सही व्यवस्था भी नहीं है, जिसके कारण बी.सी.ए और आई.टी के कक्षाओं को कल से ऑनलाइन कर दिया गया है। वहीं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नया भवन खाली पड़ा हुआ है और दूसरी तरफ पुराने भवन में छात्र छात्राओं को बैठने की जगह नहीं मिल पा रही है जो कि कतई उचित नहीं है। इस मौके पर मौजूद बबलू महतो ने कहां विश्वविद्यालय प्रशासन अगर जल्द नए भवन को चालू कर उसमें कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित नहीं करती है तो अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्रहित में विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करेगी। वही मौके डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य एवं छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष अनिल कुमार ने आजसू के सदस्यों को आश्वासन दिया की समस्या को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष को बैठक के लिए बुला इसका जल्द से जल्द उचित समाधान किया जाएगा। इस मौके पर अभिषेक झा, बबलू महतो, समी अहमद, सुमित कुमार, ज्योतिष कुमार महतो, ज्योति कुमारी के अलावा कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# न्यूज गैलरी

## आपराधिक गतिविधि व बढ़ते क्राइम को रोकथाम के लिए पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**सेन्हा-लोहरदगा।** एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा के तहत सेन्हा थाना के समीप थाना प्रभारी के निर्देश पर चलाया गया वाहन जांच अभियान। जांच के दौरान आपराधिक गतिविधि एवं आपत्तिजनक हथियार तथा समान को लेकर सड़क सुरक्षा सुरक्षा के तहत सेन्हा थाना के समीप मंगलवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन का डिक्की, बैग और थैला का सर्च किया गया। साथ ही वाहन चालक एवं गाड़ी मालिक को वाहन संबंधित कागजात वाहन के साथ लेकर चलने की सलाह दी गई। वाहन जांच में सआनि0 पवन सोरेन पुलिस बल के सहयोग से सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच किया। एंटी क्राइम के तहत वाहन जांच में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को बारीकी से जांच पड़ताल करते हुए दो पहिए वाहन चलाने वाले चालकों को हेलमेट, लाइसेंस, ऑनर बुक, इंश्योरेंस सहित अन्य जरूरी कागजात साथ में लेकर चलने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभार ऋषिकांत ने बताया कि वरीय पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर लगतार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसे आपराधिक गतिविधि एवं आपत्तिजनक समान व हथियार पर अंकुश लगाया जाएगा। और सड़क सुरक्षा नियम का पालन सख्ती से करवाया जा सके।

## संदेहास्पद स्थिति में सिमडेगा निवासी आरक्षी जवान की कोलेबिरा में मौत

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लचरागढ़ इंद मेला से महज कुछ ही दूरी पर गुमला में आरक्षी पद पर कार्यरत सिमडेगा के ओड़गा गिरजा टोली निवासी 35 वर्षीय फिलन जोजो का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुई घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फिलन जोजो जिला बल गुमला में आरक्षी के पद पर कार्यरत था। एक सप्ताह पूर्व अपने जीजा के घर कोलेबिरा के खुटियारी टुंगरीटोली आया था। 10 अक्टूबर को शाम 4:00 बजे घर से निकला और रात को घर वापस नहीं आया तब उसके जीजा जोसेफ लुगुन फिलन जोजो को उसके मोबाइल पर कॉल किया तब पता चला कि उसका मोबाइल स्विच ऑफ है। जिसके बाद जब जोसेफ अपने परिवार के साथ इद मेला लचरागढ़ सुबह 3:00 बजे भोर देखने जा रहा था तभी घर से कुछ दूरी पर जेरले टुंगरी के समीप उन्होंने फिलन जोजो को वंहा पड़ा हुआ देखा। उसकी मृत्यु हो चुकी थी। साथ ही उसके शरीर पर खरोच और जख्म के निशान थे। उसके जीजा ने बताया कि उसे उसे पूर्व से मिर्गी की बीमारी थी। मिर्गी दौरा आने की वजह से उसकी मौत हो गई हो हालांकि मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस घटना की सूचना मिलने पर कोलेबिरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया एवं पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया।

## चोरों ने निर्माणाधीन मकान से सबमर्सिबल पंप उड़ाएं

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू चंदवा मुख्य पथ कुंदों स्थित रिलाइंस पंप के पास एक निमार्णाधिन मकान में लगे समरसेबल मशीन पर सोमवार 10 अक्टूबर की रात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। कुंदों निवासी दामोदर साहू पिता लक्षमण साहू नया मकान बनवा रहे हैं। और मकान में सबमर्सिबल पंप लगवाया था। अज्ञात चोरों ने सबमर्सिबल पंप, पाइप, तार व अन्य सामान समेत हजारों का सामान उड़ा दिया। दामोदर को मामले की जानकारी मंगलवार की सुबह वहां पहुंचने पर हुई। भुक्तभोगी ने मामले की जानकारी कुडू थाना पुलिस को दी है।

## लक्ष्मी पूजा को लेकर कोलेबिरा के नव चेतना परिवार समिति का किया गठन

**कोलेबिरा।** श्री माता महालक्ष्मी पूजा समिति नव चेतना परिवार कोलेबिरा के द्वारा समिति के संरक्षक अनुपम बेक के अध्यक्षता में माता महालक्ष्मी पूजा समिति की बैठक बजरंगबली मंदिर परिसर रण बहादुर सिंह चौक कोलेबिरा में रखी गई। जिसमें 2022 में माता महालक्ष्मी की पूजा करने के लिए पुराने कमेटी को भंग कर नए कमेटी का गठन किया गया एवं पूजा को भव्य रुप से करने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुमंत कुमार, उपाध्यक्ष देवाशीष कुमार, सचिव कृष्णा ठाकुर, उप सचिव रोहित गुप्ता, कोषाध्यक्ष रितेश कुमार, उप कोषाध्यक्ष वैभव कुमार मोंटी, पूजा प्रभारी ओम प्रकाश कुमार, पंडाल प्रभारी शुभम कुमार, शिवा कुमार, नरेंद्र कुमार, प्रसाद प्रभारी आशीष कुमार, रितिक कुमार, चरकु, चंदा प्रभारी सुमित पंडा, अभिषेक कुमार, एवं संरक्षक अनुपम बेक, रुपेश पंडा, अशोक इंदवार, पप्पू कुमार, अमित कुमार सिंह एवं मीडिया प्रभारी वीरेंद्र तिवारी, विवेक कुमार, रथीन्द्र गुप्ता, पंचम प्रसाद, पुरुषोत्तम प्रसाद, अमित कुमार को चुना गया।

## अष्टम उरांव के घर लगा टीवी व इन्वर्टर

**गुमला।** गुमला जिला प्रशासन की पहल पर अब फीफा अंडर 17 महिला वर्ल्ड कप फुटबॉल में भारतीय महिला टीम का नेतृत्व कर रही अष्टम उरांव के अभिभावक उन्हें टीवी में खेलता देख सकेंगे। दरअसल अष्टम उरांव के घर पर टीवी नहीं था, जिस कारण उपायुक्त सुशांत गौरव ने मंगलवार को अष्टम के बिशुनपुर के गोर्रा टोली गांव स्थित घर में टीवी और इन्वर्टर भिजवाया। साथ में कुर्सियां भी भेजी गयी हैं ताकि परिवार के लोग आराम से बैठकर बेटी को खेलता देख सकें। टीवी को अष्टम की मां तारा देवी ने ग्रहण किया जिस दौरान उनके चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर ट्वीट करते हुए इसकी जानकारी दी और कुछ फोटो भी साझा किए। उन्होने बताया कि मैच के लिए अष्टम और उनके परिवार तथा ग्रामीण दर्शकों के लिए टीवी और इन्वर्टर प्रदान किया गया है। इसी के साथ झारखंड की शान अष्टम के घर तक पहुंचने में इस खिलाड़ी को कोई परेशानी न हो, इसलिए प्रशासन ने खस्ताहाल सड़क का निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।

## रामरेखा जंगल में मिला युवती का शव, आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**पाकरटांड।** पाकरटांड पुलिस ने मंगलवार की सुबह रामरेखा घाटी के जंगल से एक युवती का शव बरामद किया शव की पहचान काफी देर तक नहीं हो पाई जिसे पुलिस अपने कब्जे में ली और जांच पड़ताल करते रहे इधर जांच के दौरान शव की पहचान कुलुकेरा पंचायत के मंगरपानी निवासी रामचरण कच्छप की पुत्री मंगली कुमारी के रूप में हुई। वही इधर इस मामले में आरोपी व्यक्ति स्वयं पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया आत्मसमर्पण करने के पश्चात पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी युवक ने बताया कि महज कुछ ही दिन पूर्व उससे दोस्ती हुई थी और प्रेम प्रसंग चल रहा था और किसी बात को लेकर रामरेखा घाटी के सभी विवाद हुआ जिसके बाद गुस्से में आकर उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक कर थाना पर आकर खुद को आत्मसमर्पण कर दिया इधर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया आरोपी युवक की पहचान जॉन मसीह पिता का नाम जेनुदिन मंसूरी के रूप में हुई बताया गया कि वह मुस्लिम धर्म छोड़ ईसाई धर्म अपना लिया है हालांकि मूल नाम का पता चल नहीं पाया है।

---

झारखंड सरकार मिनी टूल रूम व प्रशिक्षण केंद्र, रांची के लिए लोहरदगा जिला के 22 बच्चें हुए रवाना

# विशेष केंद्रीय सहायता की मदद से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार बन सकते हैं युवा : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला को प्राप्त होने वाले विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) मद से यहां के युवकों को मोटरसाइकिल रखरखाव एवं मरम्मति संबंधी छमाही प्रशिक्षण कार्यक्रम की नींव इस वर्ष रखी गई जब एससीए योजनामद के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति से से प्राप्त स्वीकृति एवं जिला प्रशासन लोहरदगा एवं झारखण्ड गवर्नमेंट मिनी टूल रूम एवं प्रशिक्षण केंद्र रांची के मध्य एमओयू किया गया। इसमें लोहरदगा जिला के 40 युवकों को मोटरसाईकिल रखरखाव एवं रिपयेर ट्रेड में रोजगारान्मुख आवासीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। जो भी युवक यह प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वे प्रशिक्षण उपरांत कहीं रोजगार कर




सकते हैं या अपना व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं। प्रशिक्षण मात्र छह माह का है जिसे आप अच्छी तरह प्राप्त करें। उक्त बातें उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज मंगलवार को नगर भवन, लोहरदगा में विशेष केंद्रीय सहायता मद अंतर्गत मोटर साईकिल रख-रखाव एवं मरम्मति संबंधी छमाही रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण हेतु युवाओं को भेजने संबंधी कार्यक्रम में कही।

पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्द्धाओं का है। सरकारी नौकरियों में बहु प्रतिस्पर्द्धा है लेकिन यह प्रशिक्षण लेकर आप आराम से अपना व्यवसाय प्रारंभ कर आय अर्जित कर सकते हैं।

वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि जनसंख्या के अनुपात में आज सरकारी नौकरियां बहुत कम है। सभी को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है। सरकार यह स्वरोजगार का सुनहरा अवसर दे रही है। इससे बहुत फायदा होने वाला है।

कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, मंत्री पुत्र युवा नेता रोहित उरांव, डीपीओ अरूण सिंह, कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम, एडीपीओ शिशिर तिग्गा, झारखंड सरकार मिनी टूल रूम एवं प्रशिक्षण केंद्र, टाटीसिलवे, रांची के सीनियर एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर आशुतोष मिश्रा, प्रिंसिपल एम के गुप्ता समेत सभी 22 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## विद्यार्थी व राहगीरों के लिए खतरा बना कूप का किया गया घेराबंदी



**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को थाना प्रभारी सनी कुमार के आदेशानुसार प्रखंड मुख्यालय के बगल में संचालित रूरल स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर किस्को के मुख्य कोच तबारक हुसैन अंसारी के नेतृत्व में मिडिल स्कूल खेल मैदान के बगल में वर्षो से जर्जरावस्था में पड़ा कुआं को चारों ओर बांस से घेराबंदी कर आमजनों के बीच हर वक्त बने खतरा को दूर करने का सराहनीय कार्य कर दिखाया गया है। उल्लेखनीय है कि किस्को में संचालित रूरल स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर के बच्चे और पदाधिकारी हमेशा जनहित की कार्यो के प्रति गंभीरता दिखाते आये हैं। इधर मिडिल स्कूल मैदान के समीप पर वर्षों से लोगों के लिए जानलेवा साबित होने वाला कुंआ का घेराबंदी कर मिशाल कायम कर दिखाया है जिसका सभी वर्ग के लोग काफी प्रशंसा कर रहे हैं। बता दें कि उक्त कुंआ के समीप तीन स्कूल संचालित होता है जिसमें हजारों विद्यार्थी पठन पाठन हेतु प्रति दिन आवाजाही किया करते हैं ऐसे में कूप का घेराव किये जाने से विद्यार्थियों के अलावा राहगीरों में राहत पहुंचाने का कार्य कर दिखाया है। मालूम हो कि रोजाना मध्यांतर के बाद बच्चे यहां पर खेलते हैं। कई बार यहां पर गाय बैल बकरी स्कूल पर गिरकर अपनी जान गंवा चुकी है। इधर थाना प्रभारी सनी कुमार के इस सराहनीय पहल को क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर प्रशंसा कर रहे हैं। मौके पर रूरल स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर के काशिफ अंसारी, इरफान अंसारी, साबिर अंसारी, मिक्याश अंसारी, राजा अंसारी, ऋषभ कुमार, समीर उरांव, वारिस अंसारी, पंचू उरांव, लकी लोहरा, सुमित उरांव, अशफाक अंसारी, कुलदीप उरांव, रोहित कुमार, राहुल कुमार के अलावे अन्य विद्यार्थी शामिल थे।

## सिमडेगा पुलिस ने साइबर अपराध जागरुकता को लेकर 44 स्कूलों में चलाया अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस के द्वारा साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत जिला के विभिन्न थानान्तर्गत चयनित 44 स्कूलों में पुलिस पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को बच्चों को साइबर अपराध के संबंध में जानकारी दी गई तथा अनुरोध किया गया कि उक्त जानकारी को अपने गांव परिवार में अधिक से अधिक साझा कर लोगों को जागरूक करें, ताकि आम जनों को साइबर ठगी के शिकार होने से बचाया जा सकें। इस क्रम में पुलिस पदाधिकारियों द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए बताया गया कि लोग जानकारी के अभाव में साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं, जिससे बचने का एक मात्र उपाय लोगों का जागरूक होना ही है इसलिए लोगों को साइबर अपराधियों से सतर्क और सजग रहने की आवश्यकता है। इस दौरान जिले के विभिन्न 10 स्कूलों में विशेष रूप से नुक्कड़ नाटक टीम के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों को जागरूक किया गया । एसपी सिमडेगा सौरभ कुमार ने बताया है कि जिले के अलग-अलग जगहों पर प्रत्येक दिन कार्यक्रम आयोजित करते हुए साइबर क्राइम को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है ताकि समाज में जागरूकता आए और साइबर क्राइम के प्रति लोग ठगी के शिकार होने से बच सकें।



## गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव ने जागरूकता रथ किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह रथ जिले के हाट व बाजार में जाकर लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु जागरुक करेगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने पूर्व के अनुभव से बताया कि इस योजना से लोगों को काफी लाभ मिलता है। हमारी कोशिश होगी कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उनकी समस्याओं को हल करें। इसके लिए पंचायत में 24 घंटे के अंदर और प्रखंडों में एक माह का समय तय किया गया है।

इसकी ऑनलाइन चेकिंग भी होगी ताकि तय समय से पहले मामले का निपटारा हो जाय। हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि प्रखंड स्तर पर ही सब मामले हल हो जाय। उन्होने बताया कि इसके लिए गांव गांव में शिविर लगाकर लोगों से आवेदन पत्र लिए जाएंगे और उसपर कार्रवाई आरंभ होगी।




## इंटक नेता ने खिजरी में बन रहे पीसीसी व नाली निर्माण में अनियमितता का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 10 खिजरी पांडे टोली कालो टोली में हो रहे पीसीसी और नाली निर्माण कार्य की स्थानीय लोगों की शिकायत पर इंटक प्रदेश सचिव दिलीप तिर्की ग्रामीणों से मिलने और कार्यस्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां मौके पर काम करने वाली महिलाओं ने बताया कि ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं। टूटा हुआ ईंट और मिट्टी युक्त बालू से ढलाई करने पर मना करने से हमें धमकाया और डराया जाता है। नाली का भी काम वैसा ही है। हम मजबूर हो जाते और काम करना पड़ता है। साथ ही यह भी बताया कि ठेकेदार महिलाओं के साथ गाली गलौज भी करते हैं। मौके पर दिलीप ने कहा कि 50 लाख से भी ज्यादा राशि जो सरकार जनता को पीसीसी के रूप में विकास के लिए दी है। किंतु संवेदक बंदरबाट करने में लगे हैं। इनसब पर उच्च अधिकारियों द्वारा पूरे काम की जांच कराऊंगा। साथ अभद्र व्यहवार करने वाले के ऊपर भी मामला दर्ज कराया जायेगा। दिलीप ने लोगो को यह भी कहा कि आपलोग ही इस रोड का इस्तेमाल कीजियेगा इसलिए आपलोग को ऐसे मामलों में जागरूक रहें। और गलत काम का प्रतिरोध करते रहे यहां के काम मे जो भी अनियमितता बरती गई है उसके लिए साइड इंजीनियर भी जिम्मेदार है। जिसपर जरूर उपायुक्त महोदया और नगर परिषद कार्यपालक द्वारा कार्यवाही होगी। टूटे ईंट और मिट्टी युक्त बालू से किये कार्य को जांच कर फिर से कराया जाएगा। जब तक जांच न हो तब तक काम को न करने की बात भी कही। ताकि ऐसे मनमानी करने वाले संवेदकों को सबक मिले।

## विधायक के पहल पर श्रीरामरेखाधाम व बीरू रियासत तक सड़क का होगा चौड़ीकरण

- विधायक के मांग पर सड़क चौड़ीकरण के लिए कैबिनेट से मिली 77.82 करोड़ की स्वीकृति



### सेवई खूंटी टोली से मां शारदाधाम तक भी सड़क निर्माण कराने की रखी गयी है मांग : भूषण बाड़ा

**विधायक** ने बीरू से रामरेखाधाम तक के लिए सड़क चौड़ीकरण एंव मजबूतीकरण की स्वीकृति दिए जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि श्रीरामरेखाधाम को पर्यटक स्थल का दर्जा देते हुए इसे विकसित करने की भी मांग सरकार से की गई है। उन्होंने बताया कि सेवई खूंटिटोली चौक से झारखंड के अंतिम छोर बनमारा गांव में स्थित मां शारदाधाम तक 16 किमी सड़क निर्माण कराने की भी सरकार से मांग की गई है। वहीं केरसई-ठेसुटोली-कुरडेग वाया टैंसेर मिशन तक भी सड़क निर्माण कराने की मांग की गई है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा के मांग पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आस्था की डोर से बंधे श्रीरामरेखाधाम और बीरू रियासत तक सड़क चौड़ीकरण के लिए सरकार ने मंजूरी दे दी है। बीरू-तामड़ा-सिकरियाटांड़ होते हुए रामरेखाधाम तक कुल 22.351 किलोमीटर तक सड़क का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण किया जाएगा। हेमन्त सरकार द्वारा सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए स्वीकृति मिलने पर जिलेवासियों में हर्ष है। इस सड़क का चौड़ीकरण हो जाने के बाद लोगों को रामरेखाधाम जाने में काफी आसानी होगी। खासकर कोलेबिरा, बानो, मनोहरपुर, खूंटी, रांची, गुमला आदि स्थानों से रामरेखाधाम जाने वाले श्रद्धालु बीरू से सीधे रामरेखाधाम पहुंच पाएंगे। वहीं बीरू रियासत भी सीधे रामरेखाधाम से जुड़ जाएगा। बता दें कि पौराणिक काल में बीरू रियासत के राजा-महाराजा डोली में बैठकर पूजा-अर्चना के लिए रामरेखाधाम पहुंचते थे। वहीं वर्तमान में आज भी इस परंपरा को बीरू रियासत के उत्तराधिकारी श्रद्धापूर्वक जीवंत बनाए रखे हुए हैं। ऐसे में सड़क का चौड़ीकरण हो जाने से बीरू और रामरेखाधाम तक की दूरी भी कम लगेगी।

**77.82 करोड़ की लागत से होगा सड़क चौड़ीकरण :** गौरतलब है कि इस सड़क का चैड़ीकरण कराने के लिए सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने जोरदार तरीके से मांग की थी। जिसके बाद सरकार ने विधायक की मांग को पूरा करते हुए कैबिनेट में चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए स्वीकृति दे दी है। इस सड़क का निर्माण कुल 77 करोड़ 82 लाख 22,300 रु. की लागत से किया जाएगा।

**माघ-कार्तिक पूर्णिमा मेला में घाटी में लगने वाले जाम से मिलेगी निजात :** रामरेखाधाम में माघ पूर्णिमा एवं कार्तिक पूर्णिमा के समय विशाल मेला का आयोजन होता है। श्रीरामरेखा धाम की घाटी में सड़क सिंगल रूट होने के कारण यहां मेला के दौरान सड़क जाम हो जाता है। नतीजन पहाड़ के नीचे कैडबेड़ा के पास ही चार पहिया वाहनों को रोक दिया जाता है। इसके बाद यहां से पहाड़ चढ़ने में श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। लेकिन सड़क का चौड़ीकरण हो जाने से जाम की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही आसानी से श्रद्धालु भी पहाड़ की तराई तक पहुंच पाएंगे।

रामरेखा मेला को लेकर रामरेखा धाम मेला समिति के साथ उपायुक्त ने की बैठक

# रामरेखा मेला से पूर्वक सभी तैयारियों को चुस्त और दूरूस्त करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर लगने वाले पवित्र तीर्थस्थल रामरेखा धाम मेला को लेकर मंगलवार को उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में रामरेखा धाम मेला समिति की बैठक का आयोजन हुआ। मौके पर समिति के द्वारा बताया गया इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा 8 नवम्बर 2022 को है। ऐसे में रामरेखा धाम में दिनांक 06 नवम्बर से 09 नवम्बर 2022 तक मेला का आयोजन होगा। मेले में झारखंड उड़ीसा छत्तीसगढ़ सहित अलग-अलग राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं जिसको लेकर विधि व्यवस्था से संबंधित सभी चीजों पर बारीकी से चर्चा किया गया। बैठक में रामरेखा मेला में विधि-व्यवस्था संधारण एवं अन्य व्यवस्था संधारण हेतु विस्तृत समीक्षा की गई। पेयजल आपूर्ति, यातायात, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युतीकरण, वाहन पार्किंग, साफ-सफाई सहित मेले में विधि-व्यवस्था संधारण एवं अन्य व्यवस्था हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने रामरेखा मेला से पूर्वक सभी तैयारियों को चुस्त एवं दूरूस्त करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया। साथियों ने कहा कि जगह-जगह पर पुलिस जवानों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार से कोई भी परेशानी ना हो उन्होंने कहा कि 2 वर्षों के पश्चात इस बार मेले का आयोजन हो रहा है ऐसे में भीड़ अत्याधिक होने की संभावना है जिसको देखते हुए मेले अस्थल सहित आसपास के क्षेत्र में सीसीटीवी सहित कई प्रकार की सुविधा बहाल की जाएगी ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, डीएसपी पतरस बरवा, कार्यपालक अभियंता पी.एच.डी, अनिल कुमार गुप्ता, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल विषेष्वर मरांडी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमडेगा अजय कुमार रजक, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पाकरटांड़ शक्ति कुंज, अंचलाधिकारी पाकरटांड़ अमित कुमार, थाना प्रभारी सिमडेगा दयानन्द कुमार, थाना प्रभारी पाकरटांड़, पुलिस पदाधिकारी, रामरेखा धाम संचालन समिति के सदस्यगण व अन्य उपस्थित थें।



## भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के लिए समाजसेवी डॉ टी साहू ने दिया 25 हजार सहायता राशि

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट की बैठक राणा चौक स्थित लोहरदगा दन्त चिकित्सा केंद्र में हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिक सह समाजसेवी डॉक्टर टी साहू उपस्थित हुए। मौके पर ट्रस्ट के नीति सिद्धांत से उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों को परिचय कराया गया। बताया गया कि भूतपूर्व सैनिक ट्रस्ट भूतपूर्व सैनिकों को परेशानी को देखते हुए बनाया गया है। इस ट्रस्ट से जुड़े भूतपूर्व सैनिकों को ट्रस्ट हर समस्या में साथ देते हैं और उनका कल्याण करते हैं। बताया गया कि भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए हर साल अपने पेंशन मद से डॉ टी साहू 25 हजार रुपये सहायता राशि देते हैं। मंगलवार को डॉ टी साहू ने सहयोग राशि को जिलाध्यक्ष धर्मराज महतो व अन्य भूतपूर्व सैनिकों के समक्ष दिया। यह राशि भूतपूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ उपयोग किया जाता है। उनकी इस सराहनीय कार्य को देखते हुए और भी भूतपूर्व सैनिक कल्याण कोष में राशि जमा कर रहे है। मौके पर डॉक्टर टी साहू का कहना है की भूतपूर्व सैनिक भाई जो भी है हम उन्हें हमेशा मदद करने के लिए आगे रहते हैं। ट्रस्ट का भी यही कहना है कोई भी हमारे भूतपूर्व सैनिक किसी को कोई परेशानी है तो और लोग लोहरदगा भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट से मिल सकते हैं और अपना परेशानी दूर कर सकते हैं। यह ट्रस्ट उन लोगों का स्वागत करता है और सभी से निवेदन करता है जो भूतपूर्व सैनिक है। सभी लोग इसमें जुड़े और जहां भी बैठक होता है वहां पर आए और वहां के बातों से और वहां के द्वारा जो भी सेवाएं मिल रहा है उसका लाभ उठाएं। मौके पर सदस्य सुखराम भगत समेत अन्य भूतपूर्व सैनिक सदस्य मौजूद थे।



## न्यूज गैलरी

### आरपीएफ पुलिस ने शराबियों को खदेड़ा



**मेदिनीनगर।** कुछ दिन पहले युवक पर एसिड अटैक के बाद शहर के डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गयी है। आरपीएफ डीएसपी बनारसी यादव के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के इर्द-गिर्द सभी जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है।आज सोमवार को डाल्टेनगंज रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर शराब पी रहे लोगों को आरपीएफ पुलिस द्वारा खदेड़ा गया। और चेतावनी दी गई कि अगली बार से अगर शराब कोई भी व्यक्ति पीते पकड़े जाते हैं, तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया जायेगा। डीएसपी बनारसी यादव ने बताया कि रेलवे स्टेशन के बाहर शराब दुकान होने की वजह से लोग यहीं पर शराब पीकर रेलवे स्टेशन के पास गलत काम करते हैं और लोगों को परेशान करते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से यहां से शराब दुकान हटाने की मांग की है।

### पाटन प्रखंड में निकली कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लगातार जिले में भारत जोड़ो यात्रा का अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में मंगलवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक के नेतृत्व में पाटन प्रखंड के विभिन्न गांव में भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामानंद पांडे एवं संचालन अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष अशोक पासवान, अभय पांडेय ने किया। पाटन प्रखंड के प्रभारी प्रदेश प्रतिनिधि सत्यनारायण तिवारी मौजूद थे। सर्वप्रथम भारत जोड़ो यात्रा बरवाडी गांव से शुभारंभ किया गया । सगुना गांव में बाबा डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माला अर्पण करके यात्रा को अगली गांव के लिए प्रस्थान किया गया। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू जिला में भी लगातार 5 महीने तक निरंतर जिला के सभी प्रखंड नगर वार्ड पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से देश में प्रेम, भाईचारा सद्भावना के साथ देश को सशक्त और मजबूत बनाने का संदेश दिया जा रहा है। यात्रा में प्रमुख रूप से पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद तिवारी ,शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह ,अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष अशोक पासवान,चिंतामणि तिवारी, राजेश चौरसिया, यूवा विधानसभा अध्यक्ष नितेश पासवान,अजय साहू, देवांश शुक्ला, सौरभ पांडे, विनोद पाठक ,अभय पांडेय, सुशील पासवान, रामपुकार प्रसाद, संजय पासवान, रामानंद मांझी, सुदीप पासवान,सुधाकर पासवान प्रदीप पासवान काफी संख्या में महिला और युवा उपस्थित रहे।

### पलामू में गतका एसोसिएशन को मिली मान्यता

**मेदिनीनगर।** पलामू के द कराटे एकेडमी के निर्देशक सेंसाई सुमित कुमार वर्मन के अथक प्रयास से झारखंड गतका एसोसिएशन ने एक साल की मान्यता पलामू गतका एसोसिएशन को दी है। झारखंड गतका एसोसिएशन के सचिव प्रिंस मिश्रा ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि झारखंड में सुमित वर्मन जैसे गका के नेशनल कोच है। गटका एक सीख धर्म के मार्शल आर्ट खेल है । जिसे भारत सरकार ने मान्यता दी है । वही मौके पर सुमित वर्मन ने कहा की पलामू में खिलाड़ियों की संख्या अधिक है । परंतु सही खेल का चुनाव करना अति आवश्यक है। मार्शल आर्ट एक ऐसा खेल है। जिसमें खिलाड़ी शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत रहते हैं। पलामू गतका एसोसिएशन को मान्यता मिलने से अब यहां के खिलाड़ी खेलो इंडिया जैसे खेल में भी अपना परचम लहरा सकेंगे । खिलाड़ियों को निस्वार्थ मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्हें उचित स्थान पर पहुंचाने का कार्य कराटे एकेडमी करेगी । वही पलामू के गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के शारीरिक शिक्षक दीपेंद्र सिंह को झारखंड गटका रेफरी की उपाधि मिली।

### रेलवे स्टेशन पर चला टिकट चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सोमवार को चेकिंग अभियान चला। जिसमें रात्रि टिकट चेकिंग के दौरान 69 यात्री बगैर टिकट के पकड़े गए। पकड़े गए यात्रियों से जुर्माना के तौर पर 28,270 रुपये का राजस्व एकत्रित किया गया। टिकट चेकिंग का नेतृत्व टीटीई बीएम पांडे कर रहे थे। उन्होंने बताया कि रेलवे की ओर से लगातार यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए विभाग लगातार कार्य कर रही है। गौरतलब है कि बीते दिनों भी रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान में कई यात्री पकड़े गए थे। टिकट चेकिंग अभियान में कुमार अजय, बी गंझू, आरपी सिंह, आरपीएफ कर्मचारियों के साथ दिलीप कुमार मौजूद थे।

### धनंजय त्रिपाठी ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** युवा समाजसेवी धनंजय त्रिपाठी ने निगम क्षेत्र का दौरा कर सभी वार्डो के समस्याओं को संकलित कर मंगलवार को नगरआयुक्त को ज्ञापन सौंपा । श्री त्रिपाठी ने इस संबंध में आरटीआई के जरिए जवाब भी मांगा हैं। वार्ड भ्रमण के दौरान उन्होंने निगम के क्षेत्र में सुविधाओं का घोर अभाव पाया। वहीं गंदा पानी की सप्लाई की जा रही, जो पीने लायक नही है। उन्होंने वार्ड न0 19 के रामनगर में नाली की समस्या है जिस कारण वहां केघरों में पानी घुस रहा है । स्ट्रीट लाईट पीने की पानी की सुविधा नही है । वहीं वार्ड न0 08 के गुरियाही टोला में भी पानी की समस्या है। वहं भी किसी घर में सप्लाई नहीं है। उस क्षेत्र में सिर्फ दो हैन्डपम्प है जो कि खराब है । उसे जल्द ठीक कराया जाय। वार्ड न0 04 महावीर मंदिर के पास रोड नहीं होने के कारण लोग कीचड़ में चलने को मजबूर है । चंदा इकट्ठा कर रोड बनवाये है । ननिगम स्थापना के पाँच साल समाप्त होने को है। फिर भी लोग नाली का गंदा पानी पीने को विवश है । वार्ड न0 27 जो मुस्लिम नगर का पहाड़ी मुहल्ला है। वहाँ भी पानी का घोर अभाव है ।वहाँ भी पानी का सप्लाई के पाइप लाईन लगाया जाय । जिससे लोगों को स्वच्छ पीने का पानी मिल सके । इसके अलावा विभिन्न वार्ड से संबंधित कई समस्याओं का जिक्र भी अपने ज्ञापन में किया है।

### जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गई

**मेदिनीनगर।** शहर के पलामू क्लब में जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गई। जयप्रकाश नारायण की जयंती,राष्ट्रीय धरोहर स्मृति संघ के तत्वावधान में आयोजित की गई। संघ के लोगों ने जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र पांडे ने किया। मौके पर उपस्थित नरेंद्र पांडे ने कहा कि देश व समाज के विकास के लिए संघर्ष की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों को जात और समाज में नही बांधना चाहिए।

## आयुक्त व डीआईजी ने दीक्षांत समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

# दीक्षांत समारोह में राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह 14 अक्टूबर 2022 को होना है। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस करेंगे। इसके लिए उन्होंने स्वीकृति प्रदान कर दी है। राज्यपाल के शुभ आगमन को लेकर आज प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी एवं डीआईजी राजकुमार लकड़ा ने गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय मैदान, मेदिनीनगर स्थित दीक्षांत स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। आयुक्त ने दीक्षांत समारोह स्थल पर पेयजल, टॉयलेट, साफ- सफाई एवं विश्वविद्यालय से जुड़ी सड़क की सफाई करने के लिए नगर आयुक्त को निर्देश दिया। उन्होंने नगर आयुक्त से दूरभाष पर बातचीत कर उन्हें इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन को इस व्यवस्था हेतु नगर निगम को पत्र भेजने की भी बातें कही।आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से उन्हें अवगत कराया गया कि दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल रमेश बैस ने स्वीकृति प्रदान की है। दीक्षांत समारोह की पूरी तैयारी में विश्वविद्यालय प्रशासन जुटा है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को कुछ सुझाव दिए हैं। साथ ही प्रशासनिक मदद की भी बातें कही है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं जिला प्रशासन द्वारा अन्य व्यवस्थाओं का आकलन करते हुए दीक्षांत समारोह की तैयारी पूर्ण की जायेगी। नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम लखन सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से 4 वर्ष के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री एवं गोल्ड मेडल दिया जायेगा। साथ ही यूजी एवं पीजी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री एवं गोल्ड मेडल तथा 4 वर्षों में जिन विद्यार्थियों ने पीएचडी की है, उन्हें डिग्री प्रदान की जायेगी। समारोह के तहत 131 गोल्ड मेडल एवं पीएचडी के 20 विद्यार्थियों को डिग्री दी जायेगी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत स्थल पर आयुक्त एवं डीआईजी का निरीक्षण हुआ है। उनके द्वारा कुछ सुझाव दिए गए हैं, इन सुझावों को अमल करते हुए दीक्षांत समारोह की तैयारी पूर्ण की जायेगी। आयुक्त एवं डीआईजी ने विश्वविद्यालय के निमार्णाधीन प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय, एकेडमिक भवन, वीसी विला का भी जायजा लिया। उन्होंने पाया कि प्रशासनिक भवन एवं पुस्तकालय भवन कुछ मामुली कार्यों के साथ पूर्ण होने को है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त जटा शंकर चौधरी एवं डीआईजी राजकुमार लकड़ा के साथ कुलपति डॉ. राम लखन सिंह, प्रति कुलपति , रजिस्ट्रार डॉ. राकेश कुमार, सीसीडीसी डॉ. एके पांडेय, जीएलए कॉलेज के प्राचार्य आईजे खलखो आदि उपस्थित थे।

## संत मरियम स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारम्भ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के प्रतिष्ठित स्कूल संत मरियम में मंगलवार को अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारम्भ हुई। परीक्षा के प्रथम दिन वर्ग 9 वीं 10 वीं, 11वीं और 12 वीं की परीक्षा हुई। मौके पर परीक्षा का अवलोकन करते हुए स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज प्रथम दिन की परीक्षा पूरी तरह कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई । विद्यार्थी जीवन में परीक्षा का विशेष महत्व होता है । नए सत्र के प्रारम्भ होते ही विद्यार्थी पूरे मनोयोग से धीरे धीरे कुछ सीखने के साथ परीक्षा की तैयारी में लग जाते है। कुछ बेहतर करने की जिजीविषा , अच्छे अंक की सुनिश्चितता के साथ भविष्य की अनेकों प्रारूपो को मन में संजोए सभी लोग बेहतर करने का सदैव प्रयास करते है। प्रत्येक विषय का गहन अध्ययन , त्रुटियों का विश्लेषण , कमजोर पहलू पर फोकस करते हुए , कड़ी मेहनत और परिश्रम से विद्यार्थी परीक्षा के लिए अपने आप को बेहतर रूप से तैयार कर पाते हैं। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा में सफलता हेतू अग्रिम शुभकामनाएं।

## पांच माह से ग्रामीणों को नहीं मिला है राशन, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सोनपुरवा,घोरही, चक बरेवा गांव के ग्रामीणों को पांच माह से सरकारी राशन नही मिले है। राशन लेने के लिए ग्रामीण दर दर भटक रहे हैं। परंतु पांच माह से उन्हें राशन नहीं मिला है। राशन नही मिलने की शिकायत ग्रामीणों ने पोलपोल कला पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी से भी किया है। इसके बावजूद भी उनके समस्या का समाधान नहीं हो सका। वार्ड डीलर अवध नारायण मांझी पांच माह से ग्रामीणों को राशन नहीं दिए हैं । इसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि दशहरा जैसे त्योहार में भी राशन का वितरण नही किया गया। वही छठ आने वाला है। छठ पर्व में भी राशन का वितरण सुनिश्चित नहीं किया जाता है,इसे लेकर ग्रामीण सड़क पर उतरने के बाध्य होंगे। पोलपोल पंचायत के मुखिया को ग्रामीणों ने इस मामले में पहल करने की मांग की है । मुखिया ने ग्रामीणों की शिकायत को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पास की है। वही अगस्त व सितंबर माह का राशन जो केन्द्र सरकार द्वारा पांच किलो प्रति परिवार को मिलता है । जिसका वितरण अगस्त व सितम्बर माह का अभी तक नही किया गया है। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सभी पंचायतों में फ्री राशन का वितरण किया जा रहा है। परंतु पोलपोल ,सरजा ,लहलहे व झाबर पंचायत में केंद्र सरकार के द्वारा मिलने वाला फ्री राशन का वितरण नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने इसकी जांच पलामू के उपायुक्त से कराने की मांग की है। ताकि लोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न न हो।

## बीटीटी व एसटीटी ने किया समाहरणालय का घेराव

### सात सूत्री मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सहिया,सहिया साथी, बीटीटी-एसटीटी ने मंगलवार को अपनी सात सूत्री मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन करते हुए दो घंटे तक पलामू समाहरणालय का घेराव किया। बाद में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा । इससे पहले सीएस कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। यहां से रैली निकाल कर सभी डीसी कार्यालय पहुंचे। समाहरणालय का घेराव करते हुए सहिया, सहिया साथी,बीटीटी-एसटीटी ने कहा कि संवर्गीय नियमावली तैयार कर लागू की जाये एवं पद के अनुरूप वेतन प्रोन्नति का मार्ग प्रशस्त किया जाये। सहिया, सहिया साथी, बीटीटी-एसटीटी को सरकारीकर्मी का दर्जा दिया जाये। सहिया को 15 हजार, सहिया साथी को 20 हजार, बीटीटी को 30 हजार एवं एसटीटी को 40 हजार मानदेय निर्धारित की जाये। सरकारीकर्मी तथा एनएचएमकर्मी के सामान छुट्टी का अधिकार सुनिश्चित की जाये। कार्य के दौरान मौत होने पर दो लाख रुपये तथा अपंग होने पर डेढ़ लाख की राशि एकमुश्त भुगतान सुनिश्चित किया जाये। मासिक पीएफ कटौती की व्यवस्था एवं रिटायरमेंट की उम्र सीमा 65 वर्ष की जाये। मौके पर सहिया संघ के अध्यक्ष राजकुमारी श्रीवास्तव,प्रीति कुमारी .सुनीता देवी,मीना देवी,सीमा देवी,अंजली देवी,प्रियंका देवी,सविता देवी,पूनम देवी,शशि देवी,मालती देवी ,सुनैना देवी,गीता देवी, रुखसाना बानो,रेशमा बानो सहित काफी संख्या में सहिया उपस्थित थे।

## अनाथ बच्चों के बीच उपायुक्त ने किया राशन किट का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में कोरोना काल के दौरान अनाथ हुए 66 बच्चों के बीच मंगलवार को उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने राहत सामग्री का वितरण किया। राहत सामग्री किट में 14 प्रकार के पोषण युक्त खाद्य पदार्थ और घरेलू सामग्री शामिल है। जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं बाल कल्याण समिति द्वारा कोविड 19 काल के दौरान मार्च 2020 के बाद अनाथ हुए बच्चों को चिन्हित किया गया। चिन्हित सभी बच्चों को राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के निर्देश पर बाल स्वराज पोर्टल पर एंट्री किया गया था। इन्हीं बच्चों के बीच यह राहत सामग्री कीट का वितरण किया जा रहा है। संरक्षण पदाधिकारी केडी पासवान ने बताया कि जिला में सर्वे कर ऐसे अनाथ बच्चों की सूची तैयार की गई थी। जिसे केयर इंडिया के सहयोग से राहत सामग्री कीट बांटा जा रहा है। इसी क्रम में आज कुल 66 बच्चों को राहत कीट प्रदान किया गया। वहीं इन बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 18 वर्ष की उम्र तक दो-दो हजार रुपए भी प्रदान किया जायेगा।

## झामुमो ने जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ योजनाओं पर किया मंथन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा के नेतृत्व में मंगलवार को चियांकी स्थित कामेश्वर अवध विद्यालय में झामुमो के जिला के सभी पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्ष, सचिव कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई। इस कार्यक्रम में संगठन पर और साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के विषय में चर्चा की गई और इससे लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ कैसे पहुंचाया जाये । इस पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव सन्नु सिद्धिकी ने किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि झामुमो द्वारा जागरूकता अभियान की शुरूवात की जा रही है। इस कार्यक्रम में शामिल होकर सभी आम लोग सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, ग्रीन राशन कार्ड एवं अन्य योजनाओं का लाभ उठाएं। सचिव सन्नू सिद्धिकी ने कहा कि प्रचार वाहन, पोस्टर, बैनर, पर्चे के माध्यम से सरकार की इस बेहतरीन कार्यक्रम को लोगों को जागरूक किया जाएगा और झामुमो के कार्यकर्ता ये सुनिश्चित करेंगे कि सभी वंचितों को उनका हक मिल पाये। विकास की किरण हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी ने कहा कि यह योजना सरकार ने आम जनभावना को देखते हुए चलाया है। युवा नेता सन्नी शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का धन्यवाद जिन्होंने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को जनता के बीच लाया है, जो कहते हैं वो करते हैं । ये बात आज साबित हो गई,कि जनता ने जिस अबुआ राज के सपने को देख वोट किया था । आज वो साकार हो रही है। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल सिन्हा, सुनील तिवारी, चंदन सिन्हा, मनोज गुप्ता, झामुमो कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष बालकिशुन उरांव, रंजन चंद्रवंशी, राकेश कुमार सिन्हा, युवा नेता सन्नी शुक्ला, संजय चन्द्रवंशी, अविनाश देव, दीपक तिवारी, कमाल खान, राकेश कुमार सिंह, महिला नेत्री कौशल आरा, सुशीला मिश्रा, रानी देवी, अफसर रब्बानी, नीतीश तिवारी, विवेकानंद सिंह, संतोष मिश्रा, मनौवर जमा, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह, सहित सैकड़ों झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त कार्यालय में लगा जनता दरबार

### पेंशन संबंधित सभी आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी अंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में जनता दरबार लगाया। इस दौरान प्रशिक्षु पदाधिकारी सह सहायक दंडाधिकारी एवं सहायक समाहर्ता विस्पुते श्रीकांत यशवंत भी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने 40 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित पदाधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से कहा कि कल से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू हो रही है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आप अपने निकटतम प्रखंड मुख्यालय में अवश्य जाएं और शिविर के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। विश्रामपुर के लोटार ग्राम से आए कन्हाई भुइयां ने बताया कि उनके रिश्तेदार के खिलाफ गलत तरीके से थाने में केस दर्ज कर लिया गया है, जबकि वे निर्दोष है। उन्होंने बताया कि जिस दिन यह केस दर्ज कराया गया उस दिन उनके रिश्तेदार उनके घर आयी हुई थी। इस बाबत उन्होंने उपायुक्त के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत किया। जिसे उपायुक्त ने एसपी को प्रसारित किया। वही सिंगरा कला से आये संजय कुमार सिंह ने बताया कि श्रम अधीक्षक के पास उन्होंने छात्रवृत्ति संबंधी एक आवेदन दिया था, किंतु अभी तक उस राशि का भुगतान नहीं किया जा सका है। उनके इस आवेदन को उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक के पास अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। पंडवा से आए रामजन्म राम ने बताया कि उनके जमीन पर उनके गोतिया द्वारा जबरदस्ती से अवैध कब्जा कर लिया गया है और हमेशा धमकी देते रहते है। उन्होंने उपायुक्त से मदद करने की बात कही । ताकि वे अपना जमीन फिर से पा सके। उनके इस आवेदन को उपायुक्त ने सदर एसडीओ को अग्रसारित किया। दूसरी तरफ पाटन से आई जानकी देवी ने सेविका चयन में अनियमितता बरतने संबंधित अपना आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया । उन्होंने उपायुक्त से इसकी जांच कराने हेतु मांग की। उपायुक्त ने उनके आवेदन को समाज कल्याण पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया।आज के जनता दरबार के दौरान लोगों ने बिजली, पेयजल, पेंशन, मकान निर्माण, जमीन, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन और गली निर्माण से संबंधित समस्याएं रखी। जिसे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के अंदर समस्याओं का समाधान करने व उनकी पालन रिपोर्ट सूचना भवन में भेजने के निर्देश दिए।

## अभाविप ने जेएस कॉलेज में विरोध प्रदर्शन किया



**नवीन एल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।**अभाविप के जनता शिवरात्रि महाविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में जमकर हंगामा किया गया । विद्यार्थियों का विरोध इस बात को लेकर था कि 11वीं 12वीं के नामांकन में प्रत्येक वर्ष विकास शुल्क के नाम पर पैसे की उगाही की जाती है। विकास के नाम पर महाविद्यालय में न तो अच्छे शौचालय की व्यवस्था है और ना ही अच्छे पुस्तकालय की। विद्यार्थियों के भारी हंगामे के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द महाविद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं के लिए शौचालय की व्यवस्था पीने के पानी की व्यवस्था और एक उच्च स्तर के पुस्तकालय की व्यवस्था भी की जायेगी। मौके पर उपस्थित जिला एसएफडी संयोजक सुमित पाठक ने कहा कि विकास शुल्क के नाम पर लगातार पैसे की उगाही हो रही है। लेकिन महाविद्यालय का विकास नहीं हो रहा है । प्राचार्य ने हमें आश्वस्त किया है ,यदि आश्वासन के अनुसार उन्होंने कार्य नहीं किया तो विद्यार्थी परिषद जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में उग्र आंदोलन करेगा। जिसका जिम्मेवार महाविद्यालय प्रशासन होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्कर्ष तिवारी, गीतांजलि कुमारी, दीपक पांडे, गौतम ओझा ,पूजा कुमारी, संजीव सिंह, रोशनी कुमारी सहित सैकड़ों छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

सम्पादक की कलम से...

# झारखंड के कांग्रेसी

**अखिल** अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिये झारखंड में कांग्रेसी नेता मोर्चे पर जुटने लगे हैं। चुनाव में खड़े पार्टी प्रत्याशी शशि थरूर और मल्लिकार्जुन खड़गे के सपोर्टर अपने-अपने स्तर से रणनीति बनाने में जुट गये हैं। झारखंड से कांग्रेस अध्यक्ष के लिये 319 प्रतिनिधि 17 अक्टूबर को वोट डालेंगे। इससे पहले दोनों कैंडिडेट के लिये उनके करीबी नेता रणनीति बनाने और उसे अमलीजामा पहनाने में लग चुके हैं। प्रदेश प्रोफेशनल कांग्रेस अपने पत्ते खोल चुका है। वह प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष रहे शशि थरूर के समर्थन में ही उतरेगा। उनके लिये कैंपेन भी चला रहा है। उधर, प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता मगजमारी करते दिखलाई पड़ने लगे हैं। अपने पसंदीदा कैंडिडेट की जीत के लिये चुनावी मैदान में मोर्चा संभाले हुए हैं। इस बाबत प्रदेश प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल शशि थरूर के समर्थन में मोर्चा संभाल चुके हैं। उनके मुताबिक अध्यक्ष पद के लिये वे थरूर के प्रस्तावक हैं। उनके समर्थन में और उनकी जीत के लिये वे विशेष कैंपेन चला रहे हैं। पार्टी नेताओं से संपर्क साधने का काम शुरू हो चुका है। गुरूवार को थरूर के समर्थन में घोषणा पत्र भी जारी कर दिया जायेगा। विधायक दीपिका पांडे के मुताबिक वे अध्यक्ष पद के लिये बेस्ट कैंडिडेट का चुनाव करेंगी। इस संबंध में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से वोटिंग के लिये सूचना आ चुकी है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत भी इस काम में जुट गये हैं। पार्टी नेता उचित कैंडिडेट के लिये वोटिंग की तैयारी में लग गये हैं। मतदान का अधिकार पूरे देश में 9,000 कांग्रेसियों को होगा। इन्हें कांग्रेस डेलीगेट्स या प्रतिनिधि कहा जाता है जो विभिन्न प्रदेश कांग्रेस समितियों के सदस्य होते हैं। इन सदस्यों को कांग्रेस की ब्लाक समितियों से चुनकर भेजा पीसीसी जाता है। राज्य में 17 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में वोट डाले जायेंगे। इसमें 319 प्रतिनिधि अपने मत का प्रयोग करेंगे। पूरे देश भर में करीब 9000 प्रतिनिधि वोट डालेंगे। नतीजे 19 अक्टूबर को घोषित किये जायेंगे। कांग्रेस के प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी प्रकाश जोशी के नेतृत्व में मतदान प्रक्रिया कराने की योजना है। मतदान के बाद श्री जोशी बैलेट बॉक्स लेकर दिल्ली लौट जायेंगे। ऐसे में राज्य के गलियारों में कांग्रेस खेमे में हलचल जारी है। बहरहाल झारखंड कांग्रेस में खेमेबाजी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सभी एकमत नहीं हैं। इससे दो खेमों में विभक्त कांग्रेस अपने नेता का चयन करेगी। दूसरी तरफ देखा जाये तो कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए एक राय का नहीं बनना यह दर्शाता है कि राज्य के दिग्गज कांग्रेसी आज भी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। बावजूद जो उत्साह देखा जाना चाहिए वह यहां नहीं दिख रहा है। कमजोर कांग्रेस अपने नेता के चयन के पीछे की सच्चाई से बचने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में झारखंड कांग्रेस के 319 प्रतिनिधि का वोट काफी मायने रखता है। जो देश को नया कांग्रेस अध्यक्ष बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। चर्चाओं के बाजार में कौन अपना प्रभाव झारखंड की जमीन पर रखता है,यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। बावजूद अध्यक्ष पद के लिए सरगर्मी तेज है।

## आज का इतिहास

**1997 :** अरुंधति राय को उनके उपन्यास 'द गॉड आफ स्माल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
**1998 :** गरीबी उन्मूलन के लिए भारत की फातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
**2006 :** संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाया।
**1882 :** शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
**1884 :** प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
**1933 :** जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
**1943 :** जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1946 :** हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**1948 :** इजरायल और मिस्त्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
**1956 :** डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
**1931 :** पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्म।
**1932 :** टाटा कंपनी ने टाटा संस लिमिटेड नामक देश की पहली एयर लाइन की शुरूआत की।
**1949 :** त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।
**1961 :** लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का निधन।
**1978 :** सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
**1988 :** उज्वला पाटिल समुद्र के रास्ते विश्व का चक्कर लगाने वाली पहली एशियाई महिला बनी।
**1990 :** बॉलीवुड अभिनेता ओम शिवपुरी का निधन।
**1990 :** सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोबाचौव को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया।
**1996 :** फिजी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि की पुष्टि करने वाला प्रथम देश बना।

# क्षेत्रीय दलों के निशाने पर आई बीजेपी

> अधिकतर क्षेत्रीय दल चाहे तेलंगाना में हों या आंध्र प्रदेश में, पश्चिम बंगाल में हों या महाराष्ट्र में, कांग्रेस के पतन की कीमत पर ही उभरे हैं। जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस कमजोर होती गई वहां-वहां क्षेत्रीय दलों का प्रभाव बढ़ता गया। यह ट्रेंड पिछले तीन दशकों से है। सबसे नया उदाहरण आम आदमी पार्टी है। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्य में कांग्रेस से जो वोट बैंक निकला, उस पर ही अपनी पकड़ बनाकर क्षेत्रीय दल स्थापित हुए। अधिकतर क्षेत्रीय दलों का वोट आधार कांग्रेस से ही मिलता-जुलता रहा है। स्वाभाविक ही क्षेत्रीय दलों को लगा कि अगर कांग्रेस उभरेगी तो इसका नुकसान उन्हें होगा।

**न**रेन्द्र मोदी की अगुआई में बीजेपी ने 2014 में कांग्रेस मुक्त भारत का सियासी नारा दिया था। उसमें आंशिक रूप से सफलता भी मिली। न सिर्फ 2014 और 2019 आम चुनाव में कांग्रेस ने अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया बल्कि कई राज्यों से उसकी सरकार भी चली गई। लेकिन इस बीच कई क्षेत्रीय दलों ने अपनी सियासी जमीन बचाये रखी। बीजेपी ने भी रणनीति के तहत उन पर उतना प्रहार नहीं किया जितना कांग्रेस पर किया। लेकिन पिछले कुछ सालों में बीजेपी ने पूरे देश में विस्तार करने और विभिन्न राज्यों में अपने दम पर सरकार बनाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय दलों को भी उनके गढ़ में चुनौती देना शुरू कर दिया है। इसमें भी बीजेपी को आंशिक सफलता मिली। लिहाजा अब क्षेत्रीय दल भी आक्रामक रूप से बीजेपी के सामने उतर रहे हैं। जो क्षेत्रीय दल पिछले दो आम चुनावों में बीजेपी के प्रति अपेक्षाकृत नरम रहे, अब वही सबसे अधिक आक्रामक नजर आ रहे हैं। इन दलों को लगता है कि अगर 2024 में बीजेपी को रोकने में वे विफल रहे तो कांग्रेस की तरह ही उन्हें अपने ही गढ़ में जूझना पड़ सकता है। यही कारण है कि सियासी हालात को देखते हुए हाल के दिनों में कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों में सियासी दूरियां घटती दिख रही हैं। पिछले कुछ दिनों से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी भी लगातार विपक्षी एकता की बात कर रहे हैं। कम से कम तीन मौकों पर उन्होंने स्पष्ट रूप से विपक्षी एकता की बात की। कांग्रेस के इस स्टैंड में पिछले दो महीने में बड़ा बदलाव दिखा। **बड़ी लड़ाई पर फोकस रखने का फैसला :** उदयपुर में कांग्रेस के नव संकल्प शिविर में राहुल गांधी ने क्षेत्रीय दलों की सीमाएं गिनाते हुए कहा था कि देश में अकेली कांग्रेस ही है जो बीजेपी और संघ से लड़ सकती है। राहुल का कहना था कि क्षेत्रीय दलों की अपनी जगह तो है, लेकिन उनकी कोई विचारधारा नहीं होती। बीजेपी भी जानती है कि क्षेत्रीय दलों के हित क्षेत्रीय होते हैं, इसलिए वे उसे नहीं हरा सकते। राहुल के इस बयान पर एसपी, आरजेडी, जेएमएम से लेकर नैशनल कॉन्फ्रेंस और सीपीएम तक तमाम क्षेत्रीय दलों की ओर से तीखी टिप्पणियां आई थीं। लेकिन बाद में नीतीश कुमार से लेकर शरद पवार तक कई नेताओं की कांग्रेस नेतृत्व से मुलाकात हुई। सभी दलों ने माना कि पहले उन्हें प्राथमिकता तय करनी होगी। उसके बाद सभी सहमत हुए कि अभी उन्हें आपसी अंतर्विरोध को दरकिनार कर बड़ी लड़ाई पर फोकस रखना होगा। क्षेत्रीय दल और कांग्रेस के बीच कई मौकों पर न सिर्फ विरोध रहा है बल्कि क्षेत्रीय दल भी कांग्रेस से दूरी बनाये रखने में ही अपना फायदा समझते थे। इसके पीछे उनका अपना कारण भी है। अधिकतर क्षेत्रीय दल चाहे तेलंगाना में हों या आंध्र प्रदेश में, पश्चिम बंगाल में हों या महाराष्ट्र में, कांग्रेस के पतन की कीमत पर ही उभरे हैं। जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस कमजोर होती गई वहां-वहां क्षेत्रीय दलों का प्रभाव बढ़ता गया। यह ट्रेंड पिछले तीन दशकों से है। सबसे नया उदाहरण आम आदमी पार्टी है। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्य में कांग्रेस से जो वोट बैंक निकला, उस पर ही अपनी पकड़ बनाकर क्षेत्रीय दल स्थापित हुए। अधिकतर क्षेत्रीय दलों का वोट आधार कांग्रेस से ही मिलता-जुलता रहा है। स्वाभाविक ही क्षेत्रीय दलों को लगा कि अगर कांग्रेस उभरेगी तो इसका नुकसान उन्हें होगा। क्षेत्रीय दल और कांग्रेस के बीच एक ही वोट बैंक पर हक जताने की जंग चुनाव दर चुनाव दिखती भी रही है। लेकिन जानकारों के अनुसार पिछले दो-तीन सालों में हालात बदले हैं। अब इन सब के लिए बीजेपी से लड़ना प्राथमिक सियासी चुनौती बन गई है। लगभग एक दशक से देश की राजनीति के केंद्र में आ चुकी बीजेपी इन क्षेत्रीय दलों के लिए बड़ा खतरा बन गई। इसके अलावा बीजेपी की तरह कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों का भी अपना वोट बैंक बन गया। ऐसे में अब बहुकोणीय चुनाव का असर किसके वोट बैंक पर पड़ेगा इसका आकलन गलत भी साबित हो सकता है। **बदले हालात तो रिश्ते भी बदल गये :** तेलंगाना में केसीआर कांग्रेस को अपना सबसे निकटतम विरोधी मानते रहे। और इसी बीच पिछले कुछ सालों में बीजेपी वहां सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभर आई।

■ **नरेंद्र नाथ**

# एक इंजीनियर की कहानी उसी की जुबानी

**हा**ल ही में मुझे दिल्ली से चेन्नै जाना पड़ा। बगल वाली सीट पर जो युवक बैठा था, वह मूलतः चेन्नै का था। बातें शुरू हुईं। आरंभिक झिझक के बाद दोनों खुल गये। वह मुझसे ज्यादा बतक्कड़ था। वह अपनी बताने लगा और मैं सुनने लगा। उसने अपने बारे में क्या बताया उसी की जुबानी सुनते हैं झ मेरा नाम सेल्वन है। मैं चेन्नै से हूँ। क्षमा करें चेन्नै से नहीं जबरन इंजीनियर बनाने वालों की धरती से हूँ। यहाँ चाहे लड़का पैदा हो या लड़की उनमें गुण बाद में ढूँढ़ते हैं इंजीनियरी पहले। इस शहर के चप्पे-चप्पे में इंजीनियरी दिखाई देती है। यहाँ तक कि पान लगाने वाला पान पर चूना लगाने को भी इंजीनियरी मानता है और दूध वाला उसमें पानी मिलाने को। ऐसा नहीं है कि देश में इंजीनियर नहीं हैं। हैं लेकिन मेरे परिवार को देखने के बाद मुझे सबसे ज्यादा इंजीनियर यहीं दिखाई देते हैं। हमारे पिता की हम तीन संतानें हैं। पिता इंजीनियर हैं और हम तीनों को कैरियर का केवल एक विकल्प मिला 'इंजीनियर'। इस मामले में मेरे पड़ोस में रहने वाला मित्र बड़ा भाग्यशाली निकला। उसे तीन विकल्प मिले - इलेक्ट्रिनक इंजीनियरिंग, मेकानिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग। शहर में इतने इंजीनियर हैं कि मक्खियों की संख्या इनके सामने कम पड़ जाती हैं। भिनभिनाते दोनों हैं - एक गुड़ पर तो दूजे प्लेसमेंट पर। बदकिस्मती से यहाँ गुड़ कोई इस्तेमाल करता नहीं और प्लेसमेंट मिलता नहीं। दोनों की किस्मत खराब है। भीड़ बढ़ जाए तो दही और इंजीनियरिंग में कोई अंतर नहीं रह जाता है। एक छांछ तो दूजा टाइमपास करने का अड्डा बन जाता है। इंजीनियरिंग के इतने सारे कॉलेज खुल गए हैं कि सड़क पर निकम्मा घूम रहे लोगों को भी उसमें दाखिला मिल जाए तब भी सीटें बची की बची रह जाती हैं। ऐरे-गैरे कॉलेजों में इस कोर्स को करने से अच्छा किसी भीड़-भाड़ वाले नुक्कड़ पर पकौड़े तलना है। कम से कम पकौड़े तलने की कला के साथ चार पैसे तो कमा लेंगे। हाँ आईआईटी में इंजीनियरी करने वाले हमसे एक कदम आगे होते हैं। कम से कम उनके पास शनिवार की शाम को क्या करना है, उसका विकल्प तो होता है। आईआईटी में पढ़ने वाला गूगल सीईओ बन जाता है और हम उसी गूगल में प्लेसमेंट की तलाश में सिर खपाते हैं। ऐसा नहीं है कि मल्टी नेशनल कंपनियाँ हमारे पास नहीं आती। आती हैं। भेड़ों की भीड़ में से कंपनी के सुर में मिमियाने वालों को चुन ले जाती हैं। फिर जावा, सी, सी प्लस प्लस, ओराकल, बटर स्कॉच, वनीला, स्ट्रॉबेरी सब कुछ सिखाती हैं। दुर्भाग्य से वहाँ एक्सेल शीट पर काम करना पड़ता है। पढ़ा कुछ, सीखा कुछ और कर रहे हैं कुछ। शायद इसी को इंजीनियरी कहते हैं। यह सब इसलिए बता पा रहा हूँ क्योंकि मैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर हूँ। मैं पहले कॉग्निजेंट अब सीटीएस ऑफिस में काम करता हूँ। मेरी माँ सबको यही बताती है। लेकिन मैं लोगों को कैसे बताऊँ कि मैं सीटीएस में नहीं एमएस ऑफिस में काम करता हूँ। उसमें भी केवल एमएम वर्ड और एमएस एक्सेल। जबकि एचआर एमएस पॉवर पाइंट में काम करते हैं। वे हमेशा चार स्लाइड बनाते हैं जिनमें तीन स्लाइड - वेलकम, एजेंडा, थैंक्यू के होते हैं। चौथा रिगार्ड का होता है। इतने पर भी उनको डर रहता है कि कोई उनका पॉवर पाइंट कॉपी न कर ले। मानो जैसे उन्होंने पॉवर पाइंट नहीं अलाउद्दीन का खजाना बनाया है। जब किसी को कहता हूं कि मैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर हूँ तो वे तुरंत पूछते हैं कि फिर ऑफिस में किसी लड़की-वड़की को फसाया कि नहीं। मेरे ना कहने पर वे मेरे मर्द होने पर शक जताने लगते हैं। उन्हें लगता है कि कंप्यूटर के आगे मेंढ़क की तरह आँखें गड़ाये पिज्जा-बर्गर-कॉकटेल्स वाली तोंद बाहर निकाले भला कोई क्या लड़की से इश्क लड़ा पायेगा। बात उनकी सही है, लेकिन मर्दानगी पर शक करना थोड़ी ज्यादती है। वरना देश भर में इतने इंजीनियरों की आबादी जादू टोने से थोड़ी न फैली है। कुछ पूछते हैं कि विदेश कब जा रहे हो। मैं उन्हें कैसे बताऊँ कि पिछले दस साल से पॉसपोर्ट बनवाये कंपनी वालो से मैं भी यही सवाल पूछ रहा हूँ। पासपोर्ट पड़ा हो और हम विदेश न जा सकें इससे बड़ा अपमान कुछ और नहीं हो सकता। इसी शर्मींदगी से बचने के लिए मैने पासपोर्ट से आधार कार्ड बनवाया। फिर दोनों को लिंक किया। उसी पासपोर्ट से ड्राइविंग लाइसेंस और फिर वोटर आईडी बनवाया। इस तरह एक पते के लिए चार पते वाले प्रूफ बनवा लिए। वह भी किराये के मकान के लिए। इंजीनियर बनना किसी के लिए शान तो किसी-किसी के लिए बोझ होता है। सबको बाहर से इसमें मक्खन दिखाई देता है, लेकिन इसकी वसा किसी को दिखाई नहीं देती।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे कुपुत्र! तुम्हारे इस शरीरसे तुम्हारे जन्म लेनेका क्या लाभ है, जो तुम अपने पिताको दुःखी करके यहाँ रह रहे हो? ॥ 70 ॥

राजा हरिश्चन्द्र तुम्हारे लिये दुःखी और व्याधिसे पीड़ित होकर विलाप कर रहे हैं। पिताके लिये सत्पुत्रको प्राणोंतकका त्याग कर देना चाहिये-यह सिद्धान्त है ॥ 71 ॥

व्यासजी बोले- तब पथिकको धर्मसंगत बात सुनकर जैसे ही रोहितने पीडाग्रस्त अपने पिताको देखनेके लिये जानेका विचार किया, वैसे ही ब्राह्मणका रूप धारण करके इन्द्र वहाँ आ गये। हे भारत! उन्होंने दयालुकी भाँति एकान्तमें हितकी यह बात कही हे राजकुमार तुम मूर्ख हो, जो वहाँ जानेका व्यर्थ विचार कर रहे हो। तुम नहीं जानते कि तुम्हारे पिता तुम्हारे लिये क्यों दुःखी हैं ? ॥ 72-74 ॥

इन्द्र बोले- पूर्वकालमें राजाने वरुणदेव से यह प्रतिज्ञा की थी कि मैं अपने प्रिय पुत्रको यज्ञीय पशु बनाकर यज्ञ करूँगा यह उन्होंने बड़ा साहस किया था ॥ 1 ॥

हे महामते! तुम्हारे वहाँ जानेपर रोगसे दुःखी तुम्हारे निर्दयी पिता तुम्हें यज्ञीय पशु बनाकर यूपमें बाँधकर मार डालेंगे ॥ 2 ॥

अमित तेजस्वी इन्द्रके द्वारा इस प्रकार रोक दिये जानेपर मायेश्वरीकी मायासे अत्यन्त मोहित होकर वह राजपुत्र वहीं रुक गया ॥ 3 ॥

इस प्रकार जब जब वह पिताको रोगसे पीड़ित सुनकर जानेका विचार करता था, तब-तब इन्द्र उसे रोक देते थे ॥ 4 ॥

एक दिन राजा हरिश्चन्द्रने अत्यन्त दुःखी होकर एकान्तमें बैठे हुए सर्वज्ञ और कल्याणकारी गुरु वसिष्ठके पास जाकर पूछा- ॥ 5 ॥

राजा बोले- हे भगवन! मैं क्या करूँ? मैं अत्यन्त भयभीत और कष्टसे पीड़ित हूँ। इस महाव्याधिसे पीड़ित मुझ दुःखितचित्तकी रक्षा कीजिये ॥ 6 ॥

वसिष्ठजी बोले- हे राजन! सुनिये, रोगनाशका एक प्रशस्त उपाय है। धर्मशास्त्रमें तेरह प्रकारके पुत्र कहे गये हैं ॥ 7 ॥

इसलिये किसी ब्राह्मणके उत्तम बालकको उसका मनोभिलषित धन देकर क्रय करके उसे ले आइये और उत्तम यज्ञको सम्पन्न कीजिये ॥ 8 ॥

हे राजन्! इस प्रकार यज्ञ करनेसे आपका रोग नष्ट हो जायगा और वरुणदेव भी हर्षित होकर प्रसन्नचित्त हो जायँगे ॥ 9 ॥

व्यासजी बोले- उनकी ऐसी बात सुनकर राजाने मन्त्रीसे कहा- हे महामते। सभी स्थानोंमें प्रयत्नपूर्वक पता लगाइये ॥ 10 ॥

- क्रमशः

# स्वार्थ में दबे विनाश की सुनामी

**दे**श में चुनावी बयार तेज होते ही मतदाताओं को लुभाने के राजनैतिक प्रयासों की बाढ आ जाती है। सत्ता सुख की खातिर लुभावनी वायदों की झडियां लग जातीं हैं। आय-व्यय के लेखा-जोखा पर नजर डाले बिना मुफ्तखोरी की घोषणायें आसमान छूने लगतीं हैं। तुष्टीकरण की नीतियां चरम सीमा की ओर बढने लगतीं हैं। जातिगत आधारों से लेकर सम्प्रदायगत मुद्दों तक को हवा देने का क्रम तूफान बनकर खडा हो जाता है। क्षेत्रीय दलों से लेकर विभिन्न संगठनों तक को साधने की कोशिशें होने लगतीं हैं। पार्टी का जनाधार मजबूत करने के लिए सब्जबाग दिखाने की प्रतिस्पर्धा खुलेआम होने लगती है। दलगत घोषणा पत्रों से लेकर व्यक्तिगत आश्वासनों के मध्य चुनावी हलचल होते ही छुटभइये नेताओं की बाढ सी आ जाती है। उम्रदराज खद्दरधारी अपने अतीत की दुहाई पर मूछों का ताव बढाते हैं तो आधारविहीन स्वयंभू नेता आंकडों की बानगी लेकर राजनैतिक दलों के दफ्तरों में चक्कर लगाने लगते हैं। संभावित उम्मीदवारों के आवासों पर उनके नजदीकी बनने वाले दिखावटी शुभचिन्तकों की भीड बढने लगती है। झोली खुलते ही लूट मचाने वाले कथित समर्थक एक साथ अनेक झंडों में डंडा लगने की जुगाड बैठाने लगते हैं। चुनावी रंग में गुजरात को रंगने की पहल आम आदमी पार्टी ने कभी की शुरू कर दी थी। पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल तो सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए आटो चालक के संग गलबहियां तक करते नजर आ चुके हैं। राज्य की पुलिस को कोसते रहे हैं। सुरक्षा के मापदण्डों की स्वयं ही धज्जियां उडाते हैं। उनके इस कृत्य पर अनेक पूर्व अधिकारियों ने शिकायतें भी दर्ज कराईं थीं मगर इन शिकायतों का असर राजनैतिक दलों पर न कभी पडा है और शायद कभी पडेगा भी नहीं। दिल्ली को माडल और पंजाब को उपलब्धियों का आगाज बताने वाली पार्टी शासित राज्यों में आय से अधिक खर्च की स्थिति स्वयं उसकी दूरदर्शितता को उजागर करती है। मुफ्तखोरी में स्टेट टैक्स को उडाकर विकास के लिए केन्द्र के आगे कटोरा लेने वाले दल स्वयं के बजट को हमेशा ही घाटे में रखने की परम्परा का अनुपालन करते चले आ रहे हैं। देश में शायद ही कभी किसी राज्य ने स्वयं के बजट पर विकास के कीर्तिमान गढे हों, अपने राज्य के निवासियों के लिए राज्य की आय से सुविधाओं का पिटारा खोला हो, विकास की परियोजनाओं को उडान देने के प्रयास किये हो। घाटे का बजट, परियोजनाओं पर निर्धारित धनराशि से अधिक का खर्च, तकनीकी परेशानियों की बिना पर समय सीमा को धता बताने का पुराना अंदाज, अफसरशाही से लेकर बाबूगिरी तक की अडंगेबाजी की आदतें आदि निरंतर जारी हैं। सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों के हितों पर सुरक्षा चक्र स्थापित करने की निरंतर हो रही कोशिशों से समाज में एक खाई पैदा हो गई है। सरकारी महकमों में काम करने वालों और निजी क्षेत्रों में नौकरी करने वालों में खासा अंतर है। व्यवसायिक या व्यापारिक संस्थानों में काम करने वाले निरंतर असुरक्षा के शिकार रहते हैं। दुकानों, मकानों, धंधों में लगे लोगों हमेशा ही आने वाले कल की चिन्ता सताती रहती है। उन्हें अगले दिन नौकरी पर बहाली मिलेगी भी या नही, अगले दिन दिहाडी मिलेगी भी या नहीं, बुढापे की कौन कहे वर्तमान की समस्याओं का अम्बार ही निपट जाये, वही बहुत है। दूसरी ओर सरकारी सेवकों के खातों में निर्विघ्न रूप से महीने की आखिरी तारीख तक निरंतर बढते रहने वाला वेतन पहुंचता रहता है। अवकाश की सुविधाओं से लेकर चिकित्सा सहित अनेक लाभ देने की निरंतर घोषणायें होती रहतीं हैं।

■ **डा. रवीन्द्र अरजरिया**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# निगम बनने से सुविधाओं में वृद्धि

**मे**दिनीनगर पर्षद को नगर निगम में तब्दील हुए कई महीने बीत गए है। कई लोगों ने इस तब्दीली की आलोचना की थी, लेकिन अब देखा जा रहा है। कई स्थानों पर नालियों से लेकर गलियों की सफाई जोर-शोर से की जा रही है। नगर निगम में शामिल कई क्षेत्र हैं ,जहां आज तक झाड़ू नहीं लगा था । उन क्षेत्रों में गंदगी का सामाज्य था। वहां अब सुबह-सुबह सफाई करते हुए सफाईकर्मी दिखाई दे रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि यह कुछ दिन चलेगा और फिर स्थिति जस की तस हो जायेगी। वहीं स्वच्छता मिशन का भी प्रभाव शहर में दिखाई देने लगा है। नदी व तालाब में सुबह-सुबह शौच करने वालों की संख्या में बेशक कमी आयी है। सुदना की कई सड़के जो कई वर्षो से कच्ची थी । वहां पर पीसीसी सड़क बन गई है। वहीं कई लोगों का कहना है कि जब नगर निगम का टैक्स आयेगा तो पता चलेगा कि नगर निगम क्या है। खैर, कुछ भी हो नगर निगम में नये क्षेत्रों के शामिल होने से नागरिक सुविधाओं में वृद्धि हुई है। यह तो मानना ही होगा। मैं इसके लिए निगम व प्रशासन को आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से बधाई देता हूं।

■ **महेश शर्मा , मेदिनीनगर।**

# बिखरते हुये नये भारत की दर्दनाक तस्वीर

**23** सितंबर 2022 को शायद आपने यह तस्वीर देखी हो। पुलिस अफसर बड़े भाव से उनकी तरफ बिस्कुट का पैकेट आगे किये हुए दिखाई देते हैं। अगर आपने, यह तस्वीर नहीं देखी है या इसके पीछे का दर्द महसूस नहीं किया है तो इसे अपने जेहन में बिठा लीजिये। यह आज के आधुनिक होते भारत के पिछड़ते सामाजिक ताने-बाने और दरकते पारिवारिक नींव की तस्वीर है। यह उस कुनबे के बिखरने की झलक है, जो कभी साथ रहने पर आबाद महसूस किया करता था। वह उल्लास, उत्साह और उमंग का भाव अब सूखता जा रहा है। आज पति-पत्नी और बच्चे से मतलब रखने वाली सोच ने हमसे हमारा परिवार छीन लिया है। हां, बहुत हद तक परिवार की परिकल्पना ही बदल गई है। फैमिली में अब दादा-दादी, ताऊ-ताई, चाचा-चाची, नाना-नानी बाहर कर दिये हैं। दुखद है कि नई सदी के केवल 22 साल में ही काफी कुछ बदल गया। आज भले ही आप महसूस न कर पाते हों लेकिन जरा बेड पर लेटे-लेटे सोचियेगा कि आपके बच्चों को वो आनंद मिलता है जो आप घर में सबके एक साथ रहने पर महसूस किया करते थे। आज तो कमरे का परदा गिराकर लोगों ने परिवार को एक कमरे या फ्लैट तक सीमित कर दिया है। वापस इस तस्वीर पर लौटते हैं। हिंदू हों या किसी दूसरे धर्म को मानने वाले 60 साल के बाद की उम्र नाती-पोतों को खिलाने, बागवानी करने, धर्म-कर्म करने, तीर्थयात्रा करने, किताबें पढ़ने, बच्चों को पढ़ाने या कोई भी वो काम करने के लिए होती है जो उस शख्स ने अब तक न किया हो और उसकी बड़ी रुचि हो। लेकिन ऊपर तस्वीर में जो बदनसीब बुजुर्ग दिख रहा है वह कुछ देर पहले ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की नगरी अयोध्या में सरयू नदी में कूद गया था। अगर आसपास के लोगों और पुलिसवालों की नजर न पड़ती तो वह डूब जाते। नाम है वंशराम चौधरी और नाम के मुताबिक इनका वंश भी चला। तीन बेटे हैं लेकिन उनके लिए वह अब आउटडेटेड हो गये हैं मतलब उनकी जरूरत नहीं है। वंशराम लौकिहवा बस्ती थाना रुदौली गांव के हैं। उनकी पत्नी अब इस दुनिया में नहीं है और तीनों बेटे उन्हें अपने पास रखने के लिए तैयार नहीं हुए। वह दो साल से जलालत भरी जिंदगी जी रहे थे। न खाना ठीक से था, न चैन से नींद का इंतजाम तो उन्होंने अपना जीवन ही व्यर्थ समझा और सरयू में छलांग लगा दी। वंशराम ने पुलिसवालों को बताया कि उन्होंने अपना घर, अपनी सारी खेती-बाड़ी बच्चों के नाम कर दी। अब उनके पास कुछ भी नहीं है। सभी बेटे अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन कोई अपने घर पर उन्हें रखना नहीं चाहता। क्षेत्राधिकारी डॉ. राजेश तिवारी ने उन्हें भोजन कराया, कपड़े पहनाये, परिवारवालों को बुलाया और घर भिजवाया। लेकिन वंशराम अपने देश में एक नहीं हैं। यह परिपाटी सी बनती जा रही है। कई घरों की यही कहानी है। बच्चा बड़ा होता है, ग्रैजुएशन करता है, नौकरी लगती है, शादी होती है और उसकी गाड़ी पटरी पर दौड़ने लगती है तो उसे सरपट भागती मेट्रोपॉलिटन जिंदगी इतनी भा जाती है कि गांव की बखरी भूल जाती है। उसे एक कमरा या फ्लैट इतना रास आता है कि वह उसे ही जिंदगी मान लेता है और माता-पिता उसे फालतू लगने लगते हैं। मतलब काम निकल गया तो पहचानते नहीं, टाइप। हां, काम ही तो निकल गया है यानी मां-बाप ने बच्चों को पैदा किया, पढ़ाया-लिखाया, नौकरी के काबिल बनाया, शादी कराई अब उनकी जरूरत ही क्या है। अगर मां-बाप कुछ और बोलेंगे तो उन्हें सुनने को भी मिल सकता है कि आपने हमारे लिए किया ही क्या है? यह एक ऐसा सवाल है कि जो आप भगवान से भी पूछ सकते हैं क्योंकि इच्छा और महत्वाकांक्षा का कोई अंत नहीं है। आप जो हैं, आपको ज्यादा चाहिए तो ऐसे में मां-बाप आपकी कहां तक तमन्ना पूरी करते फिरेंगे, ये आपको कौन समझायेगा। घर के बाहर चारपाई निकालकर दादा, चाचा, पापा, भाइयों का साथ सोनाज आसमान की तरफ मुंह करके बच्चों का तारे गिनना, नानी या दादी का बच्चों को एक ही चारपाई पर लिटाकर, छोटकी को पेट पर थपकी देते हुए कहानी सुनाना, नहाते समय बच्चों का सिर पर लोटा उल्टा करके बुद्ध बनने की एक्टिंग करना, आम के बाग में धरपकड़ खेलना, मड़हे में गांववालों का घंटों गप्पे मारना यही सब तो था जो परिवार को, गांव को पूरे समाज को जोड़े रखता था।

■ **अनुराग मिश्र**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नंबर :** 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, **फोन नंबर :** 0651-2283384, **फैक्स नंबर :** 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### उपायुक्त ने किया सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. मोहम्मद आबिद हुसैन ने उपायुक्त को सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उपायुक्त ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्रीनगर में होने वाले निवेदन समिति की बैठक स्थगित

**बरही।** विस्थापितों की समस्या के निराकरण को लेकर आगामी 16 अक्टूबर को श्रीनगर में होने वाले विधानसभा निवेदन समिति की बैठक अगले आदेश तक स्थगित किया गया है। जानकारी देते हुए प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वासी ने बताया कि 17 अक्टूबर को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दिल्ली में चुनाव होना है जिसमें सभी विधायक को सम्मिलित होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि महापर्व छठ के बाद नई तिथि की घोषणा की जाएगी।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राधा गोविंद विश्वविद्यालय स्थापना दिवस



**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय प्रांगण में मंगलवार को विश्वविद्यालय स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। साथ ही इस दिवस पर पूजा अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया। इस दिवस पर कुलाधिपति, प्रति कुलाधिपति, ट्रस्ट की सचिव, कुलसचिव, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी, परीक्षा नियंत्रक सहित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण, शिक्षकेतर कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं ने स्वर्गीय गोविंद साह एवं स्वर्गीय राधा देवी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर प्रार्थना की। मौके पर कुलाधिपति ने अपने संबोधन में कहा कि आज विश्वविद्यालय अपने चार वर्ष पूरे कर चुका है। इस दौरान विश्वविद्यालय ने कई उतार-चढ़ाव देखे। साथ ही कई नई उपलब्धियों को भी हासिल किया। झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में यह विश्वविद्यालय एक अलख जगाने का कार्य कर रहा है। प्रति कुलाधिपति ने इस मौके पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने बहुत कम समय में अधिक ऊंचाइयों को छुआ है। इस विश्वविद्यालय की पहचान सिर्फ झारखंड में ही नहीं अपितु देश-विदेश में भी हो रही है।

### मोटरसाइकिल की चपेट में आया पैदल व्यक्ति, रिम्स रेफर

**कोडरमा।** तिलैया थाना अंतर्गत असनाबाद में पैदल व्यक्ति को एक मोटरसाइकिल ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे पैदल व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान राजेंद्र पंडित (उम्र 65 वर्ष, पिता स्वर्गीय मोहन पंडित, ग्राम असनाबाद झुमरीतिलैया) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार व्यक्ति पैदल कुछ सामान लाने जा रहा था तभी मोटरसाइकिल सवार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। बाद में घायल को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### बेन्दगी पंचायत से प्रारम्भ हो रहा है सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा फेज




**बरही।** विगत वर्ष सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए राज्य सरकार के द्वारा एक बार फिर दूसरे चरण की शुरूआत की गई है। यह चरण दो अलग-अलग फेज में लगाया जाना है। इसके लिए पंचायत वार तिथियां निर्धारित की जा चुकी है निर्धारित तिथि को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सभी प्रशासनिक पदाधिकारी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचकर जनता की समस्याओं का ऑनस्पॉट निपटारा करने का प्रयास करेंगे। इसी के तहत प्रखंड में बुधवार से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बेन्दगी पंचायत से शुरूआत की जा रही है। इस कार्यक्रम में लोगों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने की अपील की गई है।

---

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# आयोजित होने वाले शिविर के बेहतर क्रियान्वयन करने का दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी अधिकारियों, बीडीओ एवं सीओ के साथ बैठक की। उन्होंने जिला के विभिन्न प्रखंडों के अंतर्गत पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने शिविरों का सिड्यूल तथा कार्ययोजना तैयार वृहत प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित तिथि को शिविर का आयोजन कर सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक आवेदन प्राप्त कर जांचोपरांत योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा की राज्य सरकार की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना के.सी.सी, छात्रवृत्ति योजना आदि प्रमुखताओ में है, इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि 'आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत दो चरणों में शिविर का आयोजन किया जाना है। पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर 2022 एवं दूसरा चरण 1 से 14 नवंबर 2022 तक आयोजित कर लोगों को योजनाओं का लाभ देना है।

उन्होंने कहा शिविर का एकमात्र उद्देश्य अहर्ता प्राप्त व्यक्तियों को योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना पड़े तथा योजनाओं का समुचित लाभ मिले है। शिविर में सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि सरकार की योजनाओं को लेकर लोगों में जागरूकता आ सके और वे योजनाओं का सीधा लाभ ले सकें। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को.कहा कि सभी लोगों को योजना का लाभ मिले। आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वारकार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करें। बैठक में उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पारस यादव, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला कृषि पदाधिकारी समेत अधिकारी व विडियो क्राफेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी मौजूद रहे।

### डीसी आदित्य रंजन आमलोगों की समस्याओं से हुए रूबरू

**उपायुक्त** आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आम-जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना और सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। आज के जनता दरबार में भूमि माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई, जमीन विवाद से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये।

## पदयात्रा करते हुए बरही पहुंचे तीर्थयात्री का विहिप कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** चारो धाम की पैदल यात्रा पर निकले गिरिडीह सरिया के 23 वर्षीय तीर्थयात्री विराट सिंह उर्फ सोनू पिता सरयू प्रसाद सिंह का बरही में विहीप, बजरंगदल व आरएसएस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। तीर्थयात्री ने बताया कि उनकी पैदल यात्रा 9 अक्टूबर को प्रारम्भ हुई है। इस क्रम में वे काशी विश्वनाथ, विंध्याचल, उज्जैन, हरिद्वार, बद्रीनाथ एवं केदारनाथ धाम का दर्शन करेंगे। यह यात्रा उन्होंने स्वेच्छा से प्रारम्भ किया है। प्रारम्भ में घर वालो का विरोध हुआ परंतु उनकी दृढ़ शक्ति के आगे सभी को विवश होना पड़ा। अंततोगत्वा परिजनों सहित गाँव वालों ने एक साथ मिलकर पैदल यात्रा के लिए उन्हें हर्षोल्लास रवाना किया। उन्होंने बताया कि यात्रा के क्रम में प्रत्येक जगह उन्हें काफी सहायता मिल रहा है। युवा तीर्थयात्री सोमवार की रात्रि बरही पहुंचे थे। जिनका विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। गुप्ता कलेक्शन के राहुल गुप्ता के सौजन्य से रात्री विश्राम की व्यवस्था की गई। अहले सुबह विहीप, बजरंग दल एव आरएसएस कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंगवस्त्र व आवश्यक सामग्री के साथ प्रोत्साहित करते हुए विदा किया। इस कार्य मे त्रिवेणी जी, राजेश जी, प्रभु जी, अर्जुन जी, गुरुदेव जी, राजकिशोर जी, आदित्य जी, रूद्राजी, संतोष गुप्ता एवं नंदकिशोर गुप्ता ने सार्थक भूमिका निभाई।

### अवैध रूप से संचालित तीन क्रशर यूनिट ध्वस्त

**कोडरमा।** अवैध उत्खनन और अवैध पत्थर व्यवसाय के खिलाफ कोडरमा में मंगलवार अहले सुबह बड़ी कार्रवाई की गई और नवलसाही थाना क्षेत्र के खरखार में अवैध रूप से संचालित तीन क्रशर यूनिट को ध्वस्त कर दिया गया है। खनन पदाधिकारी दरोगी राय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बलों की मौजूदगी के बीच क्रशर इकाईयों को जेसीबी मशीन की मदद से तोड़ा गया। गौरतलब है कि जिन इलाकों में यह क्रशर इकाई संचालित किए जा रहे थे, वह इलाका इको सेंसेटिव जोन के रूप में चिन्हित किया जा चुका है और यहां पर संचालित क्रशर यूनिट के लाइसेंस को रद्द भी कर दिया गया था। लगातार डोमचांच और नवलसाही में इको सेंसेटिव जोन के रूप में चिन्हित इलाकों से क्रेशर यूनिट हटाए जा रहे हैं। प्रशासन की मनाही के बावजूद कई लोग अवैध रूप से क्रशर इकाइयों का संचालन कर रहे हैं। ऐसे में इनके खिलाफ जिला प्रशासन सख्ती दिखा रहा है।

### लोकनायक जयप्रकाश की 120 जयंती पर गोष्ठी

**हजारीबाग।** जेपी स्मृति स्थल, पारनाला, कुम्हार टोली, गांधी आश्रम में लोक नायक जय प्रकाश नारायण की 120 वीं जयंती पर झारखंड सर्वोदय मंडल और लोक समिति द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बापू महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद जेपी स्मृति स्थल पर जेपी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर लोकनायक को नमन किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त वरीय शिक्षक कृष्णा राम ठाकुर ने की। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए अधिवक्ता अरविंद कुमार झा ने जेपी द्वारा जेल की दीवार फांद कर अपने साथियों के साथ देश की आजादी के आंदोलन को बल प्रदान करने और दूसरी बार आपातकाल में उनकी भूमिका को याद किया। शमशेर आलम ने 74 के आंदोलन को याद किया। शंकर राणा ने अपने अभिव्यक्ति में आज जेपी की आवश्यकता पर जोर दिया। डा० विश्वनाथ आजाद (संयोजक, झारखंड सर्वोदय मंडल) ने कहा कि आज हम जिस महामानव जे पी की 120वीं जयंती मना रहे हैं उनके अनुयायी कई राज्यों में सत्ता पर काबिज है लेकिन किसी ने जे पी के लोकतंत्र को मजबूत करने वाले विचार को अमल में लाने का ईमानदार प्रयास नहीं किया। आज लोग देश के महान सपूतों को अपने अपने जाति और धर्म के आधार मानने लगें हैं।

नव मनोनीत विस विधायक प्रतिनिधि का मिठाई खिलाकर किया स्वागत, जताया आभार

## 2024 में विपक्ष का होगा सुफड़ा साफ विधायक रचेंगे इतिहास : बिनोद यादव



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** कांग्रेस जिला महासचिव बिनोद कुमार यादव के नेतृत्व में रघुनंदन यादव, गाजो यादव आदि ने नवमनोनित विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप व विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। जिला महासचिव ने इस मनोनयन के लिए विधायक उमाशंकर अकेला यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधायक ने बहुत ही सूझबूझ के साथ एक मंजे एवं माहिर व्यक्ति को विधानसभा का प्रतिनिधि बनाकर एक साथ दो निशाना साधा है। इनके मनोनयन से जहां एक ओर विपक्ष कमजोर होगा वही दूसरी ओर कार्यकर्ताओं को बल एवं उचित मार्गदर्शन मिलेगा। नवमनोनित दोनो प्रतिनिधि जमीनी स्तर से जुड़े हुए हैं। इनके अनुभव का आगामी विधानसभा में विधायक सहित पार्टी को लाभ मिलेगा। पूर्ण विश्वास है कि विधानसभा का चौमुखी विकास होगा। दोनो नव मनोनीत प्रतिनिधियों का उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई भी दिया। कांग्रेस महासचिव कहा कि विधायक गरीबो के मसीहा है। उन्होंने उनके जैसे गरीब किसान के बेटा पर भरोसा जताकर 14 महीने के लिए विधानसभा विधायक प्रतिनिधि बनाया। इसके लिए वह आजीवन अभारी रहेंगे। अपने कार्यकाल में उन्होंने पूरी निष्ठा और इमानदारी पूर्वक जनता का सेवक बनकर काम किया। कोरोना काल के सेवा को याद करते हुए उन्होंने बताया कि जब घर से बाहर निकलने की पूरी तरह से मनाही थी। उस अवस्था में उन्होंने घर परिवार को छोड़कर कांग्रेस पार्टी कार्यालय में अपना रैन बसेरा बनाते हुए एक विशेष टीम गठित कर सुरक्षा को नजरअंदाज करते हुए धोबघट जैसे पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचकर भुखमरी के कगार पर खड़े लोगों तक राशन सामग्री पहुंचाने का काम किया। उन्होंने विश्वास जताया कि 2024 में बरही विस से विपक्ष का सुफड़ा साफ होगा, कांग्रेस पार्टी का परचम लहराते हुए विधायक एक बार फिर इतिहास दुहरायेंगे। उक्त जानकारी कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने दी है।

# बाइक चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार, पांच मोटरसाइकिल भी बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से चोरी की 5 बाइक भी जब्त की गई है। बताया जाता है कि दुर्गा पूजा में तिलैया थाना क्षेत्र से 5 मोटरसाइकिल की चोरी हुई थी और इसी मामले की छानबीन में 3 युवक मोटरसाइकिल की रेकी करते हुए पाए गए थे। पुलिसिया पूछताछ में तीनों युवकों ने मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके आधार पर बिहार के गया से गिरोह के दो अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया। मामले में पुलिस ने चोरों के पास से दो मास्टर चाबी भी बरामद की है, जिससे गिरोह के सदस्य मोटरसाइकिल का लॉक तोड़कर मोटरसाइकिल लेकर फरार हो जाते थे। यह गिरोह मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद ऑनलाइन मोटरसाइकिल की तस्वीरें ग्राहकों को भेजकर बाइक बेचने का काम किया करता था।

पुलिस को चोरी की मोटरसाइकिल बेचे जाने के बाद ऑनलाइन पेमेंट के सबूत भी मिले हैं। पकड़े गए 5 अपराधियों में चार का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और ये अपराधी पहले भी कई कांडों में जेल की हवा खा चुके हैं। मामले की जानकारी देते हुए तिलैया थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गिरोह के तीन लोग मोटरसाइकिल चोरी करने का काम किया करते थे जबकि गिरोह के 2 सदस्य चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने का काम किया करते थे। गिरफ्तार लोगों में सचिन कुमार (उम्र 20 वर्ष पिता भोला दास सा सिमरा टोला थाना मोहनपुर गया, बिहार), सनोज कुमार (उम्र 20 वर्ष पिता सुखदेव दास सा पोडदील, थाना मोहनपुर गया), विकाश कुमार (उम्र 20 वर्ष पिता देवेन्द्र दास सा सिमरा टोला थाना मोहनपुर), सुनील कुमार (उम्र 20 वर्ष पिता देवेन्द्र चौरसिया सा चक जलपा थाना गुरुवा) व अजय कुमार उर्फ सल्लू यादव (उम्र 28 वर्ष पिता अर्जुन यादव टोला नयनागढ़ हिस्साय बागान सभी जिला गया) के निवासी है।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस कर्मी :** पुनि सह थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर, पुअनि लव कुमार, पुअनि आनंद मोहन कुमार, पुअनि आनंद कुमार साह, तिलैया थाना के पेंथर एवं तकनीकी शाखा टीम के लोग शामिल थे।

### राजद नेताओं ने मुलायम सिंह को दी श्रद्धांजलि

**सतगावां।** प्रखंड मंगलवार को प्रखंड के प्रबुद्ध जनों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भारत के पूर्व रक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रदेश सचिव विक्रम यादव और संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण यादव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेता गणों ने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया और उनके राजनीतिक जीवन में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद किया। विक्रम यादव उनकी जीवनी पर विशेष रूप से प्रकाश डाला और कहा कि लोगों को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि नेता जी के निधन से समाजवादी राजनीति के अध्याय का अंत हो गया।

### 13 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना का 28वां दिन रहा जारी



**चलकुशा।** विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों (तेरह सूत्री मांग) को लेकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में विगत 28 दिन से चलकुशा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन जारी है। विदित हो कि बीते 08 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र के हजारों की संख्या में जन आक्रोश रैली में अनिश्चितकालीन धरना का समर्थन करने लोग चलकुशा पहुंचे थे। विधायक श्री यादव ने कहा कि जन आक्रोश रैली की भीड़ देखकर जिला प्रशासन लगातार हमारी मागों पर कार्य कर रही है। बहुत जल्द हम सबों का तेरह सूत्री मांग पूरा होगा। मौके पर उपस्थित आंदोलनकारियों ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए मागों को पूरा करने को कहा अन्यथा बाध्य होकर रेल मार्ग और जीटी रोड को जाम करने की बात कही। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन की खबर पर पूर्व विधायक ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की तथा उनकी आत्मा की शांति हेतु सभी उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण रखा।

मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि महावीर यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशदाथ यादव, युवा नेता अनुज रवि, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, पंसस प्रतिनिधि उमेश साव, किशोरी पाण्डेय, राजू यादव, परवेज आलम, मुन्ना यादव, लाटो यादव, रहमान अंसारी, जयदेव पांडेय समेत सैकड़ों की संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित थे।

### ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने चितरपुर का किया दौरा

**रामगढ़।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने रामगढ़ जिले के चितरपुर में मंगलवार को कांग्रेसी कार्यकताओं और आम लोगों से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर भी उपस्थित थे। इस स्वागत सह विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक में पूरे जिले भर के समस्याओं से संबंधित लोगों ने मंत्री को अपने आवेदन सुपुर्द किए। इस क्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री ने समावेशी विकास पर बल देते हुए कांग्रेस पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने बताया कि जल समृद्धि योजना के तहत किसानों के लिए जहां भी नाला है या तालाब है उसका जीर्णोद्धार किया जा रहा है ताकि किसान सुखी और समृद्ध हो सके। श्री आलम ने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खेलों के विकास तथा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। राज्य में खिलाड़ियों को डायरेक्ट नौकरी देने का भी काम किया जा रहा है।

### करीब 36 लाख की लागत से बने उपस्वास्थ्य केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन



**बरही।** आखिरकार मंगलवार को विधायक उमाशंकर अकेला यादव के द्वारा करियातपुर उपस्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक स्थानीय मुखिया मनोज कुमार सहित बीडीओ सीआर इंदीवर, डीएस डॉ पी ज्ञानी आदि उपस्थित रहे। विदित हो इसके पूर्व के निर्धारित उद्घाटन कार्यक्रम का विधायक के द्वारा बहिष्कार किया गया था। तब उन्होंने घटिया भवन निर्माण, भवन में लगे चौखट, भवन के टाइल्स, शौचालय, पानी व्यवस्था नही होने के कारण भवन निर्माण करने वाले संवेदक व अभियंता के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई थी। साथ ही व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया था। हालांकि स्थानीय लोगो का कहना है कि संवेदक के द्वारा पानी व्यवस्था एवं कुछ काम करवा कर एक बार फिर से लीपापोती की गई है। स्थानीय मुखिया ने बताया कि सत्र 2019-20 के अंतर्गत भवन निर्माण के द्वारा लगभग 36 लाख की लागत से दो तल्ला उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया गया जिसमें लगभग 10 कमरे है। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि उप स्वास्थ्य का उद्घाटन हो जाने से यहां के स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। जल्दी ही इसे विकसित करते हुए स्थाई चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की व्यवस्था की जाएगी। वर्तमान में सप्ताह में एक दिन चिकित्सक बैठेंगे। अन्य दिन एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से जांच की जाएगी। उद्घाटन समारोह में वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### कार्यकारिणी समिति की बैठक में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने पर बनी सहमति

**कटकमसांडी।** विकास योजना को धरातल पर उतारने के लिए पंचायत स्तरीय कार्यकारिणी समिति की पहली बैठक स्थानीय मुखिया वीणा देवी की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन पंचायत सचिव गजाधर साव ने किया। बैठक में उपस्थित वार्ड सह कार्यकारिणी सदस्यों ने कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। 15वें वित्त योजना के अंतर्गत उपलब्ध राशि से दर्जनों योजना संचालित करने को लेकर सहमति जताई। अध्यक्षता करते मुखिया वीणा देवी ने कहा कि पंचायत में हरित क्रांति लाने के लिए योजना को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व मुखिया रामकुमार मेहता, उपमुखिया राकेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का शुभारंभ मुखिया ललिता देवी ने किया



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय बेलकप्पी में मुखिया ललिता देवी की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, गव्य तकनीकी पदाधिकारी अरविंद कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ श्री नाथ, कंप्यूटर ऑपरेटर कौशल कुमार, समाजसेवी नंदू राणा, मुखिया मीडिया प्रभारी मनीष पांडेय, अर्जुन ठाकुर, अमर पाण्डेय, बब्लू पाण्डेय, रवि गोस्वामी, राजेश पाण्डेय, रामनरेश पाण्डेय, रोहित तिवारी, राजकुमार तिवारी, परमेश्वर साव आदि की उपस्थिति में पंचायत के लगभग 150 महिलाओं ने योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन फॉर्म जमा किया। वहीं मीडिया प्रभारी मनीष पांडेय ने बताया कि इस योजना का लाभ मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय के अथक प्रयास से बेलकप्पी पंचायत को दिलाया गया। जिले से आए पदाधिकारियों ने सभी महिलाओं को गाय पालन और उसकी देखरेख हेतु मार्गदर्शन किया।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर डिवाइन स्कूल में प्रतियोगिता का किया आयोजन




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निबंध लेखन (हिन्दी, अंग्रेजी),कविता वाचन, भाषण तथा सीबीएसई के द्वारा आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता (भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत) आदि का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा कि समाज में जितना योगदान एक पुरूष का होता है उससे कहीं ज्यादा एक स्त्री की सहभागिता होती है ।भले ही वह अप्रत्यक्ष रूप से हो ।सर्वश्रेष्ठ बच्चों को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि बालिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण करना है ताकि उन्हें अपनी आवश्यकताओं और आत्मरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर ना रहना पड़े। पुरस्कृत छात्र छात्राओं में श्रेया गुप्ता, पुजा कुमारी, आंचल कुमारी, अस्मिता कुमारी, शाहिन परविन, कोमल कुमारी, बुसरा जबिन,निशा कुमारी, प्रिती कुमारी, संगम राणा, स्वेक्षा राय,स्वाती गुप्ता, मनिषा कुमारी, रीता कुमारी, शिल्पी कुमारी, संदीप कुमार, कुंदन राणा, विपिन कुमार आदि थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।




## न्यूज गैलरी

### मोदी ने यूएनडब्ल्यूजीआईसी को किया संबोधित

**हैदराबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां स्थित हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एचआईसीसी) में आयोजित संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संबोधित किया। श्री मोदी ने इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए पीएम ने कहा कि भारत के लोग इस ऐतिहासिक अवसर पर आपकी मेजबानी करके खुश हैं, क्योंकि हम एक साथ अपना भविष्य बनाते हैं। उन्होंने हैदराबाद में हो रहे इस सम्मेलन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह शहर अपनी संस्कृति और खान-पान, आतिथ्य और हाई-टेक विजन के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्मेलन का विषय, 'जियो-इनेबलिंग द ग्लोबल विलेज: कोई भी पीछे नहीं रहना चाहिए' को भारत द्वारा पिछले कुछ वर्षों में उठाये गये कदमों के रूप में देखा जा सकता है। श्री मोदी ने कहा कि हम अंत्योदय के एक विजन पर काम कर रहे हैं जिसका अर्थ है अंतिम व्यक्ति को मिशन मोड में सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि 45 करोड़ बिना बैंक खातेवाले लोगों यानी अमेरिका की आबादी से अधिक को बैंकिंग नेट के तहत लाया गया है और 13.5 करोड़ लोगों को यानी फ्रांस की आबादी का लगभग दोगुना लोगों का बीमा दिया गया है। उन्होंने कहा कि 11 करोड़ परिवारों को स्वच्छता सुविधाएं और छह करोड़ से अधिक परिवारों को नल के पानी के कनेक्शन दिये गये। उन्होंने कहा कि भारत यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी पीछे न रहे।

### टीएमसी विधायक को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिखायीं चप्पलें

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने बैंकशाल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में पेशी के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने माणिक को चप्पलें दिखायीं। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान चोर-चोर के नारे भी लगाये। शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी ने पार्थ-अर्पिता के बाद तीसरी बड़ी गिरफ्तारी की है। घोटाले के वक्त भट्टाचार्य शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष थे। भट्टाचार्य को 29 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट से गिरफ्तारी में राहत मिली थी। उस वक्त सीबीआई उन्हें गिरफ्तार करना चाह रही थी, जिस पर भट्टाचार्य कोर्ट चले गए। कोर्ट ने अगले आदेश तक उइकसे उन्हें गिरफ्तार नहीं करने के लिए कहा था। ईडी ने 23 जुलाई को पश्चिम बंगाल के तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता को गिरफ्तार किया था। ईडी की टीम को अर्पिता के फ्लैट से करीब 49 करोड़ रुपए कैश और गोल्ड मिला था।

# अनंतनाग मुठभेड़ में आर्मी डॉग ने छुड़ाये आतंकियों के छक्के

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सोमवार को हुई मुठभेड़ में जहां लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादी मारे गये, वहीं दूसरी ओर मुठभेड़ में सेना के दो जवान और सेना का एक खोजी कुत्ता श्वान भी घायल हो गया। आपकों बता दें कि इस मुठभेड़ में खोजी कुत्ते जूम ने बेहद अहम किरदार निभाया। दरअसल, आतंकवादियों की मौजूदगी की ठोस जानकारी मिलने पर सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के इस जिले के तांगपावा इलाके में रविवार रात घेराबंदी कर कर दी जिसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया था। इसके लिये सेना ने अपने खोजी कुत्ते जूम को उस घर के अंदर भेजा जहां आतंकी छुपे हुए थे। लेकिन इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चला दीं, जिसके बाद बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि जूम एक बेहद हाईली ट्रायड और कमिटेड डॉग है। यह आतंकियों की पहचान कर उनका पता लगाने और खींच लाने के लिए विशेष तौर पर जूम को ट्रेंड किया गया है। लेकिन अभियान के दौरान खोजी श्वान को दो गोलियां लगीं और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि जूम को तत्काल सेना के पशु चिकित्सक अस्पताल ले जाया गया जहां उसका का इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने कहा कि जूम ने आतंकवादियों की पहचान की और उन पर हमला किया, जिसके दौरान कुत्ते को दो गोलियां लगीं। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि श्वान लड़ता रहा जिससे दो आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गये। उन्होंने कहा कि गंभीर चोटों के बावजूद, बहादुर

### गोलियां खाकर भी करता रहा हमला


सैनिक ने अपना काम जारी रखा जिसके चलते हम दो आतंकवादियों को मार सके।

# मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, डी कंपनी से जुड़े पांच लोगों को किया गिरफ्तार

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दाऊद इब्राहिम के गिरोह से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, मुंबई अपराध शाखा ने मंगलवार को जबरन वसूली के एक मामले में भगोड़े डॉन दाऊद इब्राहिम की डी कंपनी से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के जबरन वसूली रोधी प्रकोष्ठ (एईसी) ने हाल ही में गैंगस्टर छोटा शकील के बहनोई सलीम कुरैशी उर्फ सलीम फ्रूट और व्यवसायी रियाज भाटी को रंगदारी के एक मामले में गिरफ्तार किया था और उन पर कड़े महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया था। अधिकारी ने कहा कि मामले की आगे की जांच के दौरान, पांच और लोगों अजय गंडा, फिरोज चमदा, समीर खान, पापा पठान और अमजद रेडकर की भूमिका सामने आयी और इसलिए उन्हें पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से संबंध रखनेवाले रियाज भाटी को पिछले महीने मुंबई के वसोर्वा पुलिस थाने में जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने पहले कहा था कि वसोर्वा के एक व्यापारी को धमकाया गया और उससे 30 लाख रुपये की एक कार और 7.5 लाख रुपये की नकदी की मांग की गयी। प्राथमिकी में इब्राहिम के करीबी छोटा शकील और शकील के रिश्तेदार सलीम फ्रूट का भी नाम है। एईसी ने हाल ही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से सलीम फ्रूट को हिरासत में लिया।

# शिंदे को मिला ढाल के साथ दो तलवार का चुनाव निशान

## आदित्य ठाकरे बोले- 40 गद्दार हमारी पहचान छीनने की कर रहे कोशिश

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना में विवाद के बीच अब एकनाथ शिंदे को भी चुनाव आयोग से नया सिंबल मिल गया है। आयोग ने शिंदे गुट को ढाल के साथ दो तलवार नया चुनाव चिह्न प्रदान किया है। इसी सिंबल के साथ शिंदे गुट आगामी अंधेरी ईस्ट विधानसभा उपचुनाव में मैदान में उतरेगी। शिंदे गुट को सोमवार को ही शिवसेना (बालासाहेबांची) नाम मिल चुका है। चुनाव आयोग से शिंदे गुट को शिवसेना (बालासाहेबांची) नाम मिलने पर आदित्य ठाकरे ने हमला बोला है। एक इंटरव्यू में आदित्य ने कहा- बालासाहेब तो देश में बहुत सारे हैं पर उद्धव बालासाहेब ठाकरे देश में एक ही है, जो सबको जोड़ता है। आदित्य ने आगे कहा- शिवसेना के 40 गद्दार हमसे हमारा नाम और हिंदुत्व की पहचान छीनने की कोशिश कर रहे हैं।

**उद्धव का सिंबल मशाल, तीर-कमान फ्रीज :** चुनाव आयोग ने सोमवार को उद्धव गुट को 'शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे' नाम और मशाल निशान दिया था। आठ अक्टूबर को आयोग ने दोनों गुट के बीच लड़ाई को देखते हुए तीर-कमान का सिंबल फ्रीज कर दिया। आयोग ने फैसले में कहा- शिवसेना के मूल नाम पर फैसला आने तक कोई भी गुट पार्टी के नाम का इस्तेमाल नहीं कर सकता है।

### तीन नवम्बर को है अंधेरी ईस्ट विस का उपचुनाव




**महाराष्ट्र** की अंधेरी ईस्ट सीट शिवसेना विधायक रमेश लटके के निधन के बाद से खाली है, इसलिए इस सीट पर उपचुनाव हो रहे हैं। चुनाव तीन नवम्बर को होंगे। 14 अक्टूबर नामांकन की आखिरी तारीख है। 17 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। छह नवम्बर को रिजल्ट आयेंगे। उद्धव ठाकरे गुट उपचुनाव लड़ रहा है। शिंदे गुट की सहयोगी भाजपा ने भी चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

**उद्धव ने आयोग को दिये थे तीन नाम और निशान :** उद्धव ठाकरे ने जानकारी दी थी कि उप चुनाव के लिए उन्होंने चुनाव आयोग को तीन नाम और तीन निशान के विकल्प दिये थे। निशान में त्रिशूल, उगता सूरज और मशाल शामिल थे। वहीं, पार्टी के नाम शिवसेना बाला साहेब ठाकरे, शिवसेना बालासाहेब प्रबोधनकर ठाकरे, शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे दिए गए थे। वहीं, शिंदे ने भी त्रिशूल, उगता सूरज और गदा चुनाव चिह्न मांगे थे। उन्हें आयोग ने इन तीनों में से कोई भी सिंबल नहीं दिए। वजह ये कि उगता सूरज डीएमके का चुनाव चिह्न है, वहीं त्रिशूल और गदा को धार्मिक चिह्न बताते हुए आयोग ने देने से इनकार कर दिया।

# मनाली में कंगना से मिलने उनके घर पहुंचे सीएम जयराम ठाकुर



**मनाली (एजेंसी)।** अपनी बेबाकी बयानबाजी को लेकर अकसर सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों राजनीति में आने को लेकर खबरें चल रही हैं। वहीं, इस बीच कंगना ने हिमाचल प्रदेश के सीएम जयराम ठाकुर से भी मुलाकात की जिसके बाद सियासी चर्चाएं जोरों पर हैं। दरअसल, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में चल रहे दशहरा उत्सव के बहाने सीएम जयराम ठाकुर ने बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत के साथ मुलाकात की है। इस दौरान मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे, तो वहीं कंगना के साथ उनका परिवार भी साथ में रहा। इस दौरान उनकी मां और पिता भी मौजूद रहे। बता दें कि इन दिनों कंगना मनाली स्थित अपने घर आयी हुई हैं। वहीं, मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के घर सिमसा में नाश्ता भी किया। मुलाकात के बाद कंगना ने कहा कि आज मुख्यमंत्री जयराम से घर पर भेंट हुई है। उनकी सादगी और हिमाचल के लिए प्रेम की भावना दोनों ही प्रेरणात्मक है।

कंगना ने बताया कि माता जी ने मुख्यमंत्री जी के लिये नाश्ते में बबरु और भल्ले बनाये थे, जो उन्होंने बड़े स्नेह से ग्रहण किये। कंगना ने कहा कि मंत्री गोबिंद सिंह मेरे पड़ोसी हैं, फिर भी इतने सालों में आज उनसे मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं, अब कंगना से इस तरह से मुलाकात को लेकर जहां सियासी चर्चाएं जोरों पर हैं वहीं इससे पहले आयी खबरों को लेकर कंगना ने साफ कर दिया था कि राजनीति में उन्हें कोई दिलचस्पी नहीं है।

# भारत ने अफगानिस्तान को भेजी चिकित्सीय सहायता की 13वीं खेप

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अफगानिस्तान के लोगों को आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सीय उपकरणों की 13वीं खेप मंगलवार को काबुल पहुंचायी है। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि अफगानिस्तान के लोगों के साथ विशेष संबंधों को ध्यान में रखते हुए उनकी तात्कालिक जरूरतों के अनुरूप आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सीय सामग्री की 13वीं खेप भेजी है। भारतीय अधिकारियों ने काबुल के इंदिरा गांधी बाल चिकित्सालय को यह सामग्री सौंपी। इस सामग्री में पीडियाट्रिक स्टेथोस्कोप, स्फाइग्मो मैनोमीटर मोबाइल टाइप एवं पीडियाट्रिक बीपी कफ, ड्रिप चैंबर सेट, इलैक्ट्रो कॉटरी नाइलॉन सूचर आदि शामिल हैं। भारत ने अफगानिस्तान के लोगों के लिए अब तक 45 टन चिकित्सीय सहायता की आपूर्ति की है जिनमें पांच लाख खुराक कोविड के टीके, तपेदिक निरोधक सामग्री शामिल है। इसके अलावा 40 हजार टन गेहूं की भी आपूर्ति की गयी है।




# पाकिस्तान में 15 दिन में चौथी हिंदू लड़की का अपहरण

**पेशावर (एजेंसी)।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ क्रूरता और जुल्म बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामले मे सिंध प्रांत के हैदराबाद शहर में एक हिंदू लड़की का अपहरण कर लिया गया व हिंदू युवक का जबरन धर्मांतरण के अलावा महिला से सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटनाए सामने आयी हैं। चिंता का विषय यह है कि पिछले 15 दिनों में यहां हिंदू लड़कियों के अपहरण का यह चौथा मामला है। लड़की के माता-पिता के अनुसार, चंद्र मेहराज का अपहरण हैदराबाद के फतेह चौक इलाके से उस समय किया गया था, जब वह घर लौट रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस में शिकायत कर दी गयी है लेकिन लड़की अभी तक नहीं मिली है। यह मामला अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की चार महिलाओं का अपहरण करने और उन्हें जबरन इस्लाम में परिवर्तित करने के कुछ दिनों बाद आया है, जो पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ किये गये अत्याचारों को प्रकाश में लाता है। 24 सितम्बर को नसरपुर इलाके से मीना मेघवार नाम की 14 वर्षीय लड़की का अपहरण कर लिया गया था और मीरपुरखास कस्बे में घर लौटते समय एक अन्य लड़की का अपहरण कर लिया गया था। वहां के सिंध प्रांत में एक हिंदू युवक को जबरन इस्लाम धर्म कुबूल कराया गया है। जबकि पंजाब प्रांत में एक खेतिहर हिंदू महिला को बेरहमी से पीटा गया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लरकाना सिंध स्थित जामिया इस्लामिया मस्जिद में अजय कुमार नाम के युवक को जबरदस्ती इस्लाम कुबूल कराया गया है।



### महिला से गैंगरेप व युवक का जबरन धर्मांतरण

**नौ** अक्टूबर को मौलाना राशिद महमूद सूमरू, जमीयत उलेमा-ए-सिंध के महासचिव की मौजूदगी में इस धर्मांतरण को अंजाम दिया गया। इससे पहले, बहावलपुर में पिछले साल अगस्त में अनीता नाम की लड़की को अगवा करके जबरन इस्लाम कुबूल करवाया गया था। इस तरह की घटनाएं वहां लगातार बढ़ रही हैं और सरकार व प्रशासन से पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर, पंजाब प्रांत के बहावलपुर शहर में पगार लेने पहुंची खेतिहर हिंदू महिला कुसुम बाई को उसके नियोक्ता ने अकरम पहले तो बुरी तरह से पीटा और उसकी अगली सुबह अपने छह साथियों के साथ उसके घर में घुसकर सामूहिक दुष्कर्म किया। इन लोगों ने स्वजनों को कसकर रस्सी से बांध दिया। उसके बाद महिला के साथ मनमानी की। पीड़िता के स्वजनों का आरोप है कि उनको धमकी दी गयी है कि अगर पुलिस में शिकायत दर्ज करायी तो वे लोग सभी की हत्या कर देंगे। वहीं, एक अन्य घटना में सिंध प्रांत के लरकाना के घासपीढ़ी इलाके में 70-80 साल पुराने वाल्मीकि मंदिर का मरम्मत कार्य रोक दिया गया। इससे आक्रोशित वाल्मीकि समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने पाकिस्तान सरकार पर भेदभाव करने के आरोप लगाये गये। दूसरी ओर पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (पीएसजीपीसी) ने मुल्क में गुरुद्वारों की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि कुछ गुरुद्वारों पर अतिक्रमण करके कब्जा किया जा रहा है।



## न्यूज गैलरी

### बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्धता 400 पर पहुंची

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विगत सोमवार को मुंबई में बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म में 400 वीं कंपनी के सूचीबद्धता समारोह में भाग लिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस बीएसई एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म में आठ नयी कंपनियों की लिस्टिंग के साथ, बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म ने 400 सूचीबद्ध कंपनियों की उपलब्धि हासिल की है। श्री गोयल ने विशेष अवसर को चिह्नित करने के लिए आज औपचारिक घंटी बजाई। बीएसई लिमिटेड ने मार्च 2012 में सेबी द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों के अनुसार बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म की स्थापना की थी। इस अवसर पर उन्होंने कहा, ह्ल बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म के लिए 400 कंपनियां एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। बीएसई एसएमई कंपनियों के लिए मुख्य एक्सचेंज में प्रवेश करने के लिए एक मंच भी बन सकता है।

### शेयर बाजार पर मंदी की मार सेंसेक्स 844 अंक टूटा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईटी और मेटल सेक्टर में कमजोरी के कारण घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन लाल निशान पर बंद हुए। मंगलवार को अंतिम एक घंटे की बिकवाली में सेंसेक्स 844 अंक गिरकर 57147 अंकों पर तो निफ्टी 257 अंक टूटकर 16983 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। मंगलवार को जेएसडब्ल्यू के शेयरों में छह प्रतिशत तो जोमैटो के शेयरो में पांच प्रतिशत की गिरावट दिखी। मंगलवार को सेंसेक्स के 30 शेयरों में 28 शेयर लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को अंतिम एक घंटे में मेटल, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव दिखा। बाजार में सबसे ज्यादा कमजोरी रियल्अी इंडेक्स में आई और यह 3.07 प्रतिशत तक टूट गया। इसके अलावा, निफ्टी आईटी इंडेक्स में 1.99 प्रतिशत, निफ्टी मेटल में 2.20 प्रतिशत, निफ्टी फार्मा में 1.55 प्रतिशत, निफ्टी ऑटो 1.62 प्रतिशत और निफ्टी बैंक में 0.97 प्रतिशत की गिरावट नजर आई। इससे पहले अमेरिकी बाजारों में सोमवार को कमजोरी के बाद मंगलवार को भारतीय बाजार भी लाल निशान पर खुले थे। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 166.40 अंकों की गिरावट के साथ 57,802.14 अंकों पर कारोबार करता दिखा। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 55.35 अंकों की गिरावट के बाद 17,185.65 अंकों पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका और चिप स्टॉक्स में गिरावट के कारण सोमवार को नैस्डैक जुलाई 2020 के बाद सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ।

### सेबी चीफ ने निवेशकों को दी जरूरी सलाह, बोलीं- ना माने तो डूबेगा पैसा



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) की प्रमुख माधबी पुरी बुच ने निवेशकों को बाजार में सावधानी से निवेश करने की सलाह दी है। उन्होंने निवेशकों को सावधान रहने के साथ निवेश करने से पहले सतर्कता बरतने की सलाह दी है। सेबी चीफ ने कहा है कि बाजार की अटकलों के आधार पर निवेश करने का फैसला ना करें। सिर्फ सेबी के पास पंजीकृत इंटरमीडिएट्स के माध्यम से कारोबार करें। सेबी चीफ ने सोमवार को कहा कि निवेशकों को अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग अपने वित्तीय लक्ष्यों के अनुरूप करनी चाहिए और उसी अनुसार फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स का चयन करना चाहिए। बुच ने वर्ड इन्वेस्टर वीक के मौके पर एक संदेश में कहा कि कुछ मूलभूत फंडामेंटल्स जैसे नियमित बचत और एक डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो में निवेश के पहले हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। बता दें कि वर्ल्ड इन्वेस्टर वीक (डब्ल्यूआई डब्ल्यू) का आयोजन इंटरनेशनल सिक्योरिटीज कमीशन ऑर्गेनाइजेशन (आईओसीओ) की ओर से 10 से 16 अक्तूबर के बीच किया जा रहा है।

# विराट कोहली की इनरवियर कंपनी बड़ा दांव लगाने की तैयारी में, इस काम के लिए जुटा रही 412 करोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली के इनरवियर और स्लीपवियर ब्रांड डल्ली8 की कंपनी 50 लाख डॉलर जुटाने की तैयारी कर रही है। लक्स इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी आरटिमस फैंशन वन8 के ब्रांड नाम से इनरवियर और स्लीपवियर प्रोडक्ट्स की बिक्री करती है। इस कंपनी ने आने वाले हफ्तों में 50 लाख डॉलर (412 करोड़ रुपये) जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन पैसों का इस्तेमाल कंपनी मार्केटिंग और अपने प्रोडक्ट्स की रिटेलिंग में करेगी। कंपनी को उम्मीद है कि अगले 18 महीने में इसके वन8 प्रोडक्ट्स की बिक्री के लिए 40 फ्रेंचाइजी स्टोर्स हो जाएंगे जिसमें 8 फ्रेंचाइजी स्टोर्स से पहले ही समझौता हो चुका है। कंपनी के एमडी निश्चल पुरी का कहना है कि इसे लक्स इंडस्ट्रीज के साथ मिलकर 30 करोड़ रुपये के लोन से शुरू किया गया। यह लक्स ब्रांड की मैन्यूफैक्चरिंग करती है, डिजाइन, मार्केटिंग और रिटेलिंग करती है। कंपनी के प्रीमियम इनरवियर का मार्केट करीब 12 फीसदी और आने वाले दिनों में कंपनी ने ईबीआईटीडीए मार्जिन को 18-20 फीसदी पर ले जाने का लक्ष्य रखा है। वन8 की



लाइसेंस ओनर कॉर्नरस्टोन स्पोर्ट एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड है जो कोहली के जर्सी नंबर 18 को दिखाती है। आरटिमस फैशन कॉर्नरस्टोन को रॉयल्टी का भुगतान करती है। आरटिमस फैशन का वित्त वर्ष 2022 में 26 करोड़ रुपये का टर्नओवर था और इस वित्त वर्ष में कंपनी

> कंपनी के प्रीमियम इनरवियर का मार्केट करीब 12 फीसदी और आने वाले दिनों में कंपनी ने ईबीआईटीडीए मार्जिन को 18-20 फीसदी पर ले जाने का लक्ष्य रखा है। वन8 की लाइसेंस ओनर कॉर्नरस्टोन स्पोर्ट एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड है जो कोहली के जर्सी नंबर 18 को दिखाती है।

को उम्मीद है कि यह 45 करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा। कंपनी का फोकस मुख्य रूप से टियर-1 शहरों पर है और इसकी बिक्री रिटेल और ई-कॉम्‍र्स दोनों प्लेटफॉर्म पर लगभग बराबर है। इस ब्रांड की देश में 5 हजार रिटेल स्टोर्स और अमेजन, फ्लिपकार्ट और मिंत्रा के जरिए बिक्री होती है। पुरी के मुताबिक भारत में इनरवियर का मार्केट करीब 32 हजार करोड़ रुपये का है जिसमें पुरुषों के प्रोडक्ट्स की करीब 30 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी को उम्मीद है कि कोहली के दम पर वह इस मार्केट में बड़े हिस्से पर कब्जा कर सकेगी।

# टेक्नो ने मल्टी कलर चेजिंग स्मार्टफोन किया पेश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ग्लोबल प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो मोबाइल ने अपने लेटेस्ट मल्टी कलर चेजिंग स्मार्टफोन कैमोन 19 प्रो मोंड्रियन को लॉन्च कर दिया है। पॉलीक्रोमैटिक फोटोइसोमर तकनीक के साथ भारत का अपने सेगमेंट में पहला मल्टी-कलर-चेंजिंग स्मार्टफोन है। यह टेक्नोलॉजी स्मार्टफोन के मोनोक्रोम बैक कवर पर रौशनी पड़ने पर कई अलग-अलग रंगों को बदल-बदल कर दिखाती है, जिससे एक बेहतरीन अनुभव मिलता है। यह इनोवेशन सिस्टम अल्ट्रावॉयलेट लाइट के तहत प्रकाश संश्लेषण का उपयोग करती है, जिससे रंगहीन आणविक समूह क्रोमोजेनिक बन जाते हैं और रंगहीन हो जाते हैं। इस स्मार्टफोन का डिजाइन मोंड्रियन आर्ट से प्रेरित है। इस प्रॉडक्ट को यूएसए म्यूज डिजाइन अवार्ड और इटली के ए डिजाइन अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसकी शुरूआती कीमत 17,999 रुपये है। ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन और हाइब्रिड इमेज स्टेबिलाइजेशन के साथ, स्मार्टफोन खराब रोशनी की स्थिति में भी अच्छी फोटो क्लिक करने की क्षमता रखता है। स्मार्टफोन में 50एमपी कैमरा के साथ 50एमएम गोल्डन फोकस पोर्टेट है, जिसे मानव आंखों के सबसे करीब फोकस कहा जा सकता है। स्मार्टफोन 300% तक बढ़ी हुई फोकस गति से लैस है जो लेजर डिटेक्शन फोकस का उपयोग करके अधिक सटीक छवियों को कैप्चर करने में सक्षम बनाता है।

# भारतीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के 2025 तक 13 अरब डॉलर के होने का अनुमान



> राह
> रिपोर्ट भारत में अंतरिक्ष पारितंत्र के विकासशील घटकों को सामने लाती है और इसमें भारत में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के परिदृश्य एवं देश में इससे सामाजिक आर्थिक विकास में तेजी आने की संभावना को कवर किया गया है।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में अंतरिक्ष एवं उपग्रह कंपनियों के शीर्ष उद्योग संघ इंडियन स्पेस एसोसिएशन (इस्पा) ने आज कहा कि वर्ष 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के 13 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इस्पा ने अपने प्रथम स्थापना दिवस पर ईवाई के साथ मिलकर एक रिपोर्ट तैयार किया है जिसके आधार पर यह अनुमान जताया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष इस्पा को लांच किया था। यह रिपोर्ट भारत में अंतरिक्ष पारितंत्र के विकासशील घटकों को सामने लाती है और इसमें भारत में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के परिदृश्य एवं देश में इससे सामाजिक आर्थिक विकास में तेजी आने की संभावना को कवर किया गया है। इस्पा के अध्यक्ष जयंत डी पाटिल ने कहा उनके संगठन ने पिछले एक वर्ष में नीति संबंधी परामर्श, उद्योगपतियों के साथ बातचीत में उल्लेखनीय प्रगति की है। हमारी परिचर्चा में विभिन्न मंत्रालयों और संस्थानों की ओर से सहयोग और पूरे साल हमारे सदस्यों की भागीदारी की सराहना करते हैं और हमें यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता है कि इस्पा 50 सदस्यों वाला एक मजबूत संगठन है और महज एक वर्ष में यह संख्या सात से बढ़कर 50 पहुंची है। यह हमारे उन प्रयासों का प्रमाण है जिसे सही दिशा में श्रृंखलाबद्ध किया जा रहा है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में सितंबर में 14,077 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश

**मुंबई (एजेंसी)।** शेयर बाजार में उथलपुथल के वर्तमान माहौल में भी भारत में शेयरों में निवेश पर केंद्रित इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं के प्रति निवेशकों का आकर्षण बढ़ा है और सितंबर 2022 में इन योजनाओं ने शुद्ध रूप से 14,077 करोड़ रुपये का नया निवेश आकर्षित किया। इससे पहले अगस्त में इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में 5,942.2 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सितंबर में निवेशकों ने हाइब्रिड फंड योजनाओं से कुल मिला कर 2,688 करोड़ रुपये की पूंजी की शुद्ध निकासी की। अगस्त में भी इन योजनाओं में से 6,601.6 करोड़ की निकासी हुई थी। इस दौरान लिक्विड फंड योजनाओं से निवेश की 59,970 करोड़ रुपये की भारी निकासी दर्ज की गयी। एक्सचेंज ट्रेडेट फंड (ईटीएफ) में शुद्ध निवेश



10,808 करोड़ रुपये रहा, जबकि ऋण जोखिम बीमा उत्पाद में निवेश वाली योजनाओं में से 492 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की गयी। सितंबर में ऋण पत्रों में निवेश वाली योजना से कुल शुद्ध निकासी 65,372 करोड़ रुपये रही, जबकि अगस्त में इनमें से कुल मिलाकर 49,164 करोड़ रुपये निकाले गए थे। कॉरपोरेट बॉन्ड फंड में निवेश करने वाली योजनाओं में शुद्ध विनिवेश 2,926 करोड़ रुपये रहा। देश म्यूचुवल फंडों के प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति (एयूएम) सितंबर 2022 के अंत में 38.42 लाख करोड़ रुपयेथी।

# अडानी ग्रुप का ग्रीन एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड स्टॉक बना रॉकेट, कल कंपनी ने की थी बड़ी खरीदारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विगत सोमवार को अडानी समूह को लेकर एक खबर आई। जिसका असर आज यानी मंगलवार को अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में देखने को मिला है। जहां एक तरफ लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में शेयर बाजार का बुरा हाल है। तो वहीं, दूसरी तरफ मंगलवार को अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में सुबह 2 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बीएसई में कंपनी के शेयर आज 2,186 रुपये के लेवल पर ओपन हुए और देखते ही देखते कंपनी के शेयर 2,200 रुपये के लेवल पर पहुंच गए। इस साल अबतक कंपनी के शेयरों में 60 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। बता दें, अडानी ग्रीन एनर्जी के 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 3050 रुपये है। आइनॉक्स विंड की यूनिट आइनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज ने तीन स्पेशल यूनिट्स में अपनी समूची इक्विटी हिस्सेदारी अडानी ग्रीन एनर्जी को बेच दी है। आइनॉक्स विंड ने बीएसई को भेजी सूचना में कहा कि अपनी सब्सडियरी यूनिट आइनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड के जरिये विंड वन रिनर्जी लिमिटेड विंड थ्री रिनर्जी लि. और विंड फाइव रिनर्जी लि. में अपनी इक्विटी हिस्सेदारी अडानी ग्रीन एनर्जी को बेच दी है। सूचना में कहा गया है कि इन विशेष इकाइयों ने सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (एसईसीआई-1) के पहले चरण के तहत गुजरात के दयापार में हासिल 250 मेगावॉट की परियोजना में से 50-50 मेगावॉट को चालू किया है।

# आरबीआई ने कैंसिल कर दी सेवा विकास को-ऑपरेटिव बैंक लि. बैंक का लाइसेंस



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पुणे स्थित एक बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि कंपनी की कमाई की संभावनाओं और पूंजी की कमी के कारण लाइसेंस कैंसिल किया गया है। अगर आपका भी इस बैंक में खाता है, तो आइए जानते हैं आपके पैसे का क्या होगा और बैंक के लाइसेंस रद्द होने से जमाकर्ताओं पर क्या प्रभाव पड़ेगा। रिजर्व बैंक की ओर से 10 अक्टूबर, 2022 को एक आदेश जारी किया गया है, जिसमें दी सेवा विकास को-ऑपरेटिव बैंक लि. पुणे, महाराष्ट्र का लाइसेंस कल यानी सोमवार से रद्द कर दिया गया है। लाइसेंस रद्द होने से बैंकिंग बिजनेस भी नहीं कर सकता है। इस बैंक के सभी तरह के व्यवसाय को बंद कर दिया गया है। इसके अलावा, आरबीआई ने कहा कि सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार, महाराष्ट्र से भी बैंक को बंद करने और बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने के लिए रिक्वेस्ट किया है। बयान में कहा है कि पुणे स्थित को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ धारा 11(1) और धारा 22 (3)(डी) के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर किया गया है।

# इस नवरात्रि कारों की हुई बंपर बिक्री

## धनतेरस और दिवाली में भी धमाल की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भले ही इस त्योहारी सीजन में कंज्यूमर मल्टीप्लेक्स न गए हैं लेकिन उन्होंने कारों की खरीदारी में कोई कोताही नहीं बरती है। इस नवरात्री देश में कारों के शोरूम के बाहर लंबी कतारें देखने को मिली हैं। डिलीवरी पीरियड में आई गिरावट, बढ़ती सप्लाई और मजबूत पेंट-अप डिमांड (रुकी हुई मांग) के चलते देश का टॉप फाइव कार मेकरों ने इस नवरात्रि में बंपर बिकवाली की है। फेडरेशन ऑफ ऑटो मोबाइल डीलर्स एसोसिएशन्स ने नवरात्रि के रिटेल ऑटो बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा है कि 3 साल के लंबें अंतराल के बाद कस्टमर्स एक बार फिर जोरदार तरीके के शोरूमों की तरफ रुख करते नजर आए हैं। एफएडीए ने बताया है कि साल 2022 की नवरात्रि में कुल रिटेल ऑटो बिक्री में सालाना आधार पर 57 फीसदी की बढ़त देखने को मिली है। एफएडीए के आंकड़ो के मुताबिक इस नवरात्रि टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, कमर्शियल व्हीकल, पैसेंजर व्हीकल और ट्रैक्टर बिक्री में सालाना आधार पर क्रमशः 52 फीसदी, 115 फीसदी, 48 फीसदी, 70 फीसदी और 58 फीसदी की बढ़त देखने को मिली है। भारत की दिग्गज कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि नवरात्रि में ऑटो इंडस्ट्री की रिटेल बिक्री लगभग 175000 इकाई थी, जबकि इसी अवधि के दौरान मारुति ने अकेले 81000 इकाइयों की बिक्री की।

# अडाणी समूह को मिला गंगावरम बंदरगाह का बड़ा हिस्सा



> ◆पूर्वी तट पर इस बंदरगाह से कोयला लौह अयस्क, उर्वरक, चुना पत्थर, बॉक्साइट, चीनी, एल्यमिना, इस्पात आदि की ढुलाई होती है और इससे पूर्वी तट से लगे राज्यों और मध्य क्षेत्र के आठ से अधिक राज्यों को सुविधा होती है।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अरबपति गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले अडाणी समूह की बंदरगाह कंपनी अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने विगत सोमवार को बताया कि राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) अहदाबाद और एनसीएलटी हैदराबाद से उसे आंध्र प्रदेश के गंगावरम बंदरगाह लिमिटेड (जीपीएल) की 58.1 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी मिल गयी है। कंपनी ने कहा है कि इसके साथ जीपीएल एपीएसईजेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन जाएगी। एपीएसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक करन अडाणी ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण भारत की सबसे बड़ी परिवहन सुविधा कंपनी के रूप में हमारी स्थिति मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मुकाम है। इससे हमें पूर्वी और पश्चिमी तट पर बराबरी के साथ काम करने की स्थिति हासिल होगी। गंगावरम बंदरगाह पर एपीएसईजेड द्वारा विश्व-स्तरीय लॉजिस्टिक्स सुविधाएं किये जाने के साथ आंध्र प्रदेश में उस बंदरगाह से सालाना 25 करोड़ टन तक माल की ढुलाई की जा सकती है। पूर्वी तट पर इस बंदरगाह से कोयला लौह अयस्क, उर्वरक, चुना पत्थर, बॉक्साइट, चीनी, एल्यमिना, इस्पात आदि की ढुलाई होती है और इससे पूर्वी तट से लगे राज्यों और मध्य क्षेत्र के आठ से अधिक राज्यों को सुविधा होती है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान गंगावरम से तीन करोड़ टन माल की ढुलाई हुयी थी जिससे 1,206 करोड़ रुपये की आय और 796 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ हुआ था।

# बैंक ऑफ अमेरिका की चेतावनी, अमेरिका में हर महीने जा सकती है 1,75,000 लोगों की नौकरियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूरी दुनिया की तरह अब अमेरिका के लोगों को भी महंगाई की मार का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका में बढ़ती महंगाई को काबू करने के लिए अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व लगातार ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर रहा है। बैंक ऑफ अमेरिका का कहना है कि ब्याज दरों में बढ़ोतरी का प्रभाव अगले साल की शुरूआत से दिखना शुरू हो जाएगी। आने वाले समय में हर महीने करीब 175,000 लोगों के बेरोजगार होने का खतरा है। बता दें कि सितंबर में अमेरिका में जॉब मार्केट स्ट्रॉन्ग बना रहा लेकिन जल्दी ही यह स्थिति बदल सकती है। फेड रिजर्व के आक्रामक तरीके से ब्याज दरों में इजाफा करने से जल्दी ही सब चीजों की मांग प्रभावित हो सकती है। बैंक ऑफ अमेरिका ने विगत शुक्रवार को



एक रिपोर्ट में कहा था कि साल की चौथी तिमाही में जॉब ग्रोथ आधी रहने की सम्भावना है। महंगाई के खिलाफ फेड रिजर्व के उपायों से अगले साल की शुरूआत में नॉन-फार्म सेक्टर की नौकरियों पर संकट आ सकता है, इससे पहली तिमाही में हर महीने करीब 175,000 लोगों की नौकरी जाने का खतरा है, रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में पूरे साल लोगों को नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बैंक ऑफ अमेरिका में यूएस इकनॉमिक्स के हेड माइकल गैपन ने कहा कि अगले साल की पहली छमाही में मंदी देखने को मिल सकती है। देश में बेरोजगारी की दर 3.5 फीसदी है जो 1969 के बाद न्यूनतम स्तर है लेकिन गैपन का कहना है कि अगले एक साल में देश में बेरोजगारी की दर 5 से 5.5 फीसदी पहुंच सकती है। हालांकि फेड ने अगले साल इसके 4.4 फीसदी रहने का ही अनुमान बताया है। अमेरिका में महंगाई को काबू में करने के लिए फेड रिजर्व द्वारा पिछले चार दशक

> ■ फेड रिजर्व के अधिकारियों का कहना है कि उनका लक्ष्य महंगाई को काबू में करना है, फिर चाहे इकॉनमी मंदी में ही क्यों न फंस जाए।

में सबसे तेजी से ब्याज दरों में इजाफा किया जा रहा है। फेड रिजर्व के अधिकारियों का कहना है कि उनका लक्ष्य महंगाई को काबू में करना है, फिर चाहे इकॉनमी मंदी में ही क्यों न फंस जाए। गैपन ने कहा कि लेबर मार्केट में छह महीने तक कमजोरी बनी रह सकती है। हालांकि अच्छी बात यह है कि सबका मानना है कि सबका मानना है कि बेरोजगारी दर 2020 या 2008 की तरह नहीं होगी। अप्रैल 2020 में देश में बेरोजगारी की दर 15 फीसदी पहुंच गई थी।

# रेलवे ने बदला टिकट बुकिंग का नियम, यात्रा से पहले जान लें पूरी सिस्टमय वरना नहीं मिलेगी सीट

**नई दिल्ली।** यदि आप भी ट्रेन के सफर को प्राथमिकता देते हैं तो यह खबर आपके काम की है। आजकल अधिकतर लोग ऑनलाइन बुकिंग कराते हैंए ऐसे में आपको बदले हुए नियमों के बारे में जानकारी होना जरूरी है। दरअसलए आईआरसीटी ;प्त्ब्ज्ब्द्ध ने एप और वेबसाइट के माध्यम से टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव किया है। रेलवे की तरफ से बदले गए नियम के अनुसार आपको टिकट बुकिंग के लिए अपना अकाउंट वेरिफाई कराना होगा। आईआरसीटी के अनुसार अब यूजर्स को ऑनलाइन टिकट बुकिंग से पहले मोबाइल नंबर और ई.मेल आईडी का वेरिफिकेशन कराना जरूरी है। ई.मेल आईडी और मोबाइल नंबर के वेरिफिकेशन के बिना ऑनलाइन टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। दरअसलए ऐसे लाखों आईआरसीटीसी अकाउंट हैं, जिन्होंने कोरोना के बाद से ऑनलाइन टिकट बुक नहीं कराए हैं।

# पेज एक के शेष

### लातेहार में टाना...

लातेहार सदर थाना प्रभारी अमित कुमार समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गये। जिसमें तीन महिला कांस्टेबल भी शामिल हैं। सभी का इलाज सदर अस्पताल में किया गया। उग्र प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के दौरान पुलिस को आंसू गैस का उपयोग करना पड़ा। पुलिस ने इस दौरान पानी की बौछारें भी बरसायीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज भी किया। टाना भगतों ने इस दौरान पुलिस पीसीआर वाहन को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। टाना भगतों के प्रदर्शन के दौरान अदालत परिसर में मौजूद सभी न्यायिक पदाधिकारियों को पीछे के रास्ते से निकाला गया। साथ ही न्यायिक पदाधिकारियों के आवास की सुरक्षा भी बढ़ायी गयी है। पुलिस ने 10 से अधिक टाना भगतों को हिरासत में लिया है।

### साइबर अपराधियों के...

जैसा था। डीटीओ कार्यालय से जब पुलिस ने मामले की जांच करायी तो सामने आया कि बार कोड का इस्तेमाल कर वाहन चोर गिरोह फेक आरसी कार्ड का इस्तेमाल कर रहे है। शुरुआत में यह लगा था कि डीटीओ ऑफिस से किसी कर्मचारी की मिलीभगत से इस तरह के फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जा रहा है, लेकिन मामले की जांच के बाद यह मालूम हुआ कि बार कोड का इस्तेमाल कर कोई भी इस तरह से आरसी बुक तैयार कर सकता है।

#### पुलिस के लिए परेशानी का सबब

**वाहन** चोर गिरोह के सदस्यों की यह नयी टेक्नोलॉजी पुलिस और परिवहन विभाग दोनों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। पुलिस हर दिन वाहन चेकिंग अभियान चलाती है, लेकिन उसके पास इतना समय नहीं होता है कि वह हर वाहन का चेचिस नंबर और इंजन नंबर चेक कर सके। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस नंबर प्लेट ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ आर्म्स की चेकिंग करती है कि कोई हथियार के साथ तो नहीं घूम रहा है। बहुत कम समय ही पुलिस के द्वारा आरसी बुक के आधार पर चेचिस व इंजन नंबर का मिलान कर चेकिंग किया जाता है।

#### एसएसपी ने जारी किया है आदेश

**डीटीओ** ऑफिस से मिली जानकारी के बाद वाहन चेकिंग अभियान के सिस्टम को बदला जा रहा है। अब वाहन चेकिंग में लगे पुलिसकर्मी इंजन और चेचिस नंबर दोनों ही चेक कर रहे हैं। रांची डीटीओ के द्वारा भी इस मामले को लेकर विभाग को अलर्ट किया गया है।

## न्यूज गैलरी

### स्टंप माइक्रोफोन विवाद : आईसीसी ने आरोन फिंच को लगायी फटकार

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच टी-20 विश्व कप शुरू होने से कुछ दिन पहले स्टंप माइक्रोफोन के कारण विवादों में फंस गये, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उन्हें स्पष्ट सुनाई देनेवाले अपशब्दों के लिए फटकार लगायी है। यह घटना ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के रविवार को खेले गये पहले मैच में इंग्लैंड की पारी के 9वें ओवर के दौरान घटी जब यह 35 वर्षीय खिलाड़ी विकेट के पीछे कैच की अपील ठुकराए जाने पर अपना आपा खो बैठा और उन्होंने मैदानी अंपायर सैम नोगाज्स्की और डोनोवन कोच के लिए अपशब्दों का उपयोग किया। इंग्लैंड ने यह मैच आठ रन से जीता था। फिंच को लगा था कि गेंद जोस बटलर के बल्ले को छूकर विकेटकीपर मैथ्यू वेड के पास पहुंची है। जब अंपायरों ने उनकी अपील को अनदेखा कर दिया तो फिंच ने अपशब्दों का उपयोग किया जिसे स्टंप माइक्रोफोन ने पकड़ लिया था। फिंच को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो कि किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान स्पष्ट सुनाई देनेवाले अपशब्दों से संबंधित है।

### असफल क्रिकेटर कहे जाने पर आकाश चोपड़ा ने ट्रोलर को दिया करारा जवाब

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने क्रिकेट की दुनिया में कमेंटेटर और क्रिकेट एक्सपर्ट के तौर पर अलग पहचान बनाई है। इसी का नतीजा है कि उनका नाम कमेंटेटर और क्रिकेट एक्सपर्ट के तौर पर प्रमुखता से लिया जाता है। हालांकि, यह कोई छिपी हुई बात नहीं कि क्रिकेट एक्सपर्ट के तौर से जाने वाले आकाश चोपड़ा का खुद का क्रिकेट करियर शानदार नहीं रहा। इसी का नतीजा है कि वह सोशल मीडिया पर अपने करियर को लेकर ट्रोल होते रहते हैं। उनके करियर पर सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया पर एक यूजर ने उन्हें ट्रोल करते हुए 'असफल क्रिकेटर' करार दिया, जिस पर चोपड़ा ने अब अपनी चुप्पी तोड़ी है।

# बीसीसीआई अध्यक्ष पद पर रोजर बिन्नी, सचिव के लिए जय शाह का नाम आगे

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआई में प्रमुख पदों के लिए चुनाव की प्रक्रिया मंगलवार (11 अक्टूबर) से शुरू हो गयी है। इस दौरान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव पद के लिए चुनाव होंगे। 11 और 12 अक्टूबर को इन पदों के लिए नामांकन होगा। 13 अक्टूबर को फॉर्म की जांच की जायेगी। फिर 18 अक्टूबर को चुनाव होगा। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व क्रिकेटर रोजर बिन्नी का नाम सबसे आगे है। वहीं, वर्तमान सचिव जय शाह इसी पद के लिए फिर से अपना नामांकन कर सकते हैं।

राजीव शुक्ला उपाध्यक्ष पद के दावेदार हो सकते हैं। भाजपा विधायक आशीष शेलार कोषाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी कर सकते हैं। फिलहाल अरुण धूमल कोषाध्यक्ष हैं और उन्हें आईपीएल चेयरमैन बनाये जाने की संभावना है। संयुक्त सचिव पद के लिए देबोजित शौकिया नामांकन कर सकते हैं। मालूम हो कि सौरव गांगुली बीसीसीआई के अध्यक्ष हैं, लेकिन वह चुनाव लड़ेंगे या नहीं, इस पर अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। चर्चा है कि गांगुली को आईपीएल चेयमैन का पद ऑफर किया जा रहा है, लेकिन वह आईसीसी चेयरमैन के लिए अपनी दावेदारी कर रहे हैं।

पिछले गुरुवार को भी बोर्ड के कई दिग्गजों ने अहम बैठक की थी। दिल्ली में हुई मीटिंग में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली, सचिव जय शाह, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन, कोषाध्यक्ष अरुण धूमल, आईपीएल चेयरमैन बृजेश पटेल समेत कई बड़े अधिकारी शामिल हुए थे।

**गांगुली का कार्यकाल 23 तक :** गांगुली ने 23 अक्टूबर 2019 को बीसीसीआई अध्यक्ष का पद संभाला था। वहीं, जय शाह 24 अक्टूबर 2019 को बीसीसीआई के सचिव बने थे। दोनों का कार्यकाल अक्टूबर 2022 में खत्म हो रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी पर बीसीसीआई से जुड़े संविधान में संशोधन भी किया गया है। इसके मुताबिक, गांगुली और जय शाह दोनों चाहें तो कार्यकाल 2025 तक जारी रख सकते हैं।

❍ बीसीसीआई अध्यक्ष पद पर गांगुली 2025 तक रह सकते हैं, लेकिन वह बनना चाहते हैं आईसीसी अध्यक्ष



## पहली बार महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में थाईलैंड

**सिलहट (एजेंसी)।** थाईलैंड ने बांग्लादेश और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मुकाबला बारिश के कारण रद्द होने के बाद मंगलवार को पहली बार महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। बंगलादेश को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये मंगलवार को यूएई के खिलाफ टी20 मुकाबले में जीत दर्ज करनी थी। वह अंक तालिका में चौथे नंबर पर विराजमान थाईलैंड से दो अंक पीछे थे, हालांकि उनका नेट रन रेट ज्यादा था। यदि बंगलादेश यह मुकाबला जीत जाती तो वह रन रेट के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बना लेती, लेकिन लगातार बारिश के कारण मैच को एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। गौरतलब है कि थाईलैंड ने महिला एशिया कप 2022 में अपने अभियान की शुरूआत बंगलादेश के खिलाफ हार के साथ की थी, जबकि अपने आखिरी मुकाबले में उन्हें भारत के हाथों परास्त मिली थी। इसके बावजूद थाईलैंड ने पाकिसतान, यूएई और मलेशिया के खिलाफ जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनायी।




# तीसरा वनडे सात विकेट से जीता भारत

❍ 12 साल बाद अपनी धरती पर साउथ अफ्रीका को वनडे सीरीज में 2-1 से हराया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज को टीम इंडिया ने 2-1 से जीत लिया है। यह 12 साल के बाद पहला मौका है, जब भारतीय टीम ने अपनी सरजमीं पर साउथ अफ्रीका से कोई वनडे सीरीज जीती है। इससे पहले 2010 में टीम इंडिया ने आखिरी बार 2-1 से सीरीज जीता था। वहीं, 2015 में धोनी की कप्तानी में पांच मैचों की वनडे सीरीज में भारत को 2-3 से हार मिली थी। तीसरे वनडे में टीम इंडिया ने सात विकेट से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी अफ्रीकी टीम 27.1 ओवर में 99 रन पर ऑलआउट हो गयी। यह साउथ अफ्रीका का भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले 1999 में भारत ने अफ्रीकी टीम को 117 रन पर ऑलआउट किया था। भारत के लिए सबसे ज्यादा चार विकेट कुलदीप यादव ने लिये। वहीं, शाहबाज अहमद, मोहम्मद सिराज और वाशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट मिले। जवाब में भारत ने 19.1 ओवर में तीन विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

### वनडे में दक्षिण अफ्रीका के नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड

**भारत** के खिलाफ वनडे सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 99 रन ढेर कर दिया। भारतीय गेंदबाजों के आगे दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेनी (35) को छोड़ कोई अन्य खिलाड़ी 20 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया। इसी के साथ ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ के खिलाफ एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी जुड़ गया है। दक्षिण अफ्रीका ने 23 साल बाद भारत के खिलाफ वनडे मैच में सबसे कम स्कोर बनाया है। इससे पहले नैरोबी में 1999 में दक्षिण अफ्रीका के भारत के खिलाफ सबसे कम स्कोर (117) स्कोर बनाया था। वहीं, ओवरऑल की बात करें तो यह दक्षिण अफ्रीका का चौथा सबसे कम स्कोर है। इससे पहले इंग्लैंड ने द. अफ्रीका को मैनचेस्टर में 2022 में और नॉटिंघम में 2008 में 83 रन पर रोक दिया था। वहीं, द. अफ्रीका का सबसे लो स्कोर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में 1993 में आया था जब टीम मात्र 69 रन पर ऑल आउट हो गई थी।

# टी-20 : दीप्ति शर्मा ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने महिला एशिया कप 2022 में शानदार प्रदर्शन की बदौलत अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी टी-20 रैंकिंग हासिल कर ली है। आईसीसी की ओर से मंगलवार को जारी रैंकिंग के अनुसार दीप्ति ने टी-20 महिला गेंदबाजों की रैंकिंग में 724 पॉइंट के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन विकेट और बांग्लादेश और थाईलैंड के खिलाफ दो-दो विकेट लिये और तीन स्लॉट आगे बढ़कर गेंदबाजों की रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गयी। उन्होंने साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को पीछे छोड़ दिया है और अब वह केवल इंग्लैंड के स्पिनरों सोफी एक्लेस्टोन और सारा ग्लेन से पीछे है। शर्मा भी बल्लेबाजों में एक स्थान ऊपर 35वें स्थान पर पहुंच गयी हैं और ऑस्ट्रेलिया के एशले गार्डनर को पछाड़कर हरफनमौला खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों में उनका नंबर तीन का स्थान भी करियर की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। भारत की रेणुका सिंह (तीन पायदान के फायदे से आठवें स्थान पर), स्नेह राणा (30 पायदान के फायदे से 15वें स्थान पर) और पूजा वस्त्राकर (सात पायदान के फायदे से 28वें स्थान पर) ने गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार किया है। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत की जेमिमा रोड्रिग्स आठवें से छठे स्थान पर आ गयी हैं, जबकि बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना (तीन पायदान के फायदे से 22वें) और उनकी साथी मुर्शिदा खातून (10 पायदान के फायदे से 27वें) को भी फायदा हुआ है।





